दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
n वर्ष : 10 अंक : 233 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 16 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

# मुख्यमंत्री आवास में फूल खिले गुलशन गुलशन, हताश चेहरे खिल उठे

**सीएम हाउस में आयोजितजनसुनवाई कार्यक्रम में बिल्कुल आम इंसान की जैसे लोगों से मिले भजन लाल**

## करीब 2 घंटे तक आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा का मिलनसार और मधुर व्यवहार लोगों में बना रहा चर्चा का विषय

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को आयोजित हुआ जनसुनवाई का कार्यक्रम कई लोगों के लिए सुखद अनुभव साबित हुआ जो लोग पहली बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलने आए थे उन्हें यह लगा ही नहीं कि वे किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं क्योंकि लोगों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने पुराने चिर परिचित अंदाज में ही मुस्कुराते हुए आम इंसान की तरह लोगों से उनकी समस्याएं सुन रहे थे और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत शिकायतों का समाधान करने के निर्देश भी देते रहे, जो लोग पूर्व में मुख्यमंत्री शर्मा से मिल चुके थे वह तो उनके स्वभाव और उनके व्यवहार से परिचित थे लेकिन जो सोमवार को पहली बार उनसे मिले तो उन्हें यह यकीन ही नहीं हो रहा था कि वह किसी मुख्यमंत्री से बातचीत कर रहे हैं क्योंकि भजनलाल शर्मा एक एक पीड़ित व्यक्ति से इस तरह से मिल रहे थे जैसे वे उनके गहरी पुराने मित्र या परिचित हैं उनका व्यवहार और सादगी कई देर तक वहां लोगों में चर्चा का विषय बनी रही इस जनसुनवाई के कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से लोग आए थे जो लोग आए उनकी समस्याएं सड़क पानी बिजली पेंशन भूमि विवाद पुलिस कृषि कनेक्शन राजस्व इत्यादि विभागों से संबंधित थी इसलिए जितनी भी समस्याएं सोमवार को मुख्यमंत्री को मिली उन सभी समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करने के लिए वहां पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को भी सप्ताह में दो दिन जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पाबंद किया हुआ है इसमें एक जनसुनवाई का कार्यक्रम जयपुर स्थित मंत्रियों के आवास पर तो दूसरा मंत्रियों के निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित करने को सुनिश्चित किया हुआ है इसलिए भजनलाल सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा भी नियमित रूप से जयपुर स्थित सरकारी आवास पर नियत तिथि पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं तो दूसरी तरफ सरकार के सभी मंत्री भी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित करते हैं ।

जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के जनसुनवाई के कार्यक्रम में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है कई लोग ऐसे भी हैं जो मुख्यमंत्री को नजदीक से देखने की चाहत में आते हैं तो अधिकांश लोग ऐसे भी हैं जो यह सोचकर आते हैं कि अगर मुख्यमंत्री के पास जाएंगे तो निश्चित रूप से उनकी शिकायत का समाधान होगा इसलिए मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाले जनसुनवाई के कार्यक्रम में लोगों की भीड़ अब लगातार बढ़ती जा रही है हालांकि अब राजस्थान सरकार की ओर से आओ गांव चले और आओ शहर चले अभियानों का संचालन किया जा रहा है इन अभियानों के माध्यम से प्रदेश की शहरी और ग्रामीण जनता अपनी तमाम तरह की शिकायतों और तकलीफों का समाधान निकाल पाएंगे इसलिए कहा जा रहा है कि हो सकता है आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री आवास पर लोगों की भीड़ थोड़ा काम हो जाए क्योंकि आओ गांव चले और आओ शहर चले अभियान में जब लोगों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा तो फिर वह क्यों समय और पैसा खर्च करके जयपुर आएंगे ।

जनसुनवाई कार्यक्रम के समापन के बाद जब जयपुर टाइम्स ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर लोगों से बातचीत की तो जो लोग अपनी समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे उनमें अधिकांश ने मुख्यमंत्री के व्यवहार और सादगी की जमकर तारीफ की लोगों का कहना था कि उनकी शिकायतें दूर होगी या नहीं यह अलग विषय है लेकिन जिस इंसानियत और मानवता के साथ मुख्यमंत्री ने उनसे बातचीत की उसके बाद उन्हें अब अपनी शिकायत को लेकर ज्यादा चिंता नहीं है क्योंकि उनकी चिंता उस समय ही दूर हो गई थी जब मुख्यमंत्री भजनलाल ने उनसे आत्मीय भाव से मुलाकात की और उनकी शिकायत को सुना कुल मिलाकर लोगों का कहना यही था कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिस तरह से पीड़ित लोगों से मुलाकात कर रहे थे इस तरह से तो गांव का सरपंच भी बात नहीं करता जिस तरह से मुख्यमंत्री लोगों की समस्याएं सुन रहे थे इसलिए जनसुनवाई कार्यक्रम के समापन के कई देर बाद तक भी भजन लाल शर्मा का व्यवहार लोगों की जुबान पर छाया रहा । जानकारी के अनुसार प्रत्येक सोमवार को भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं अगर शर्मा जयपुर में रहते हैं तो वे खुद लोगों से उनकी समस्याओं के लेटर ज्ञापन इत्यादि लेते हैं या फिर किसी कारणवश अगर किसी सोमवार को वे जयपुर से बाहर रहते हैं तो मुख्यमंत्री आवास में तैनात अधिकारियों को जनसुनवाई कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी हुई है इसलिए मुख्यमंत्री के अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री आवास में नियुक्त अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनके निवारण का प्रयास करते हैं । जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अपने यहां आने वाले लोगों की समस्याओं के निदान की प्रक्रिया पर भी नजर जमाए रखते हैं जनसुनवाई कार्यक्रम में कितनी समस्याएं आई कौन से विभाग की कितनी समस्याएं हैं और कितने लोगों की समस्याओं का निवारण हुआ कितने लोगों की समस्याओं का निवारण नहीं हुआ और अगर समस्याओं का निवारण नहीं हुआ तो क्यों नहीं हुआ इन सब बातों का फीडबैक नियमित रूप से लेते रहते हैं इसलिए मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जनसुनवाई का कार्यक्रम औपचारिक तौर पर ही आयोजित नहीं होता बल्कि इस कार्यक्रम से लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिले इस पर मुख्यमंत्री का पूरा फोकस है ।

# बिहार की तुलना बीड़ी से करते हैं कांग्रेस आरजेडी: नरेंद्र मोदी

### 1 दिन के बिहार दौरे पर पीएम मोदी ने बिहार को 40000 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के एकदिवसीय दौरे पर थे जहां पर उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन किया । मोदी ने हरी झंडी दिखाकर पूर्णिया से पहले कमर्शियल फ्लाइट को रवाना किया साथ ही चार ट्रेनों की सौगात भी दी है यहीं से बिहार को 40 हजार करोड़ की योजनाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफा भी दिया । यहां आयोजित सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कहा कि कांग्रेस और राजद हमेशा बिहार की तुलना बीड़ी



से करते हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस हमेशा अपने परिवार की चिंता में रही और अपने परिवार का कल्याण किया जबकि मोदी के लिए जनता ही उसका परिवार है इसलिए मैं कहता हूं सबका साथ सबका विकास द्य उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद बिहार को आगे बढ़ना नहीं देख सकते वोट बैंक के लिए राजद और कांग्रेस उनके बचाव में उतर गई है मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद हमेशा घुसपैठियों की वकालत करती रही है लेकिन भारत में भारत का कानून चलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन 22 सितंबर से देश में जीएसटी एकदम कम हो जाएगी आपकी रोजमर्रा की जरूरत पर भारी कमी की गई है माता बहनों की रसोई का खर्च बहुत कम होने वाला है खाने की चीज काम हो जाएगी त्यौहार में बच्चों के लिए नए कपड़े खरीदना सस्ता हो जाएगा उन्होंने कहा कि सीमांचल और पूर्वी भारत में घुस बेटियों के कारण डेमोग्राफिक के कारण कितना बड़ा संकट खड़ा हो चुका है बिहार बंगाल असम कई राज्यों के लोग अपनी बहन बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं इसलिए भी मैंने डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है लेकिन वोट बैंक का स्वास्थ्य देखिए कांग्रेस राजद और उसके एक सिस्टम के लोग घुसपैठ करने वाले लोगों की वकालत करने में जुटे हुए हैं उन्हें बचाने में लगे हुए हैं बेशर्मी के साथ विदेश से यहां आकर घुसपैठ करने वाले लोगों केलिए यह लोग यात्राएं निकाल रहे हैं नारे लगा रहे हैं द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद के राज में हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं आम थी वहीं अब एनडीए की सरकार में महिलाएं जीविका दीदी और द्रोणदीदी बन रही है । मोदी ने राजद और कांग्रेस के नेताओं से कहा कि कान खोलकर सुन लो घुसपैठ करने वालों को देश से बाहर जाना ही होगा जो लोग इन्हें बचाने में जुटे हैं उन्हें बता दूं भारत में भारत का कानून चलेगा द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने मखाना और मखाना किसने की भी उपेक्षा की जो आज यहां घूम रहे हैं उन्होंने मेरे आने से पहले मखाने का नाम भी नहीं सुना होगा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब तक हर गरीब को पक्का घर नहीं मिल जाता और तब तक मोदी रुकने वाला नहीं हम लोग 3000 नए घर बनाने जा रहे हैं । इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी भाषण प्रस्तुत किया इसके अलावा कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद भी मौजूद रहे ।

# भजनलाल सरकार सभी वर्गों के साथ न्याय कर रही है : रामदास अठावले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले सोमवार को जयपुर दौरे पर थे जयपुर दौरे के दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल सरकार सभी वर्गों के साथ न्याय कर रही है सबका साथ सबका विकास जो मोदी सरकार का नारा है उस नारे को राजस्थान में भजनलाल सरकार पूरी तरह से सरकार कर रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से पूरे देश में सबसे बड़ा प्रदेश है जहां पर प्रदेश की कुल आबादी में 16' अनुसूचित जाति और 12' अनुसूचित जनजाति की आबादी है जिनके विकास और कल्याण के लिए प्रदेश के भजनलाल सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में घुसकर भारत की मिलिट्री ने आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह किया 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के कप्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे और हमने ऑपरेशन सिंदूर में मोदी की कप्तानी में मैच जीता कल दुबई में भी हमने पाकिस्तान से मैच जीता उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर राजनीति नहीं करनी चाहिए केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि मोदी सरकार ने जन धन योजना शुरू की थी जिसमें पूरे देश में अब तक 56 करोड़ 37 लाख 95 हजार लोगों के बैंक अकाउंट खुल गए हैं जो कुल आबादी के 45' लोगों के अकाउंट खुले हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान में जनधन योजना के तहत 3 करोड़ 75 लाख 22 हजार लोगों के बैंक अकाउंट खुले हैं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के



तहत देश में 54 करोड़ 69 लाख 96 हजार लोगों को लोन मिला है इस योजना में 50000 से 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जाता है अब 10 लाख से सीमा बढ़ाकर 21 लाख कर दी गई है उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 2 करोड़ 34 लाख 42000 लोगों को रन मिला है केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत देश में 10 करोड़ 36 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन मिला है जिसमें राजस्थान में 76 लाख 77 000 परिवारों को गैस कनेक्शन वितरित किए गए केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर जाति और बिरादरी के लोगों के साथ न्याय कर रही है हर जाति और बिरादरी के लोगों का समान रूप से सर्वांगीण विकास कर रही है और राजस्थान में भी हर जाति और बिरादरी के लोगों का बहुत अच्छी तरह से विकास किया जा रहा है ।

# नेपाल में अंतरिम सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार, तीन कैबिनेट मंत्री बने

**जयपुर(कासं.)**। नेपाल में सोमवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया, अंतरिम सरकार में तीन नेताओं को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है । नेपाल में प्रदर्शन भारी हिंसा और केपी शर्मा के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अब धीरे-धीरे शांति बहाली हो रही है नेपाल के सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश सुशील कार्की के देश की नई प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद उन्होंने सोमवार को अपनी कैबिनेट में तीन-तीन नेताओं को जगह दीहै । सोमवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित नेपाली राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में कुलमान घिशिंग ओम प्रकाश और रामेश्वर खनल ने मंत्री पदकी शपथ ली है । कुलमान को ऊर्जा और शहरी विकास भौतिक अवसंरचना मंत्रालय ओमप्रकाश को विधि एवं गृह मंत्रालय तथा रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्रालय का कार्यभार सोपा गया है उल्लेखनीय है कि नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ नेपाल के युवाओं की ओर से व्यापक स्तर पर पिछले दिनों विरोध प्रदर्शन किया गया था जिसमें पूरे नेपाल में जबर्दस्त हिंसा के हालात बन गए थे कई राजनेताओं के घर जला दिए गए थे प्रधानमंत्री केपी ओली और कई सांसदों के ठिकानों को जला दिया गया था पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को भी जिंदा जला दिया गया था हालात बेकाबू हो गए थे।

# वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, मुस्लिम समुदाय को राहत

### कई धाराओं पर रोक लगाकर सरकार और मुस्लिम समुदाय के बीच संतुलन बनाने की कोशिश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ कानून को लेकर फैसला सुनाया इस फैसले से जहां मुस्लिम समुदाय को बड़ी राहत मिली है तो दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने कई धाराओं पर रोक लगाकर सरकार और मुस्लिम समुदाय के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है साथ ही यह भी कहा है कि कई अन्य प्रावधानों में अंतरिमचरण में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने फैसले में इस शर्त पर रोक लगा दी गई है कि किसी व्यक्ति को कम से कम 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयाई होना चाहिए यह पाबंदी तब तक रहेगी जब तक की राज्य सरकार इस मुद्दे को लेकर नियम नहीं बना लेती है सुप्रीम कोर्ट ने




अतिक्रमण के विवाद पर सरकारी अधिकारी द्वारा निर्णय लंबित रहने तक सरकार को वक्फ भूमि की मान्यता देने वाले प्रावधानों पर रोक लगा दी है जब तक ट्रिब्यूनल या न्यायालय द्वारा स्वामित्व के प्रश्न का निर्णय नहीं हो जाता तब तक विवादित वक्फ भूमि प्रभावित नहीं होगी इसके अलावा न्यायालय ने कहा है कि विवाद का निर्णय होने तक ऐसी भूमि पर किसी तीसरे पक्ष के अधिकार का सृजन नहीं किया जाना चाहिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर मुस्लिम सदस्यों की संख्या चार से अधिक नहीं हो सकती और राज्य वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों की संख्या तीन से अधिक नहीं हो सकती सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में राज्य वक्फ बोर्ड के सीईओ के रूप में किसी गैर मुस्लिम को अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक नहीं लगाई हालांकि न्यायालय ने कहा है कि जहां तक संभव हो किसी मुस्लिम व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्रेशन की शर्त में हस्तक्षेप नहीं किया 5 वर्षों तक इस्लाम का पालन करने की शर्त पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा की धारा 3 (1) का यह प्रावधान है कि किसी व्यक्ति को वक्फ बनाने के लिए 5 वर्षों तक इस्लाम का पालन करना आवश्यक है तब तक स्थगित रहेगा जब तक राज्य सरकारी यह निर्धारित करने के लिए कोई तंत्र प्रदान करने हेतु नियम नहीं बना लेती की कोई व्यक्ति 5 वर्षों या उससे अधिक समय से इस्लाम का पालन कर रहा है या नहीं इस तंत्र के बिना यह प्रावधान शक्ति के मनमाने प्रयोग को बढ़ावा देगा हालांकि न्यायालय ने यह टिप्पणी की की 5 साल की प्रैक्टिस की यह शर्त अपने आप में मनमानी नहीं है क्योंकि दुरुपयोग को रोकने के लिए यह आवश्यक थी न्यायालय ने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय से बाहर के किसी भी व्यक्ति द्वारा केवल वक्फ अधिनियम के संरक्षण का लाभ उठाने लेनदारों को हराने और एक विश्वसनीय समर्पण की आड़ में कानून से बचने के लिए इस्लाम धर्म अपनाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता हालांकि क्योंकि निर्धारित करने की कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए न्यायालय ने राज्यों द्वारा नियम बनाए जाने तक कि प्रावधान पर रोक लगा दी ।

### *सरकार के साथ विवाद लंबित रहने के दौरान वक्फ भूमि की मान्यता रद्द करने पर*

*सुप्रीम कोर्ट ने धारा 3 सी(2) के इस प्रावधान पर रोक लगा दी गई है कि कथित अतिक्रमण को लेकर सरकार के साथ विवाद में चल रही संपत्ति को तब तक वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा जब तक सरकार का नामित अधिकारी अतिक्रमण होने के बारे में अपनी रिपोर्ट पेश नहीं कर देता साथ ही न्यायालय ने धारा 3 सी(3) पर भी रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि यदि नामित अधिकारी यह निर्धारित करता है की संपत्ति सरकारी संपत्ति है तो उसे राजस्व अभिलेखों में आवश्यक सुधार करने होंगे और इस संबंध में राज्य सरकार को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी ।*

### *कलेक्टर की फैसले के अधिकार पर रोक*

*सुप्रीम कोर्ट ने कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर फैसला लेने के अधिकार पर रोक लगा दी है अदालत ने कहा है कि कलेक्टर को संपत्तियों के अधिकार निर्धारित करने की अनुमति देना शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के विरुद्ध है सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कार्यपालिका को नागरिकों के अधिकार निर्धारित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती ।*

### *बोर्ड में में गैर मुस्लिम के संबंध में*

*सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्रीय वक्फ परिषद में 22 में से चार से अधिक गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे इसी प्रकार संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत गठित बोर्ड में 11 में से तीन से अधिक गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जो पदेन सचिव है को मुस्लिम समुदाय से नियुक्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
16 सितम्बर, 2025


## मुक्केबाजी प्रतियोगिता स्थगित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि 21 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जा रही है इसके स्थान पर संघ द्वारा 2004 से 2006 के बीच जन्मे हुए केवल बालकों की चयन प्रतियोगिता दिनांक 17 सितंबर 2025 को इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से 19 से 21 सितंबर तक झुंझुनू में होने वाली राज्य स्तरीय स्पर्धा हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## ब्राह्मण समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर आयोजित हुई बैठक



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** ब्राह्मण समाज राजगढ़ की ओर से आगामी 25 अक्टूबर होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर सोमवार को परशुराम भवन में श्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। श्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने बताया कि राजगढ़, रैणी, टहला सहित आसपास के विप्र समाज के बच्चे जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं और स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बालक-बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा। वहीं समाज के दिनेश शास्त्री ने बताया कि जिन्होंने अक्टूबर 2024 से अक्टूबर 2025 के मध्य राजकीय सेवा में नियुक्त हुए हैं या किसी अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनका भी सम्मान श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ द्वारा किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से 9 मार्च 2025 को समाज के हुए चुनाव में प्रयुक्त हुई सामग्री, कांउटर फाइनल आदि चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा एवं अशोक पालीवाल तथा कार्यकारिणी की मौजूदगी में नष्ट किये गये। वहीं परिवार में होने वाले मांगलिक कार्यों में आये दिन किन्नर बधाई लेने आते हैं जो परिवारों को डरा धमकाकर मोटी रकम वसूल रहे को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में लाडली शरण शर्मा, दिनेश शास्त्री, विपिन भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा, अशोक पालीवाल, गिर्राज प्रसाद, सुरेश्वर दयाल, बाबूलाल, दिनेश, कमलेश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध, सूचनार्थी को मिलेगा 15 हजार रुपये का इनाम

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत 1 जुलाई 2022 से देशभर में चिन्हित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, ब्रिकी एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित जुयाल बताया कि इस प्रतिबंध के अंतर्गत प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर वड्स, प्लास्टिक झंडे, डिस्पोजबल थर्माकोल प्लेट, कप, ग्लास, स्ट्रॉ, चम्मच-कांटे, प्लास्टिक शीट्स, बैनर तथा अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जनसहभागिता को बढ़ावा देने हेतु पुरस्कार योजना लागू की है। अब इस योजना में संशोधन करते हुए सूचनार्थी को रू15,000/- (पंद्रह हजार रुपये) का पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई व्यक्ति राजस्थान राज्य में ऐसी इकाई या उद्योग के बारे में विश्वसनीय सूचना प्रदान करता है जो प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग या सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण करती हो, तो उसकी सूचना के आधार पर उसे यह इनाम प्रदान किया जाएगा।



*अलवर। करियर मेंकर के छात्र तनिष्क उपाध्याय ने 69 वीं जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर 17 में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।*




*अलवर। कैरियर मेकर विद्यालय की छात्रा सोनम कुमारी को हिंदी दिवस पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा द्वारा सम्मानित किया गया गौरतलब है कि सोनम को यह सम्मान हिंदी विषय में 100 में से 100 अंक लाने पर मिला।*

# जिला कलक्टर ने ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर अभियान की तैयारी को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ली बैठक

### शिविरो में सभी पात्र व्यक्तियों को मौके पर लाभान्वित किया जावे, एवं जनोपयोगी कार्यों का निराकरण किया जावे



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट के वीसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर अभियान एवं स्वच्छता सेवा पखवाडे की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर एवं स्वच्छता सेवा पखवाडा आयोजित किया जाना है तथा इसके बाद सहकार सदस्य अभियान का आयोजन होगा अतः संबंधित अधिकारी शिविरों की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार की मंशानुसार शिविरों में किए जाने वाले आमजन के कार्यों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शिविरों में आमजन के किए जाने वाले कार्यों की पूर्ण तैयारी करें। प्रयास यह रहे हैं कि आमजन के मौके पर ही कार्य होवे। इसके लिए इन शिविरों का स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों का भी सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने दायित्वों की पूर्ण तैयारी करें। फील्ड के डाटा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को शिविरों में लाभांवित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राकृतिक आपदा के आर्थिक सहायता के प्रकरणों को संवेदनशीलता से लेते हुए इन पर त्वरित कार्यवाही की जावे। उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर पालिका क्षेत्र में कचरा निस्तारण स्थान को सुव्यवस्थित करावे जिसके लिए जहां कचरा निस्तारण स्थान निर्धारित नहीं हैं, वहां स्थान चिन्हित करे तथा जहां कचरा स्थान चिन्हित है उसकी बाउंड्री वाल एवं पौधारोपण आदि करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत सभी नगर पालिका क्षेत्रों में साफ-सफाई, झाडियां हटाने व सौन्दर्यकरण आदि के कार्य नियमित तौर पर कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर पालिका क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सडकों के टेम्पर समयबद्ध रूप में दुरूस्त करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करें तथा अतिक्रमण किए गए स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण होने वाली जनहानि, पशु हानि, भवनों के क्षतिग्रस्त होने व आकाशीय बिजली के प्रकारणों के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने सीईओ को निर्देश दिये कि सरिस्का में जाने वाली सडक को कचरा मुक्त करावे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि झूलते तारों की निर्धारित ऊंचाई करावे। उन्होंने विकास अधिकारियों को जिले की हर ग्राम पंचायत में जल प्रवाह व जल भराव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ कचरा स्थलों का चिन्हिकरण करावे तथा अतिक्रमण किए हुए स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करावे। उन्होंने शिविरों में आमजन के मूलभूत कार्य जैसे यूनिक आईडी जारी करने, आयुष्मान कार्ड वितरित करने, टीबी मुक्त अभियान सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सहकार सदस्यता अभियान, ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर अभियान के सफल आयोजन को लेकर कहा कि सभी जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने अधिनिस्टी कार्मिक की बैठक कर अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने ब्लॉक वाइज अधिकारियों से समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एक प्लानिंग बनाकर कार्य करें। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालूखे गौरव रविंद्र, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, नगर निगम आयुक्त जीतेन्द्र नरुका, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह, डीएसओ विनोद जुनेजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हेल्प आल फाउंडेशन ने पूरी की एक वर्ष की सेवा यात्रा

### कोई भूखा न सोए संकल्प के साथ मानवता का जश्न

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जहाँ भूख है वहाँ हेल्प आल फाउंडेशन है इस सोच को आधार बनाकर शुरू हुई यह संस्था अपनी सेवा यात्रा का एक वर्ष पूरा कर चुकी है। 14 सितम्बर 2024 को "कोई भूखा न सोए" के संकल्प के साथ शुरू हुई पहल ने एक साल में हजारों लोगों तक न सिर्फ भोजन पहुँचाया, बल्कि मानवता और उम्मीद का संदेश भी दिया। रविवार को इस अवसर पर अलवर में विशेष समारोह आयोजित हुआ। एक वर्ष में नियमित भोजन वितरण प्रतिदिन शाम को गरमा गरम भोजन उपलब्ध कराकर संस्था ने 100 से 150 जरूरतमंदों का पेट भरा, घायल और बीमार जानवरों के लिए दवाइयों की व्यवस्था कर उनके उपचार की ज़िम्मेदारी उठाई सर्दियों में ठिठुरन भरी रातों में कपड़े, कंबल और ऊनी वस्त्र बाँटकर गरीबों को राहत दी। समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर ज़रूरतमंद मरीजों को जीवनदान दिया कई लाभार्थियों का कहना है कि यह संस्था केवल पेट भरने का साधन नहीं बल्कि आत्मा को भी सुकून देने वाली है। कार्यक्रम में राजस्थान के वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए कहा ऐसे प्रयास समाज की आत्मा होते हैं आप सभी ने जिस संकल्प के साथ यह यात्रा शुरू की है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार ऐसे सामाजिक कार्यों में हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। इस अवसर पर चन्द्रप्रकाश सैन, विजय यादव, मुकेश कुमार, दीपक विरमानी, रूपेश कुमार, अनिल सैनी, रेखा महलावत, प्रवीण, लक्ष्मी, चुन्नू, डिंपल, संजय खंडेलवाल, हार्शित विरमानी, भीष्म शर्मा, ईशान जायसवाल व छवि जायसवाल सहित अनेक सहयोगी मौजूद रहे।

## वोट चोरी पर कांग्रेस का प्रहार अलवर में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** में जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक होटल स्वरूप विलास पैलेस में आयोजित हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी द्वारा उजागर की गई वोट चोरी की घटनाओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने की।

### नेताओं के विचार

मुख्य अतिथि एआईसीसी महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि "राहुल गांधी द्वारा सामने रखे गए तथ्य लोकतंत्र की आत्मा को हिला देने वाले हैं। यह केवल वोट चोरी नहीं बल्कि जनता की आवाज़ दबाने का षड्यंत्र है।" राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इसे पूरे देश की लड़ाई बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को "सड़क से लेकर सदन तक जनता के अधिकारों की रक्षा करनी होगी।" फूल सिंह ओला ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। के.के. शास्त्री ने कहा कि "अलवर जिला कांग्रेस का यह संकल्प पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बनेगा।"

### आगामी कार्यक्रम

बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 से 20 सितम्बर तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठकें, 21 से 30 सितम्बर तक मंडल व नगर कमेटियों की बैठकें तथा 1 से 15 अक्टूबर तक बूथ कमेटियों की बैठकें होंगी। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान को व्यापक रूप से चलाया जाएगा। सर्वाधिक हस्ताक्षर जुटाने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान मिलेगा।



### उपस्थित नेता व कार्यकर्ता

बैठक में सांसद संजना जाटव, विधायक ललित यादव, मांगेलाल मीना, पूर्व विधायक कृष्णमुरारी गंगावत, बलजीत यादव, जौहरी लाल मीणा, प्रत्याशी संजय यादव, आर्यन जुबेर, गोपालदास खटीक, गफूर खान, रोहिताश चौधरी, सुमन यादव, अजीत यादव, ललिता मीणा, बलराम यादव, गिरीश डाटा, हरिशंकर रावत, कमलेश सैनी, जीत कौर, लीली यादव, अभय सैनी, पंकज शर्मा, डॉ. संदीप सैनी समेत सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस तरह कांग्रेस ने अलवर से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर "वोट चोर गद्दी छोड़ो" के नारे को तेज करने का संकल्प लिया।

# जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### रीको, चिकित्सा, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, रसद एंव जिला परिषद विभाग को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतों को लेकर ना बैठे उनका निस्तारण कर आमजन को लाभान्वित करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग, रसद विभाग, रीको विभागों की पेंडेंसी अधिक होने पर आगाह कर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए साथ ही रीको, प्रदूषण नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, रसद एंव जिला परिषद विभाग के अधिकारियों को संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी ही मीटिंग में उपस्थित रहे तथा उच्च स्तर की बैठक में व्यस्त होने पर मीटिंग में आने वाले व्यक्ति को बैठक से संबंधी सभी जानकारी से अवगत कराकर ही मीटिंग में भेजें। उन्होंने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण विभाग, रीको, नगर निकाय के अधिकारियों को एवरेज डिस्पोजल सुधारने तथा आए हुए परिवादों को निश्चित समय अवधि में निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने 17 सितंबर से आयोजित होने वाले शहर चलो अभियान, गांव चलो अभियान की तैयारी हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं के लाभ एवं कैंप में दिए गए कार्यों को सही ढंग से पूर्ण करें, ताकि शिविर के दिन लाभार्थी को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि शिवरों की पूर्ण तैयारी कर लेवें। उन्होंने कहा कि शिवरों में क्षेत्र में सभी पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। जल भराव वाले क्षेत्रों पर दवाई छिड़कने के निर्देश दिए ताकि उनमें मलेरिया, डेंगू जैसे खतरनाक मच्छरों उत्पन्न ना हो। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को नगर निकाय क्षेत्रों में फॉगिंग कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जलदाय एवं विद्युत विभाग से पानी एवं बिजली सप्लाई की जानकारी प्राप्त कर आमजन को आधारभूत सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोष अधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग रमेश धहमीवाल, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## मूलभूत सुविधाओं के बावजूद बदहाल राजगढ़ चिकित्सालय, स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद फिर भी नहीं हो रही सीजेरियन डिलीवरी

जयपुर टाइम्स




**राजगढ़(निसं.)** कस्बे का सामुदायिक चिकित्सालय (सीएचसी) आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीज ओपीडी में आते हैं, फिर भी सुविधाओं और चिकित्सकों की लापरवाही का आलम यह है कि यहां इलाज कराने वाले मरीज असुविधा और अव्यवस्था का सामना करने को मजबूर हैं।

**दवाइयों व जांच का संकट**

मरीजों का कहना है कि अस्पताल में दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं, जबकि चिकित्सा विभाग का दावा है कि सभी दवाएं मौजूद हैं। डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवाइयां और जांच लिखते हैं। कई चिकित्सक वर्षों से यहां जमे हुए हैं और उन पर कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही है।

**इमरजेंसी और सफाई व्यवस्था चरमराई**

रात में गंभीर मरीज आने पर चिकित्सक अस्पताल में नहीं मिलते, उन्हें घर से बुलाना पड़ता है। एमओटी में सफाई की स्थिति बदतर है, स्टीचिंग बेंच की चादर कई दिनों तक नहीं बदली जाती, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**ट्रॉमा सेंटर प्रस्तावित, लेकिन सवाल कायम**

राजगढ़ सीएचसी में ट्रॉमा सेंटर प्रस्तावित है, जगह भी चिन्हित हो चुकी है। पुराने चिकित्सक क्वार्टर तोड़कर इसका निर्माण किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा का कहना है कि जल्द ही कार्यवाही होगी।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के बावजूद नहीं हो रही सिजेरियन डिलीवरी**

महिला चिकित्सालय में दो स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद हैं, फिर भी एक भी सीजेरियन डिलीवरी नहीं हो रही है। प्रतिदिन 10-12 प्रसव सामान्य रूप से होते हैं, लेकिन सीजेरियन मामलों को अलवर या जयपुर रेफर कर दिया जाता है।

**कार्रवाई का आश्वासन**

डॉ. योगेंद्र शर्मा ने कहा कि जल्द ही सीजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू होगी। यदि विशेषज्ञ इसे प्रारंभ नहीं करते तो उन्हें जिला चिकित्सालय बुला लिया जाएगा और स्वास्थ्य निदेशक को रिपोर्ट भेजकर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर की दवाइयां लिखने और अनावश्यक रेफर करने पर शीघ्र ही कठोर कदम उठाए जाएंगे। सवाल यह है कि जब सुविधाएं और विशेषज्ञ मौजूद हैं तो राजगढ़ के मरीज अब तक बदहाली झेलने को क्यों मजबूर हैं?

# ऑफिस में बैठना और फाइलों पर सिग्नेचर करना ही नहीं है हमारा कामः दिया कुमारी

## सड़क सुरक्षा के लिए सुषमा अभियान के समापन पर पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने अधिकारियों को चेताया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर दिया कुमारी के तेवर सोमवार को काफी तीखे दिखे उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के छोटे बड़े इंजीनियरों और अधिकारियों से साफ कहा कि ऑफिस में बैठना और फाइल पर सिग्नेचर करना करना ही मेरा और आपका काम नहीं है जब तक मैं और आप फील्ड में नहीं जाएंगे और हालातो को देखकर व्यवस्था नहीं सुधरेंगे तब तक काम नहीं होने वाला इसलिए जल भराव और बरसात की वजह से प्रदेश में जहां-जहां सड़क खराब हुई है चाहे वह किसी भी क्षेत्र से जुड़ी सड़क हो उस सड़क को जल्दी से जल्दी सुधारने का काम शुरू करें उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को यह लगना चाहिए की हां प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसलिए हम सब का दायित्व है कि हम जिम्मेदारी से पब्लिक से जुड़े कार्यों को ईमानदारी से करें उन्होंने कहा कि बदलाव तभी आता है जब सब मिलकर अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और गंभीरता से कार्य करते हैं उन्होंने कहा कि हमारी उस समय भी जिम्मेवारी बनती है जब हम सड़क पर किसी बाइक पर बिना हेलमेट के व्यक्ति को देखें तो तुरंत उसे रुकवाएं और उसे हेलमेट पहनने के लिए कहें ऐसा सभी को करना होगा तभी बदलाव आता है सिर्फ चालान काटने से बदलाव नहीं आएगा जानकारी के अनुसार सुषमा समापन अभियान में पीडब्ल्यूडी विभाग के बड़े अधिकारी मौजूद थे इसलिए पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर दिया कुमारी ने लगे हाथ अपने ही विभाग के अधिकारियों को भी हिदायत दे डाली । जानकार लोगों का कहना है कि इसमें कोई संदेह नहीं जयपुर जैसे बड़े राजघराने से ताल्लुक रखने के बाद भी जब से दिया कुमारी ने पॉलिटिक्स में कदम रखा है तब से ही हमेशा पब्लिक के बीच में रही है और लोगों की समस्याओं को नजदीकी से देखकर उनके निदान का प्रयास भी कर रही हैं इसी वजह से अब तक उन्होंने तीन चुनाव लड़े और तीनों चुनाव जीते यह तीनों चुनाव उन्होंने अलग-अलग जगह से लड़े इसके बावजूद भी हर चुनाव में उन्हें अच्छे मतों से जीत मिली जो यह साबित करता है कि पब्लिक से गहरे जुड़ाव के कारण ही उन्हें जीत मिलती है शायद इसी वजह से उन्होंने सोमवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की अच्छी खासी क्लास लगा ली । पत्रकारों से बातचीत के दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर जोरदार हमला बोला और कहा कि मैं खुद विधायक हूं राजस्थान विधानसभा में दूसरी बार विधायक बनी हूं लेकिन मैंने कभी भी राजस्थान विधानसभा में खुद को असुरक्षित महसूस नहीं किया लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता बिना वजह कैमरे विवाद को लेकर स्पीकर पर अवांछित बयान दे रहे हैं जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में कैमरे अब से नहीं बल्कि जो विधानसभा का निर्माण हुआ तब से ही है और यह कैमरे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए है सदन की कार्रवाई की प्रोसिडिंग के लिए यह कैमरे लगाए गए हैं ।

# प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को उत्कृष्ट बनाने और गति देने में जुटे भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने शिक्षा उच्च शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के विभाग के कार्यों की की समीक्षा, मदन दिलावर और संबंधित विभाग के अधिकारी भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के शिक्षा विभाग को और चमकाने में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं, शिक्षा के गुणात्मक सुधार और संस्थागत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ प्रदेश में शिक्षा विभाग से जुड़े सभी भवनों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण को लेकर भी मुख्यमंत्री शर्मा काफी गंभीर है इसी वजह से सोमवार को उन्होंने प्राथमिक शिक्षा उच्च शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के विभागों की समीक्षा की इस मौके पर मदन दिलावर और अन्य मंत्री तथा विभिन्न विभागों के संबंध बड़े अधिकारी मौजूदरहे । इस बड़ी मीटिंग में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शैक्षणिक पाठ्यक्रम शैक्षणिक सुविधा शैक्षणिक संस्थागत ढांचा जैसे विषय पर तो संबंधित अधिकारियों और मंत्री से गंभीरता से बातचीत की इसके अलावा प्रदेश में सरकारी स्कूलों के भवनों की वस्तु स्थिति का भी फीडबैक लिया पिछले दिनों झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे के बाद भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जर्जर स्कूलों की सूची तैयार करने को कहा था हालांकि यह सूची पहले ही तैयार कर ली गई थी इसके बाद में जर्जर स्कूलों की मरम्मत और अन्य कार्य शुरू ही किए गए थे इन तमाम कार्यों के बारे में भजनलाल शर्मा ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों से सवाल जवाब किया शिक्षा विभाग से जुड़ी इस अहम मीटिंग में प्राथमिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा में खाली पड़े शिक्षकों और अन्य पदों के बारे में भी मुख्यमंत्री ने विस्तार से जानकारी ली इसके अलावा स्कूलों के पाठ्यक्रम के संदर्भ में भी मुख्यमंत्री ने कई तरह की जानकारियां मांगी इस बैठक में मुख्यमंत्री ने छात्रों के योग, व्यायाम, प्राणायाम जैसे सब्जेक्टों पर भी गंभीरता से काम करने को कहा गया है ताकि स्कूलों में छात्रों का शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से विकास हो स्कूलों की साफ सफाई व्यवस्था शौचालय पीने का पानी बिजली जैसी व्यवस्थाओं पर भी मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने को कहा गया है । जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग संस्कृत विभाग और उच्च शिक्षा से संबंधित जो वादे भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए थे उनमें कितने वादे पूरे हो गए हैं और कितने वादे अधूरे हैं इन सब के बारे में भी मुख्यमंत्री ने फीडबैक लिया है इसके अलावा बजट घोषणाओं का इन सभी डिपार्मेंटों में क्रियान्वयन का कार्य कहां तक पहुंचा इसके बारे में भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से सवाल जवाब किया । मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई की एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों और स्कूल परिसर के आसपास नए पेड़ लगाए गए जिसमें छात्रों शिक्षको और स्कूल में पोस्टेड सभी कार्मिकों ने नए पेड़ लगाने में अपनी अहम भूमिका निभाई इसलिए स्कूलों में बड़े पैमाने पर लगाए गए नए पेड़ों की जानकारी सुनकर मुख्यमंत्री शर्मा काफी प्रसन्न हुए और इस मौके पर उन्होंने बड़ी संख्या में ज्यादा पेड़ लगाने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत भी किया जानकारी के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा है कि जो पेड़ लगाए गए हैं उनकी सुरक्षा भी जरूरी है जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कोशिश में है कि प्रदेश की सरकारी स्कूलों में नामांकन ज्यादा हो इसके लिए सरकारी स्कूलों के माहौल को स्वस्थ और अच्छा बनाने,शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने तथा छोटी बड़ी सभी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने की दिशा में सरकार काम करने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है ताकि पेरेंट्स सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करवा सके इसके अलावा प्राथमिक और प्राथमिक स्कूलों में सरकारी स्तर पर उपलब्ध करवाए जाने वाले दूध भोजन सामग्री इत्यादि की गुणवत्ता की नियमित रूप से जांच करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं क्योंकि अभी हाल ही में जिस तरह से दोसा में चूड़ियावास में एक स्कूल में दूषित भोजन खाने से कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी इसलिए इस तरह की घटनाएं दोबारा से ना हो इसके बारे में भी भजनलाल शर्मा ने सोमवार को ही बैठक में अधिकारियों को साफ निर्देश दिया है ।

## गहलोत ने एसओजी और एसीबी का दुरुपयोग कर दर्ज करवाए थे झूठे मुकदमेः मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ द्वारा ब्यावर निवासी भरत मालानी एवं उदयपुर निवासी अशोक सिंह को सहसम्मान बरी किए जाने का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल में विपक्ष से जुड़े निर्दोष व्यक्तियों को राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनाया। उन्होंने कहा कि सन् 2020 में अशोक गहलोत सरकार ने एसओजी और एसीबी का दुरुपयोग कर झूठे मुकदमे दर्ज करवाए, ताकि अपनी ही आंतरिक फूट और सत्ता संघर्ष को छुपाया जा सके। इस दौरान निर्दोष व्यक्तियों को लगभग एक माह तक जेल में रहना पड़ा। आज न्यायालय द्वारा एसीबी की प्रस्तुत फाइनल रिपोर्ट के आधार पर दोनों को बरी करना कांग्रेस सरकार की साजिशों और झूठे मुकदमों की पोल खोलता है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने उस समय अपने ही अंदरूनी संघर्ष और सचिन पायलट को कमजोर करने के लिए भाजपा समर्थित व्यक्तियों को टारगेट किया, लेकिन सच को दबाया नहीं जा सकता। आज न्यायालय ने साबित कर दिया है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि यह फैसला कांग्रेस की नाकाम राजनीति और झूठ की हार है तथा लोकतंत्र और न्याय की जीत है। राठौड़ ने कहा कि जनता सब देख रही है और कांग्रेस द्वारा रचे गए ऐसे षड्यंत्रों का परिणाम कांग्रेस को आने वाले चुनावों में भुगतना होगा। राठौड़ ने याद दिलाया कि उस समय अशोक गहलोत ने अपनी सरकार बचाने के लिए विधायकों को महीनों तक होटल में कैद रखा और वहीं से सरकार चलाई। यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ और सत्ता के लिए कांग्रेस का एक और काला अध्याय था। उसे छिपाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा दिए गए थे। गौरतलब है कि ब्यावर निवासी भरत मालानी एवं उदयपुर निवासी अशोक सिंह के विरुद्ध विधायकों की खरीद फरोख्त एवं सरकार गिराने के षड्यंत्र के आरोप में एसओजी में अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार द्वारा 2020 में शिकायत दर्ज करवाकर दोनों व्यक्तियों को अरेस्ट करवाया था तथा कुछ समय पश्चात उपरोक्त FIR में FR लगाकर इसी मामले में एक नई FIR एसीबी में दर्ज करवाई। इस मामले में दोनों व्यक्ति लगभग एक माह जेल में रहे थे।

## राज्यपाल ने आरपीएससी मेंबर मंजू शर्मा का इस्तीफा मंजूर किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आरपीएससी मेंबर मंजू शर्मा का इस्तीफा सोमवार को मंजूर कर लिया है घ उल्लेखनीय है कि मंजू शर्मा ने पिछले दिनों अपने पद से इस्तीफा दिया था हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद मंजू शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा देना मुनासिब समझा जिसे राज्यपाल ने मंजूर कर लिया है राजस्थान लोकसभा आयोग में 10 सदस्य हैं जिनमें 6 सदस्यों के पद अब रिक्त पड़े हैं सिर्फ चार सदस्य ही अभी पोस्टेड है इसलिए कहा जा सकता है कि कहीं ना कहीं बड़ी संख्या में आरपीएससी में मेंबर के जो पद खाली पड़े हैं उसकी वजह से कहीं ना कहीं आरपीएससी के कामकाज भी प्रभावित तो हो ही रहे हैं इसलिए जानकार लोगों का कहना है कि भजनलाल सरकार को जल्दी से जल्दी राजस्थान लोक सेवा आयोग में खाली पड़े पदों पर अच्छे और ईमानदार आदमियों को नियुक्त करना चाहिए ताकि राजस्थान लोक सेवा आयोग के कामकाज में पारदर्शिता और गतिशीलता आए उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग शिक्षक भर्ती परीक्षा और कई अन्य भर्ती परीक्षाओं के पेपर लिक जैसे मामलों में खूब चर्चा में रहा है पुलिस की ओर से राजस्थान लोक सेवा आयोग के कुछ सदस्यों को भी पेपर लिक के मामले में गिरफ्तार किया था इसके बाद हाईकोर्ट ने भी लंबित मामलों की सुनवाई में आरपीएससी में राजनीतिक नियुक्तियों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले कुछ लोगों पर उनकी भूमिका को लेकर टिप्पणी की थी इसके बाद आरपीएससी सदस्य मंजू शर्मा पर इस्तीफा देने का काफी दबाव आ गया था इसके बाद पिछले दिनों मंजू शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दिया मंजू शर्मा प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास की पत्नी है और अजमेर की रहने वाली है पिछली गहलोत सरकार में मंजू शर्मा को आरपीएससी का मेंबर बनाया गया था ।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों की विजय के लिये डॉ. सतीश पूनियां ने कहा, हल्दीघाटी की माटी दुनिया के सामने राजस्थान के इतिहास का स्वाभिमान

### दिल्ली देश का दिल है, यहां की नौजवान शक्ति जो फैसला करेगी उसको डोनाल्ड ट्रंप भी देखेगा कि हिंदुस्तान की छात्र शक्ति राष्ट्रवाद के साथ खड़ी है; डॉ. पूनियां

### दिल्ली विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों को जिताकर

### राष्ट्रवाद के विचार को मजबूत करें; डॉ. पूनियां

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**दिल्ली यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों के समर्थन में मरुकान्तर स्पंदन कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सब लोग राजस्थान की धरती के लोग हैं जहां हल्दीघाटी की माटी केवल माटी नहीं है, यह दुनिया के सामने राजस्थान के इतिहास का स्वाभिमान है। हल्दीघाटी की माटी में वह गूँज है कि महाराणा प्रताप मुगलों से आजादी के लिए इसलिए लड़े थे की मां भारती को मुगलों के चंगुल से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि, आप मीरां की धरती के हो, आप रामसा पीर की धरती के हो, आप वीर तेजाजी महाराज की धरती के हो, आप उस महाराजा सूरजमल की धरती के हो जिसने मूंछों पर ताव देकर दिल्ली पर चढ़ाई कर दी थी, इसलिए राजस्थान की शूरवीरों कि वह धरती जिसके बारे में कहा जाता है, राजस्थान की वह धरती जहां जीवन उत्सव है। जीवन का उत्सव तभी पूरा होता है, जब इस माटी के विचार के लिए जिन लोगों ने उत्सर्ग कर दिया, उनकी प्रेरणा का पथ पकड़कर हम सब राष्ट्रवाद के विचार और नारे को आगे बढ़ाएं। पूनियां ने कहा कि, मैं तो राजस्थान एक छोटे से किसान के घर में पैदा हुआ, एक लंबे संघर्ष से विद्यार्थी परिषद की राजनीति से यहां तक आया, आज मुझे गर्व है कि मैं राष्ट्रवाद के उस विचार से परिपूर्ण होकर के उसे विचार से साझा होकर आज आपके बीच में इस मंच पर खड़ा हूं। दिल्ली देश का दिल है, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली और देश का दिल है, यहां की नौजवान शक्ति जो फैसला करेगी उसको अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी देखेगा कि हिंदुस्तान की छात्र शक्ति राष्ट्रवाद के साथ खड़ी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशी आर्यन मान, गोविंद तंवर, कुणाल चौधरी, दीपिका झा के लिए आप लोगों से समर्थन के लिए इसलिए आया हूं यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने के लिए नहीं है, केवल एबीवीपी को जिताने के लिए नहीं है, यह विचार की लड़ाई उन लोगों से है जिनको भगवान राम के नाम पर ऐतराज है, जिनको वंदे मातरम पर ऐतराज है, जिनको तिरंगे पर ऐतराज है, जिनको भारत के संविधान पर ऐतराज है। आज राष्ट्रवाद के विरोधी लोग दिल्ली विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का कांग्रेस पार्टी का बैनर लेकर आए होंगे, लेकिन उनका इतिहास इसी तरीके का है, उस इतिहास से मुकाबला करने के लिए सामने जो छात्रशक्ति बैठी है, उनकी भुजाओं लहू में इतना दम है कि तिरंगे की आन के लिए विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों के समर्थन में मजबूती के साथ खड़े होंगे। नौजवान भाइयों और साथियों यह केवल कैंपस की लड़ाई नहीं है, यह उन लोगों के विचारों के खिलाफ लड़ाई है, इस देश के नौजवान आज भी तिरंगे के लिए शहादत देते हैं, मैं आप सबसे आग्रह करना चाहता हूं कि आप वह नौजवान हैं जो तिरंगे से मां भारती से से प्यार करते हैं, आप सबसे आग्रह है की विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशियों को जिताकर राष्ट्रवाद के विचार को मजबूत करें।

## सर्पदंश से बालिका की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़.(नि.सं.)।** गत शाम को गांव उंटालड़ में खेत मे बनी ढाणी मे सर्पदंश से गंभीर घायल स्थिति में कविता (4) पुत्री भीयाराम जाट को स्थानीय राजकीय अस्पताल लाया गया। जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक स्वर्णकार ने इमरजेंसी मे भर्ती कराया। डॉक्टर ने बच्ची की जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्वर्णकार ने शव को मोर्चरी में रखवाकर साण्डवा पुलिस को सूचित किया। सोमवार सुबह साण्डवा पुलिस सुजानगढ़ अस्पताल पहुंची तथा परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## बाड़मेर हत्याकांडः शादी के दबाव में प्रेमी ने प्रेमिका की सरिये से हत्या की

बाड़मेर जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। सीकर के खंडेला से आई प्रेमिका मुकेश कुमारी (37) की हत्या उसके प्रेमी मानाराम (38) ने कर दी। दोनों करीब एक साल पहले अखबार में छपे वैवाहिक विज्ञापन के जरिए संपर्क में आए थे। रिश्ते में नजदीकियां बढ़ीं और पीड़िता कई बार बाड़मेर आकर प्रेमी से मिलती रही। मुकेश कुमारी 10 सितंबर को बाड़मेर पहुंची और आरोपी के शहर स्थित घर में 5 दिन तक रही। वह शादी का दबाव बना रही थी, जिससे नाराज होकर सोमवार सुबह मानाराम ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर कई वार कर दिए। महिला की मौत हो गई। शव आरोपी की कार की ड्राइविंग सीट पर खून से लथपथ मिला। सूचना मिलते ही रीको थाना पुलिस, एसपी नरेंद्र कुमार मीणा और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि घटना से पहले आरोपी ने अपने वकील को फोन कर हत्या की जानकारी दी और खुद थाने जाने की बात कही। इसी आधार पर पुलिस ने उसे डिटेन कर लिया। पुलिस के अनुसार, मानाराम ग्रेड थर्ड शिक्षक है। उसकी शादी 2008 में हुई थी और दो बेटियां हैं। पत्नी से 2012 से विवाद चल रहा था और दोनों अलग रह रहे थे। वहीं, मृतका मुकेश कुमारी खंडेला में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थी। रविवार को जब मुकेश आरोपी के गांव उसके परिवार से मिलने पहुंची तो उसने इनकार कर दिया। नाराज होकर मुकेश ने पुलिस चौकी में शिकायत की थी कि उसे शादी का झांसा दिया गया है। हालांकि, औपचारिक परिवाद दर्ज नहीं हुआ और दोनों वहां से साथ निकल गए। इसके बाद झगड़े में हत्या कर दी गई।

## हाई कोर्ट 19 सितंबर को छात्र संघ चुनाव को लेकर दे सकता है फैसला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में छात्र संघ चुनाव संबंधी मामला हाईकोर्ट में लंबित है सोमवार को भी हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर सुनवाई हुई जिसमें बहस के दौरान एमिकस क्यूरी की ओर से यह बात भी प्रमुखता से उठाई गई की सुप्रीम कोर्ट ने भी लिंग दो ह कमेटी की सिफारिश में छात्र संघ चुनाव को मौलिक अधिकार माना है इसलिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरूओं का छात्र संघ चुनाव को तार्किक नहीं मानना बिल्कुल गलत है कानून के जानकार लोगों का कहना है कि हाई कोर्ट शायद अब इस मामले में जल्दी ही अपना फैसला दे सकता है इस मामले में अगली सुनवाई 19 सितंबर को है इसलिए संभावना यह है कि हो सकता है 19 सितंबर को हाई कोर्ट इस मामले में अपना कोई फैसला दे दे उल्लेखनीय है कि छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से पूर्व में जोरदार आंदोलन किए गए एनएसयूआई की ओर से राजधानी जयपुर में शहीद स्मारक पर विशाल प्रदर्शन किया गया था जिसमें सचिन पायलट और कांग्रेस पार्टी के कई नेता शामिल हुए थे जयपुर के अलावा कोटा जोधपुर उदयपुर अजमेर सभी शहरों में विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से चुनाव कराने की मांग को लेकर करने प्रदर्शन और रैलियां का आयोजन भी किया गया था अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से भी छात्र संघ चुनाव कराए जाने की और जोर मांग की गई थी लेकिन प्रदेश के भजन लाल सरकार इस मामले को लेकर मौन रही एक तरफ यूनिवर्सिटी प्रशासन यह कहकर की राजस्थान सरकार कहेगी तो हम चुनाव करवा देंगे तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार की ओर से साफ कह दिया गया कि पिछली गहलोत सरकार ने लिंग दो कमेटी की सिफारिश और नई शिक्षा नीति के आधार पर छात्र संघ चुनाव नहीं करवाए थे इसलिए राजस्थान सरकार ने भी नई शिक्षा नीति का हवाला देकर छात्र संघ चुनाव करवाने से पल्ला झाड़ लिया था हालांकि हाई कोर्ट के एकल पीठ में इस मामले की सुनवाई जारी है जिसमें विभिन्न यूनिवर्सिटी के कुल गुरुओं की ओर से कहा गया है कि छात्र संघ चुनाव करवाना ठीक नहीं है छात्र संघ चुनाव करवाने से शैक्षणिक गतिविधियों और यूनिवर्सिटी की गतिविधियां बाधित होती है इसलिए सरकार और यूनिवर्सिटी प्रशासन दोनों ही छात्र संघ चुनाव नहीं करवाने को लेकर एकमत नजर आए बाद में इस मामले को छात्र हाई कोर्ट में लेकर गए अब हाई कोर्ट में करीब-करीब सभी पक्षकारों ने अपने तर्क दे दिए हैं अब 19 सितंबर को इसकी फिर से सुनवाई होगी जिसमें कहा जा रहा है कि हो सकता है हाई कोर्ट अपना कोई फैसला सुना दे ।

# एक ओर कुआं तो दूसरी तरफ खाई



*अपनी मनमानी के बावजूद यूएन की नियमबद्ध व्यवस्था का संरक्षण करने अमेरिका को प्रतिष्ठा और वर्चस्व का अकूत लाभ मिला जिसकी वजह से पिछली सदी को अमेरिका की सदी कहा जाता है। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप ने आते ही एक-एक करके संयुक्त राष्ट्र की पेरिस जलवायु संधि, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद जैसी संस्थाओं से हाथ खींच लिए और अमेरिकी राहत संस्था यूएस एड को भी रोक दिया। विश्व की 26 प्रतिशत अर्थव्यवस्था होने के कारण अमेरिका इन सभी संस्थाओं में सबसे अधिक योगदान करता है। उसके निकल जाने से विश्व में जलवायु संकट और महामारियों के प्रकोप का सामना करने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीबी और असमानता के उन्मूलन के लक्ष्यों को पाना भी कठिन हो गया है। ट्रंप की नीतियों से सबसे बड़ा धक्का विश्व व्यापार व्यवस्था को लगा है। पिछले पचास वर्षों में मुक्त व्यापार*

इन दिनों संयुक्त राष्ट्र महासभा का वार्षिक अधिवेशन चल रहा है। यूएन की स्थापना विश्व में शांति और सुरक्षा कायम रखने, आर्थिक, सामाजिक और मानवीय चुनौतियों का बहुपक्षीय सहयोग से समाधान और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए की गई थी। पश्चिमी देश इसे नियमबद्ध व्यवस्था कहते हैं जिसका प्रवर्तक एवं संरक्षक अमेरिका था। यूएन ने अपने 80 वर्षों में उपनिवेशवाद को समाप्त करने, शांति कायम रखने, महामारियों पर नियंत्रण रखने, मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और समुद्रों में व्यवस्था कायम रखने जैसे कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। हालांकि देशों की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा वह अमेरिका के दम पर ही करा पाया और शीतयुद्ध के दिनों में वह भी नहीं हो पाया। अमेरिका की दिलचस्पी न रहने के कारण ही न भारत को पाकिस्तान और चीन के द्वारा कब्जा किया हुआ कश्मीर मिल सका और न फलस्तीनियों को उनका देश। अमेरिका ने वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान में अपनी मनमानी जरूर की, लेकिन हकीकत यह है कि उसके दम के बिना संयुक्त राष्ट्र के लिए उतना हासिल करना भी मुमकिन न होता, जितना उसने हासिल अपनी मनमानी के बावजूद यूएन की नियमबद्ध व्यवस्था का संरक्षण करने अमेरिका को प्रतिष्ठा और वर्चस्व का अकूत लाभ मिला जिसकी वजह से पिछली सदी को अमेरिका की सदी कहा जाता है। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप ने आते ही एक-एक करके संयुक्त राष्ट्र की पेरिस जलवायु संधि, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद जैसी संस्थाओं से हाथ खींच लिए और अमेरिकी राहत संस्था यूएस एड को भी रोक दिया। विश्व की 26 प्रतिशत अर्थव्यवस्था होने के कारण अमेरिका इन सभी संस्थाओं में सबसे अधिक योगदान करता है। उसके निकल जाने से विश्व में जलवायु संकट और महामारियों के प्रकोप का सामना करने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीबी और असमानता के उन्मूलन के लक्ष्यों को पाना भी कठिन हो गया है। ट्रंप की नीतियों से सबसे बड़ा धक्का विश्व व्यापार व्यवस्था को लगा है। पिछले पचास वर्षों में मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण की वजह से जो आपूर्ति मार्ग बने और आर्थिक प्रगति हुई जिसके सहारे करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए, वह सारी व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई है। ट्रंप जिस गति से मनमाने फरमान जारी कर रहे हैं और अपने ही बयानों से पलट रहे हैं, उन्हें देखकर अमेरिका के गठबंधन मित्र यूरोप की आयोग अध्यक्ष अर्सुला वान डर लेन को अपनी रिपोर्ट में लिखना पड़ा है, 'विश्व व्यवस्था अब सुधारातीत हो चुकी है, इसलिए यूरोप को जंगलराज के लिए तैयार हो जाना चाहिए।' इस निष्कर्ष पर पहुंचने की वजह वे घटनाएं हैं, जिनकी एक साल पहले तक कोई कल्पना भी नहीं करता था। यूएन के संरक्षक अमेरिका ने अपने मित्र देश डेनमार्क से कहा ग्रीनलैंड हमें सौंप दें, वर्ना हम छीन लेंगे। विश्व व्यापार संगठन को अमेरिका ने ही मनमानी टैरिफ नीतियों से अप्रासंगिक बना दिया है। सुरक्षा परिषद यूक्रेन और गाजा के युद्ध रुकवाने के लिए कोई प्रस्ताव पारित नहीं कर पा रही है। गाजा में मानवीय राहत पहुंचाने के लिए भी प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन पा रही है। अमेरिका यूएन के मतदान में रूस का साथ दे रहा है। रूसी हमले के लिए रूस पर या फिर उससे सबसे अधिक तेल खरीदने वाले चीन पर कोई कार्रवाई करने की जगह भारत पर टैरिफ लगाए जा रहे हैं और यूक्रेन की लड़ाई को मोदी युद्ध की संज्ञा दी जा रही है। यूरोप से कहा जा रहा है कि वह भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दे। स्पष्ट है कि नियमबद्ध मानी जाने वाली व्यवस्था नियमहीन होकर टूट चुकी है। ट्रंप के आलोचक भी स्तब्ध हैं और कह रहे हैं कि विदेश नीति के इतिहास में उन्होंने किसी नेता को इस तरह अपने देश के हितों की होली खेलते नहीं देखा। अमेरिका के ही वरदान से बलशाली हुए चीन ने अवसर भांपते हुए महासभा के अधिवेशन से ठीक पहले शंघाई सहयोग संगठन के इतिहास की सबसे बड़ी शिखर बैठक का आयोजन किया। इसमें रूस और भारत समेत 24 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के समक्ष उसने अपनी नई 'वैश्विक प्रशासन पहल' की घोषणा की। इसकी बुनियाद पांच सिद्धांतों पर टिकी है। प्रभुसत्ता में बराबरी, अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन, बहुपक्षीय आचरण, जनोन्मुखी दृष्टिकोण और ठोस कार्यों पर ध्यान।

ट्रंप जनित अस्थिरता के दौर में चीन को स्थिरता, सहयोग और शांति के चैंपियन के रूप में पेश करने के लिए सिद्धांततः तो ये सभी बातें बहुत अच्छी हैं, लेकिन तिब्बत में भारतीय सीमा पर ताइवान को लेकर और दक्षिणी चीन सागर में चीन की विस्तारवादी हरकतें इन सिद्धांतों के विपरीत रही हैं। ठीक वैसे जैसे एससीओ का बुनियादी लक्ष्य तो आतंकवाद पर अंकुश लगाना है

## सम्पादकीय

### वायु-ध्वनि के साथ ही जल और मिट्टी को भी प्रदूषित करते हैं पटाखे



देश के विभिन्न शहरों में बढ़ता प्रदूषण एक गंभीर और जटिल समस्या बनता जा रहा है। हवा, पानी और जमीन में प्रदूषण के जहरीले तत्त्वों के घुलने से मानव जीवन तथा पर्यावरण के लिए खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसका असर सांस एवं अन्य तरह की बीमारियों में वृद्धि और कृषि उत्पादन में कमी के रूप में भी देखा जा रहा है। इतना ही नहीं, प्रदूषण जलवायु परिवर्तन में तेजी का कारण भी बन रहा है, जिससे बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति बढ़ रही है। प्रदूषण बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें पटाखे भी शामिल हैं। देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण को लेकर हमेशा चर्चा में रहती है, जबकि ऐसा नहीं है कि देश के अन्य शहरों में प्रदूषण कम है। दिवाली और दशहरे के मौके पर पटाखे चलाए जाने से दिल्ली समेत देश के कई शहरों में वायु गुणवत्ता का स्तर काफी नीचे गिर जाता है। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के विनियमन की मांग पर सर्वोच्च न्यायालय ने दो टूक कहा कि अगर स्वच्छ हवा राष्ट्रीय राजधानी के 'कुलीन' निवासियों का अधिकार है, तो यह पूरे देश के नागरिकों को भी मिलना चाहिए। दरअसल, पटाखों से होने वाला प्रदूषण बहुआयामी है। इसमें वायु और ध्वनि प्रदूषण के अलावा मिट्टी और जल प्रदूषण भी शामिल है। पटाखों से होने वाला वायु प्रदूषण विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि इससे निकलने वाले महीन कण (पीएम 2.5 और पीएम 10) फेफड़ों और रक्तप्रवाह में गहराई तक प्रवेश कर जाते हैं, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। पटाखे चलाने के दौरान जहरीली गैसों के अलावा प्लास्टिक के सूक्ष्म कण और कई खतरनाक धातुओं के कण भी निकलते हैं, जो वातावरण और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं। साथ ही कार्बन डाइआक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन की गति को बढ़ाने का काम करता है। हमारी सामाजिक सोच अब ऐसी हो गई है कि त्योहार हो, विवाह समारोह हो या कोई अन्य विशेष कार्यक्रम, पटाखों के बिना उसे अधूरा माना जाता है। खुशी और उत्साह में हम यह भूल जाते हैं कि पर्यावरण में जो जहर में हम घोल रहे हैं, वह हमारे जीवन के लिए कितना खतरनाक है। स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आइक्यूएअर की हालिया वैश्विक रपट के मुताबिक, भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे प्रदूषित देश है। दुनिया के बीस सबसे प्रदूषित शहरों में से तेरह भारत में हैं। इनमें असम-मेघालय सीमा पर स्थित बर्नीहाट को विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित शहर के रूप में चिह्नित किया गया है। इसके अलावा, इस सूची में दिल्ली, पंजाब का मुल्लांपुर, राजस्थान का भिवाड़ी और गंगनगर भी शामिल है। इससे साफ है कि प्रदूषण का मसला सिर्फ दिल्ली से ही नहीं जुड़ा है, बल्कि देश के अन्य शहरों में भी स्थिति गंभीर होती जा रही है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि स्वच्छ हवा का अधिकार पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। इसमें दोराय नहीं कि पटाखों पर चुनिंदा तरीके से प्रतिबंध लगाने से व्यापक रूप ले चुकी इस समस्या से निजात मिलना संभव नहीं है। दिल्ली जैसे शहरों की स्थिति किसी अन्य शहर में पैदा होने का इंतजार नहीं किया जाना चाहिए।

# देश का राजनीतिक,आर्थिक और सामाजिक पुनर्जागरण



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़

1947 में भारत एवं पाकिस्तान ने एक साथ स्वतंत्रता की प्राप्ति की थी किंतु पाकिस्तान एक मुस्लिम राष्ट्र की अवधारणा धारण कर अलग दिशा में आगे बढ़ता गया जिसके फल स्वरुप आज पाकिस्तान विपन्न और गरीब देश बन गया है। दूसरी तरफ भारत एक लोकतांत्रिक, जनतांत्रिक अवधारणा की दिशा में नई-नई विकास के सोपनो को प्रतिपादित कर आगे बढ़ता गया। भारत वैश्विक स्तर पर सामरिक आर्थिक एवं अन्य विषयों पर काफी हद तक प्रगति प्राप्त कर चुका है।भारत ने आश्चर्यजनक रूप से देश को विकसित मजबूत एवं सशक्त बना दिया है ।

भारतीय परिदृश्य और संदर्भ में भारत में विगत एक दशक में व्यापक तथा आमूल चूल परिवर्तन देखे गये हैं। राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायित्व आधारित शासन प्रशासन-प्रणाली, सांस्कृतिक विमर्श में सनातनी सांस्कृतिक सभ्यता-गौरव की पुनर्प्राप्ति और आर्थिक नीतियों के संरचनात्मक सुधारों ने देश की दिशा और दशा तय की है। इन नई विचारधारा एवं रणनीति ने भारत को न केवल आंतरिक रूप से सशक्त किया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

भारतीय राजनीति में पिछले दो दशकों का सबसे बड़ा परिवर्तन रिपोर्ट कार्ड राजनीति का उदय रहा, जिसमें आम जनता और राजनीतिक नेताओं और दलों का मूल्यांकन उनके किए गए कार्यों और परिणामों के आधार पर कसौटी पर कसा जाने लगा है । संवैधानिक और नीतिगत स्तर पर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। 2019 में अनुच्छेद 370 का निरसन और जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन केंद्र की सख्त और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति तथा विचारधारा का प्रतीक बना। तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा। वहीं नागरिकता संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीयता और शरणार्थी नीति पर नई विचारों की श्रृंखला को जन्म दिया। भारत की परंपरागत लोकतांत्रिक विरासत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए नया संसद भवन, ई-संसद और डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ विपक्ष की भूमिका, मीडिया की स्वतंत्रता और चुनावी राजनीति में सोशल मीडिया तथा धनबल के प्रभाव ने लोकतांत्रिक विमर्श को चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली भी बनाया गया है।

नये भारत की संकल्पना और अवधारणा को केवल राजनीति या अर्थव्यवस्था तक सीमित परिसीमित नहीं रखा गया है बल्कि सांस्कृतिक क्षेत्र के व्यापक फलक पर भी इसका गहरा असर और परिणाम परिलक्षित हुए हैं । भारत की महान अर्वाचीन योग और आयुर्वेद जैसी परंपरा को वैश्विक स्तर प्रचारित प्रसारित कर नई अवधारणा तथा पहचान प्रदान की गई है। अयोध्या में राममंदिर निर्माण ने भारतीय परंपरा और धार्मिक-सांस्कृतिक आकांक्षाओं की विशाल अवधारणा को मूर्त रूप दिया गया है। शिक्षा और पाठ्यपुस्तकों में भारतीय आख्यानों और इतिहास को नवीन स्वरूप देने के प्रयास किए गए हैं। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को पुष्पित पल्लवित करने के प्रयासों को संपूर्ण प्रोत्साहन दिया गया। साथ ही, सांस्कृतिक कूटनीति नवीन अवधारणा के माध्यम से भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ रूप से विस्तारित की है। हालाँकि, इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ अनेक कठिन एवं दुष्कर चुनौतियाँ भी रहीं हैं। बहुलतावाद और अल्पसंख्यक अधिकारों पर उठते सवाल तथा परंपरा बनाम आधुनिकता की खींचतान समाज में गूढ विचार विमर्श का विषय बनी रही। आर्थिक पुनर्जागरण के संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने इस दशक में उल्लेखनीय और अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त की है । मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और रक्षा उत्पादन को बढ़ावा दिया। जीएसटी (2017) ने कर संरचना को एकीकृत और पारदर्शी बनाया। जीएसटी को 2025 में 22 सितंबर से नवीन संशोधन कर एकदम सरल एवं स्पष्ट कर काफी हद तक सस्ता करके आम जन को बड़ी राहत पहुंचाई है। डिजिटल इंडिया, जनधन योजना और ने वित्तीय समावेशन और नकदी रहित लेन-देन की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाए।

स्टार्टअप इंडिया ने उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित किया। इसके परिणामस्वरूप भारत आज विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विदेशी निवेश वृद्धि, रेलवे और सड़क निर्माण में गति तथा बिजली और डिजिटल नेटवर्क का विस्तार इस आर्थिक पुनर्जागरण के प्रमुख संकेतक रहे।इसके बावजूद बेरोजगारी की समस्या, ग्रामीण-शहरी असमानता और आय-विभाजन जैसी बड़ी और गंभीर चुनौतियाँ भारत देश के आर्थिक परिदृश्य को संतुलित होने से रोकती रही हैं। कृषि सुधार अभी तक आधे अधूरे रह गए और हरियाणा पंजाब तथा अन्य प्रदेशों में किसान आंदोलनों ने यह यह साफ तथा स्पष्ट संकेत दिया कि विकास की अवधारणा सबके लिए समान रूप से सुलभ नहीं है।

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य-

भारत ने पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान बनाई ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में भारत की भूमिका स्पष्ट हुई। 2023 में आयोजित द्20 सम्मेलनों में भारत ने वैश्विक मुद्दों पर संतुलित और निर्णायक नेतृत्व प्रस्तुत किया। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में 10 महत्वपूर्ण देशों के साथ 27 देशों ने भारत चीन और रूस पर अपना विश्वास जाहिर कर यूरोपीय शक्तियों एवं मनमानी का खुला विरोध किया है, जिसमें भारत पर अमेरिका द्वारा 50' लगाए गए टैरिफ का भी खुला विरोध हुआ है। रूस, चीन और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित कूटनीतिक संबंधों ने भारत की स्थिति को और सशक्त मजबूत किया।पिछले दस वर्षों का भारत राजनीतिक दृढ़ता, सांस्कृतिक आत्मगौरव और आर्थिक नवाचारों से परिपूर्ण रहा है। यह अवधि भारतीय लोकतंत्र को नई परिभाषा देने, सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने और आर्थिक संरचना को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण रही। हालांकि असमानता, बेरोजगारी और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसी विकराल चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं, फिर भी यह कहना उचित होगा कि यह दशक भारत के लिए राजनीतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक पुनर्जागरण का समय रहा है, जिसने भारत को वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक शक्ति बना दिया है। भारत की सनातनी सांस्कृतिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भारत की सामरिक शक्ति में इजाफा होकर पिछले एक दशक में भारतीय जनमानस की एकजुटता एवं देश के नेतृत्व की कार्य कुशलता के परिणाम स्वरूप भारत का सम्मान और कद वैश्विक परिदृश्य में काफी हद तक ऊंचा हुआ है।

# नेपाल में क्यों उठ रही फिर से राजशाही की मांग



महेन्द्र तिवारी

नेपाल, जो कभी हिंदू राजशाही के रूप में जाना जाता था, ने 2008 में राजशाही को समाप्त कर लोकतांत्रिक गणराज्य का रूप अपनाया था। उस समय यह बदलाव जनता की आकांक्षाओं और एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा गया था। लेकिन लगभग सत्रह साल बाद, नेपाल में फिर से राजशाही की मांग तेज़ हो रही है। देश के विभिन्न हिस्सों में "राजा वापस आओ" और "देश बचाओ" जैसे नारे सुनाई दे रहे हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन की बहस नहीं है बल्कि नेपाल की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियों में गहरे असंतोष का संकेत है। लोकतंत्र से जनता को सुशासन, पारदर्शिता और विकास की उम्मीद थी, परंतु बार-बार बदलती सरकारें, गठबंधन की राजनीति, भ्रष्टाचार और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने मोहभंग पैदा किया है। कई लोगों को लगता है कि राजशाही के दौर में भले ही पूर्ण स्वतंत्रता नहीं थी, लेकिन स्थिरता और व्यवस्था बनी रहती थी। वर्तमान लोकतांत्रिक ढांचे के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़कें और रोजगार जैसी ज़रूरतें पर्याप्त रूप से पूरी नहीं हो पा रही हैं। यह असंतोष पुरानी व्यवस्था के प्रति एक नॉस्टैल्जिया को जन्म दे रहा है, जिसमें लोग मानते हैं कि शायद राजशाही की मौजूदगी से प्रशासनिक स्थिरता और राष्ट्रीय एकता को बल मिलता। इस मांग के पीछे सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रश्न भी गहराई से जुड़ा है। नेपाल कभी दुनिया का एकमात्र हिंदू साम्राज्य था, जिसे 2008 में धर्मनिरपेक्ष घोषित किया गया। ग्रामीण इलाकों और पारंपरिक समुदायों के लिए यह बदलाव एक झटका था। नेपाल की 80-90 प्रतिशत आबादी हिंदू है, और कई लोग आज भी राजा को भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों, लाल टीका, शंख और मंगलसूत्र जैसी परंपराओं के साथ राजशाही को जोड़कर देखने वाले मानते हैं कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों की अनदेखी की गई। हाल के प्रदर्शनों में धार्मिक प्रतीकों और झंडों का प्रयोग यह दिखाता है कि यह आंदोलन केवल राजनीति नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मसम्मान का प्रतीक बन चुका है। भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी ने भी इस मुद्दे को हवा दी है। लोकतंत्र के तहत अपेक्षित पारदर्शिता और संस्थागत स्वतंत्रता के बजाय राजनीतिक हस्तक्षेप और नियुक्तियों ने जनता का विश्वास डगमगाया है। कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, और न्यायिक व प्रशासनिक संस्थाओं पर राजनीतिक दबाव की शिकायतें आम हैं। कुछ लोगों का मानना है कि संवैधानिक राजशाही एक संतुलनकारी शक्ति बनकर लोकतांत्रिक सरकारों पर नियंत्रण रख सकती है और सत्ता के दुरुपयोग को रोक सकती है। नेपाल का भू-राजनीतिक संदर्भ भी इस बहस में भूमिका निभाता है। यह भारत और चीन जैसे दो शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच स्थित एक लैंडलॉक देश है। इन दोनों देशों के बीच संतुलन साधना नेपाल के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। कई लोगों का तर्क है कि राजशाही के दौर में विदेश नीति अपेक्षाकृत स्थिर और संतुलित थी। इसके अलावा, ब्रिटेन, जापान और थाईलैंड जैसे देशों में संवैधानिक राजशाही सफलतापूर्वक काम कर रही है। इस उदाहरण के आधार पर कुछ समूह मानते हैं कि नेपाल भी ऐसा ही मॉडल अपनाकर परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित कर सकता है। हाल के आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ शुरू हुआ "जेन-ज़ी आंदोलन" दर्शाता है कि नई पीढ़ी मौजूदा शासन से असंतुष्ट है। उनके लिए राजशाही पर चर्चा किसी व्यवस्था का अंध समर्थन नहीं, बल्कि वैकल्पिक रास्तों की तलाश है। वे महसूस करते हैं कि अगर लोकतंत्र उनकी आवाज़ नहीं सुनता, तो उसके विकल्पों पर विचार करना गलत नहीं है। यह नई ऊर्जा राजशाही की बहस को और मजबूती दे रही है और पुरानी पीढ़ी की भावनाओं के साथ जोड़ रही है। जानी-मानी अभिनेत्री मनीषा कोइराला का हालिया बयान भी इस बहस को और उभार चुका है। उन्होंने कहा कि संविधान में राजशाही के लिए जगह होनी चाहिए थी और परंपरा तथा आधुनिकता के बीच संतुलन बिगड़ने से ही मौजूदा हालात बने हैं। मनीषा नेपाल के राजनीतिक परिवार से आती हैं और उनका यह विचार उन भावनाओं को शब्द देता है, जो पहले से जनता के बड़े हिस्से में मौजूद थीं।

नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों ने राजशाही की वापसी की संभावना को खारिज किया है। नेपाली कांग्रेस, नेकपा (यूएमएल) और माओवादी दल मानते हैं कि लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करना ही समाधान है। दूसरी ओर, राष्ट्रिया प्रजातन्त्र पार्टी (आरपीपी) और कुछ अन्य समूह राजशाही को चुनावी एजेंडा बना रहे हैं। परंतु राजशाही की वापसी आसान नहीं है। इसके लिए संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी, जिसके लिए संसद और जनता दोनों का समर्थन अनिवार्य होगा। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी किसी गैर-लोकतांत्रिक कदम पर आपत्ति जता सकता है। दरअसल, राजशाही की मांग का अर्थ यह नहीं है कि नेपाल की पूरी जनता लोकतंत्र को अस्वीकार कर रही है। यह एक संकेत है कि लोग मौजूदा शासन से असंतुष्ट हैं और वैकल्पिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। बहुत से लोग संवैधानिक राजशाही की बात करते हैं, जिसमें राजा केवल सांस्कृतिक प्रतीक बने रहें और निर्वाचित सरकार के पास ही कार्यकारी शक्ति रहे। उनका मानना है कि इससे परंपराओं का सम्मान भी होगा और लोकतांत्रिक व्यवस्था भी कायम रहेगी। राजशाही की वापसी की संभावना फिलहाल सीमित है, लेकिन यह बहस लोकतंत्र के लिए चेतावनी का काम कर रही है। यदि राजनीतिक दल पारदर्शिता, सुशासन और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रहते हैं, तो यह असंतोष और गहरा सकता है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका, निष्पक्ष चुनाव, भ्रष्टाचार पर सख्ती और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता देनी होगी। यही उपाय जनता के विश्वास को बहाल कर सकते हैं और राजशाही के प्रति मोह को कमजोर कर सकते हैं। नेपाल के लिए सबसे बड़ी चुनौती अब यह है कि वह परंपरा और आधुनिकता, सांस्कृतिक पहचान और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच संतुलन साधे। राजशाही की उठती मांग यह याद दिलाती है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने का नाम नहीं है, बल्कि यह जनता की भावनाओं, सांस्कृतिक अस्मिता और न्याय की अपेक्षाओं को सम्मान देने की प्रक्रिया है। अगर लोकतांत्रिक संस्थाएँ जवाबदेह और पारदर्शी बनें, तो नेपाल स्थिरता और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है, बिना राजशाही के पुराने ढांचे की ओर लौटे।



## करण जौहर ने टॉक्सिक लोगों के नुकसान और सफलता के सीक्रेट पर की बात

फिल्मकार करण जौहर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वे यहां पर अपनी फिल्म और लाइफ से जुड़ी अपडेट्स साझा करते रहते हैं। आज उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इसमें उन्होंने टॉक्सिक लोगों के नुकसान और सफलता के सीक्रेट फैंस के साथ साझा किए हैं। करण जौहर ने इस पोस्ट में कई स्लाइड्स शेयर की हैं। इनमें उन्होंने अपने विचार फैंस के साथ साझा किए हैं। इन्हें शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा, विचार जिनसे मैं सहमत हूं।
पहली स्लाइड में उन्होंने लिखा, नियम 1: वे जो सोचते हैं, उससे कोई लेना-देना नहीं। दूसरी स्लाइड पर लिखा था, कभी-कभी आपकी कीमत तब तक नहीं दिखती जब तक आपकी अनुपस्थिति का एहसास न हो। तीसरी स्लाइड पर लिखा है, एक रिमाइंडर- टॉक्सिक लोगों को नजरअंदाज करना खुद की देखभाल करना है। अन्य स्लाइड्स में लिखा था, अगर आप छोटी-छोटी बातों से विचलित हो जाते हैं, तो आप बड़े काम नहीं कर सकते। सीखने लायक बनें। आप हमेशा सही नहीं होते। ऐसे लोगों को चुनें जो आपको चुनते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं जो आपका साथ कभी नहीं देंगे क्योंकि वो आप हैं। फिर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो हमेशा आपका साथ देंगे क्योंकि वो आप हैं। आपको बस अपने लोगों को ढूंढना है। फिल्मों की बात करें तो करण जौहर की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इसे शशांक खेतान ने लिखा और डायरेक्ट किया है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले इसे बनाया गया है।
इस रोमांटिक कॉमेडी में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, और अक्षय ओबेरॉय जैसे कलाकार हैं। यह दुल्हनिया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा उनका प्रोडक्शन हाउस फिल्म 'मिराय' को हिंदी में रिलीज कर रहा है। इसमें दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता तेजा सज्जा लीड रोल निभाते दिखाई देंगे। इसके लिए करण जौहर ने तेजा का खास इंटरव्यू लिया था, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसमें करण जौहर ने बताया था कि इतने कम बजट में इतनी शानदार फिल्म बनाना उनकी कल्पना के परे था।



# सई मांजरेकर ने बताया साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में अंतर

फिल्म इंडस्ट्री में बॉलीवुड और साउथ इंडियन सिनेमा की अक्सर तुलना की जाती रहती है। इस पर अब अभिनेत्री सई मांजरेकर ने भी बात की है। वो दोनों ही इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। उन्होंने बताया है कि दोनों फिल्म इंडस्ट्री में क्या अंतर है। सई मांजरेकर ने इस बारे में बात करते हुए कहा, मेरा मानना है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती, कहानी और लोगों से जुड़ने का तरीका ही मायने रखता है। फिलहाल मैं बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं, लेकिन मैं किसी समय एक अच्छी मराठी फिल्म भी जरूर करना चाहूंगी। जब तक पटकथा मुझे उत्साहित करती है और निर्देशक का दृष्टिकोण मजबूत है, मैं अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हूं। बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा की तुलना पर सई ने कहा, दोनों में काम करने का मौका मिलने के बाद मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री की अपनी एक अलग कार्यशैली और जादू होता है। बॉलीवुड असाधारण भावनाओं और कहानियों को पेश करने के तरीके का जश्न मनाता है, जबकि साउथ में मैंने अनुशासन की एक अद्भुत भावना और कला के प्रति गहरा सम्मान देखा है, जिसकी मैं सचमुच प्रशंसा करती हूं। दोनों ही दुनिया ने मुझे अलग-अलग तरीकों से आकार दिया है। मेरे लिए यह खुद को निखारने का मौका भी है, मैं

### भाग्यशाली हूं कि मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला है

इससे पहले सई मांजरेकर ने एक पोस्ट में कहा था कि उनके पिता हमेशा से उनकी प्रेरणा रहे हैं, लेकिन कभी भी उनका शॉर्टकट नहीं रहे। मतलब कभी उन्होंने अपने पिता के नाम का फायदा नहीं उठाया। पहली बार जब सई ने एक्टिंग करने का फैसला किया तब उनके पिता ने एक्ट्रेस को सपोर्ट किया था और साथ ही कहा था कि इसके लिए सई को खुद ही मेहनत करनी होगी और वे किसी फिल्म के लिए उनकी सिफारिश नहीं करेंगे। अभिनेत्री हाल ही में तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म 'अर्जुन सन ऑफ वैजयंती' में नजर आई थीं। प्रदीप चिलुकुरी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नंदमुरी कल्याण राम, विजय शांति, सोहेल खान और श्रीकांत जैसे सितारे भी हैं। अभी एक्ट्रेस ने अपनी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है।

## तनाव की वजह से बीच में छोड़ा था एक सीरियल

टीवी एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी को 'प्यार की एक कहानी', 'सरस्वती चंद्र', और 'बहु हमारी रजनीकांत' जैसे सीरियल्स के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर के मुश्किल दौर को याद किया। साथ ही बताया कि कैसे काम के तनाव की वजह से उन्हें एक सीरियल को बीच में ही छोड़ना पड़ गया था। इंटरव्यू में वाहबिज ने कहा, हां, मैंने एक शो बीच में ही छोड़ दिया था। मेरे जाने के कुछ दिनों बाद वो शो बंद हो गया क्योंकि शो उन पर ही आधारित था। सच कहूं तो काम के तनाव ने मुझ पर बहुत बुरा असर डाला था। मुझे मधुमेह था और ये गंभीर स्थिति तक पहुंच गया था। डॉक्टर्स ने मुझे आराम करने की सलाह दी थी। इसलिए मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं खुद पर, अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। रिश्तों के मामले में मैं बहुत पुराने जमाने की हूं। मैं 90 के दशक के इश्क्यार में विश्वास करती हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को चाहती हूं जो मेरे जीवन में कुछ अर्थ जोड़े, जो मेरे बराबर का हो, महत्वाकांक्षी हो, फिर भी परिवार के प्रति समर्पित हो। मुझे आजकल के स्वाइप कल्चर से बहुत डर लगता है। टीवी इंडस्ट्री के बिजी शेड्यूल पर भी उन्होंने बात की। वाहबिज दोराबजी ने अपनी राय रखते हुए कहा, टेलीविजन बहुत ही डिमांडिंग इंडस्ट्री है। जब आप इस दुनिया में आते हैं तो आपको पता होता है कि आप या करने जा रहे हैं। कभी- कभी प्रसारण का दबाव होता है और आप अपने प्रोडशन को कम नहीं कर सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि हमारा शरीर इतना दबाव नहीं झेल पाता। मेरा मानना है कि आज की दुनिया को एक संतुलित और समग्र जीवनशैली की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर काम का समय सीमित कर दिया जाए, तो कलाकारों के अभिनय में निखार आएगा, वे स्वस्थ रहेंगे, और उत्पादकता भी बढ़ेगी। इससे सबको फायदा होगा।





## कावेरी प्रियम ने बताया क्यों आकर्षक लगा उन्हें 'दूरियां' का किरदार

अभिनेत्री कावेरी प्रियम ये रिश्ते हैं प्यार के और जिद्दी दिल माने ना जैसे धारावाहिकों में यादगार अभिनय के लिए मशहूर है। इन दिनों वो यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रहे शो दूरियां में सोनिया का किरदार निभाती दिखाई दे रही हैं। कावेरी प्रियम ने यह किरदार क्यों चुना और यह उनके दूसरे किरदारों से कैसे अलग है, उन्होंने एक इंटरव्यू में इसके बारे में बताया। अभिनेत्री इस शो में एक ऐसी महिला का रोल प्ले कर रही हैं, जो प्रोफेशनल लाइफ में तो बड़ी मजबूत है, लेकिन पर्सनल लाइफ में काफी संघर्ष करती है। कावेरी प्रियम ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, सोनिया के किरदार की जटिलता ने मुझे इसकी तरफ तुरंत आकर्षित किया। वह न सिर्फ एक मजबूत महिला है, बल्कि एक तरीके से कमजोर भी है। पेशेवर तौर पर वह महत्वाकांक्षी और आत्मविश्वासी है, लेकिन निजी जिंदगी में वह असुरक्षित और बेहद भावुक है। इस किरदार का यही द्वंद्व उसे मेरे लिए आकर्षक बनाता है। कावेरी मानती हैं कि सोनिया के किरदार के लिए तैयारी करने का मतलब था कि उन असली महिलाओं को देखना जो काम पर अपनी ताकत और घर पर अपनी कमजोरी के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के किरदार निभाना उन्हें पसंद है, जो उन्हें कुछ नया करने की चुनौती दे। कावेरी ने कहा, मैं जानबूझकर स्क्रीन पर खुद को दोहराने से बचती हूं। सोनिया ने मुझे एक ही भूमिका में महत्वाकांक्षा, जुनून, कमजोरी और दिल टूटने का अहसास दिखाने का मौका दिया। मैं कई परतों वाली खामियों से भरे किरदारों और ऐसी कहानियों को तलाशना पसंद करती हूं, जो मुझे चुनौती दें, फिर चाहे वो फिल्म, ओटीटी, या टीवी किसी से भी जुड़े क्यों न हों।

# हर इंडस्ट्री में काम करना चाहते हैं तेजा सज्जा



**तेलुगु एक्टर तेजा सज्जा की पैन इंडिया फिल्म 'मिराई' रिलीज हो गई है। इस फिल्म को नॉर्थ डिया में रिलीज करने का जिम्मा बॉलीवुड फिल्ममेकर करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन ने ली है। इससे पहले तेजा की पैन इंडिया फिल्म 'हनुमान' को भी हिंदी ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। बातचीत में एक्टर ने हिंदी ऑडियंस और अलग-अलग भाषाओं में काम करने पर अपनी राय साझा की है।**

### आपकी फिल्म हनुमान को हर भाषा में ऑडियंस का प्यार मिला था। क्या आपको हिंदी इंडस्ट्री से ऑफर मिले?

हां, मुझे ऑफर्स आए थे। मैं जो भी फिल्म करता हूं, उसे लेकर काफी कंसर्न रहता हूं। मैं कोई भी प्रोजेक्ट तभी करता हूं, जब मैं अंदर से उसके लिए एक्साइटेड होता हूं। भाषा मेरे लिए प्रॉब्लम नहीं है। फिल्ममेकर कहीं से भी आ सकते हैं। आज कन्नड़ डायरेक्टर प्रशांत नील सर प्रभाष के साथ फिल्म बना रहे हैं। मेरी फिल्म हनुमान के डायरेक्टर कन्नड़ एक्टर ऋषभ शेट्टी के साथ फिल्म बना रहे हैं तो भाषा कहीं से दिक्कत नहीं है। हमारे इंडियन सिनेमा में मुझे किसी भी भाषा का कोई भी फिल्ममेकर फिल्म ऑफर कर सकता है और उसका पार्ट बनकर मुझे खुशी होगी।

### 'हनुमान' की वजह से बच्चों में आपकी काफी फैन-फॉलोइंग है। इसे आप कैसे देखते हैं?

मैं जानता हूं कि मैं जो फिल्में कर रहा हूं, वो बच्चों को बहुत पसंद आ रही हैं। इसलिए मैंने सोच-समझकर फैसला लिया है कि मेरी फिल्म साफ-सुथरी होंगी। सभी बच्चों को पसंद आनी चाहिए। मेरी फिल्मों में कूल अंदाज में नैतिकता को दिखाया जाएगा। मिराई में एक्शन की एक नई दुनिया देखने मिलेगी। अपने इतिहास को जिस अंदाज में हम ऑडियंस को बताने जा रहे हैं, मुझे पूरा भरोसा है कि बच्चों को ये भी पसंद आएगी।

### आप पर्दे पर साउथ के कई बड़े नामों का बचपन निभा चुके हैं। उनकी तरफ से आपकी फिल्मों को लेकर क्या रिस्पॉन्स मिलता है?

'मिराई' को देख चिरंजीवी सर ने मुझे और प्रोड्यूसर दोनों के लिए लंबा-चौड़ा मैसेज भेजा था। प्रभाष सर को 'मिराई' का ट्रेलर बहुत पसंद आया। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में टॉप के जो भी लोग हैं, अगर वो देखते हैं कि कोई अपनी लिमिट से बाहर जाकर मेहनत कर रहा है, तो वो उसे मोटिवेट करते हैं।

### अगर कभी मौका मिले तो किस भगवान का रोल निभाना चाहेंगे?

मैं अभी कुछ बताना नहीं चाहता हूं। मेरी एक बड़े कोलैबरेशन के लिए बातचीत चल रही है। उसमें भगवान का रोल नहीं है लेकिन उसमें हमारे इतिहास से जुड़ा एक किरदार है। इस पर अभी बात चल रही है इसलिए मैं आपको बता नहीं सकता हूं।



# अच्छी कहानी मिले तो मैं जरूर करूंगा एलजीबीटीक्यू किरदार

**अपनी सीरीज राणा नायडू सीजन 2 के लिए चर्चा बटोर चुके राणा दग्गुबाती बाहुबली के भल्लालदेव के किरदार के रूप में लोकप्रिय रहे हैं। अभिनेता ही नहीं निर्माता और डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में वे सिनेमा की बारीकियों को भी खूब जानते हैं। इस बार वे सनडांस फिल्म फेस्टिवल में विजेता साबित हुई मराठी फिल्म साबर बोंडा से जुड़े हैं।**

### बॉक्स ऑफिस इस वक्त काफी अनिश्चित दौर से गुजर रहा है, आपका क्या कहना है?

मुझे लगता है, बॉक्स ऑफिस एक न्यूट्रल चीज है। यह फिल्म के अच्छे या बुरे होने पर निर्भर करता है। बॉक्स ऑफिस का समय के साथ कोई रिलेशन नहीं होता। कांतारा, एनीमेशन फिल्म महावतार नरसिम्हा और कई इंडिपेंडेंट तमिल-तेलुगु फिल्मों ने भी बहुत अच्छा बिजनेस किया। जैसे कांतारा 15 करोड़ की फिल्म थी, मगर उसने 500 करोड़ का बिजनेस किया था। सिनेमा में अच्छा-बुरा दौर चलता रहता है। दर्शकों को वैरायटी चाहिए होती है, मगर मेकर्स की प्रॉब्लम ये है कि अगर एक्शन या लव स्टोरी चल गई, तो वे लगातार उसी तरह की फिल्म बनाने में लग जाते हैं। मगर इंडिपेंडेंट फिल्मों की लागत बड़ी फिल्मों की तुलना में कम होती है, तो बॉक्स ऑफिस पर इनके सर्वाव करने के चांसेज ज्यादा होते हैं।

### स्टार्स अगर अपनी फीस कम करें, तो फिल्म के बजट को कंट्रोल में लाया जा सकता है?

स्टार्स की फीस का सवाल पूरी तरह पर्सनल चॉइस है। अगर उनकी फीस ज्यादा लगती है, तो मेकर्स न्यूकमर्स के साथ फिल्म बना सकते हैं। हर कोई अपनी वैल्यू की कीमत मांगता है और कई प्रोड्यूसर उसे देने को तैयार भी होते हैं। असल मसला भरोसे का है। क्या आप नए डायरेक्टर्स या नए चेहरों पर दांव लगाने को तैयार हैं? बहुत कम लोग ऐसा करते हैं। जबकि दूसरी इंडस्ट्रीज में देखें तो नानी, विजय देवरकोंडा जैसे एक्टर्स नए डायरेक्टर्स के साथ काम करते हैं और तरुण भास्कर जैसे फिल्ममेकर्स ने पहली ही फिल्म में खुद को साबित किया। सलमान दुलकर ने भी नए डायरेक्टर सेल्वा के साथ काम किया। यहां यही कमी है कि लोग एक-दूसरे पर यकीन नहीं करते। आखिरकार, फिल्म को उसकी कहानी और मेरिट पर तौला जाना चाहिए। अगर ऐसा हो, तो बजट, फीस और बाकी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी।

### वो दौर कैसा था, जब आपको एक आंख से दिखाई नहीं देता था? आप कई तरह की सर्जरी से भी गुजरे?

हर इंसान की जिंदगी में मुश्किलें आती हैं, लेकिन वही चुनौतियां इंसान को मजबूत बनाती हैं। मेरे लिए उस कठिन दौर में सबसे बड़ा सहारा मेरा परिवार और सिनेमा रहा। विजुअली इंपेयर्ड होने की कमी को ही मैंने अपनी ताकत बना लिया। पढ़ाई, डिबेट, ड्रामा, हर जगह अच्छा करता था, और स्टेज परफॉर्मेंस के वक्त मुझे ऑडियंस दिखती ही नहीं थी, तो स्टेज फियर का सवाल ही नहीं था। एक्शन सीन के दौरान भी मैं बिंदास परफॉर्म करता हूं।

### साबर बोंडा जैसी एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी की मराठी फिल्म से जुड़ने का क्या कारण रहा?

दर्शकों को हमेशा नया कंटेंट चाहिए, लेकिन पिछले दस सालों में ऐसे सिनेमा को वो प्लेटफॉर्म नहीं मिला जिसकी जरूरत थी। कुछ फिल्में ओटीटी या इंटरनेशनल फेस्टिवल्स तक तो पहुंचती हैं, मगर आम दर्शक तक नहीं। जैसे निर्देशक रोहन कानावड़े की यह फिल्म सनडांस फिल्म फेस्टिवल में विजेता साबित होने वाली दक्षिण एशिया की पहली फिल्म थी। पहले श्याम बेनेगल, के. विश्वनाथ, के. बालाचंदर जैसे फिल्मकार सामाजिक मुद्दों की आवाज हुआ करते थे। आम समाज में या दूसरे क्षेत्रों में भले इन्हें टैबू समझा जाता हो, मगर सिनेमा और आर्ट्स ने हमेशा इनका स्वागत किया है। कई डिजाइनर्स और क्रिएटिव लोग ऐसे हैं, जिनके साथ मैंने काम किया है इस फिल्म का हैपी एंडिंग भी लोगों का नजरिया बदलेगी। जहां तक एलजीबीटीक्यू किरदार निभाने की बात है, तो जरूर, यदि मुझे कोई अच्छी कहानी मिले तो मैं जरूर करूंगा।



## धौलपुर पुलिस ने 48 केन अवैध बीयर शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिले की राजाखेड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 48 केन अवैध बीयर शराब जब्त की है। भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाशचन्द्र विश्नोई (भा.पु.से.) और पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा तथा सीओ मनिया राजेश शर्मा के सुपरवीजन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी रामकिशन यादव (पु.नि.) के नेतृत्व में 14 सितंबर 2025 को गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम में एचसी किलेदारसिंह (1244), कानि. जगवीर (567) और कानि. राममोहन (883) शामिल थे। टीम ने दबिश देकर आरोपी मलखानसिंह पुत्र बृम्हचारी (जाति ठाकुर, उम्र 40 वर्ष, निवासी अम्बरपुर, थाना राजाखेड़ा, जिला धौलपुर) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 48 केन अवैध बीयर शराब बरामद की और आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह यह अवैध शराब कहां से ला रहा था और आगे कहां सप्लाई करने वाला था। इस कार्रवाई से स्थानीय क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है और अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सेवा परमो धर्म - कुशवाहा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान । भाजपा मंडल बसई नवाब की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के निर्देशानुसार एवं मंडल संयोजक केजी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अतिथियों के द्वारा युगपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री रामकुमार कुशवाहा ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे जिला मंत्री भाजपा हरेंद्र राव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा जिसमें सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई जैसे कार्य सम्मिलित हैं बसई नवाब भाजपा मंडल संयोजक केजी तिवारी ने कहा कि संपूर्ण मंडल में बूथ स्तर पर जन्म दिवस के मौके पर साफ सफाई की जावेगी तथा वृक्षारोपण रक्तदान व दिव्यांगों के लिए सहायता कार्य किए जाएंगे सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक हरिओम बघेल ने कहा सेवा पखवाड़ा के तहत प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम सुनिश्चित हैं अन्तोदय की भावना से प्रेरित कार्य किए जाएंगे कार्यक्रम के सहसंयोजक कुमर बघेल ने सभी अतिथियों का हार्दिक आभार प्रकट किया इस मौके पर कार्यक्रम के सह संयोजक टीकम सिंह लोधा दिवाकर प्रजापति लक्ष्मीधर त्यागी कल्याण शर्मा मेघ सिंह प्रकाश चंद भगवान सिंह प्रकाश लोधा मोहन सिंह मुन्ना लाल अजय शर्मा सूरज परमार अमित परमार सुखराम सचिन आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विख्यात पर्यावरणविद विजयवर्गीय को मास्टर्स की पदवी से किया सम्मानित



जयपुर टाईम्स

**चाकसू (निसं.)**:- चाकसू के नेशनल हाईवे 52 पर पर स्थित संस्थान में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण-अनुकूल, जीवन शैली के साथ जैव ईंधन और उर्वरक के प्रति जागरूक रने का कार्य किया जा रहा है। वहीं राजधानी के सीकर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में विख्यात पर्यावरणविद एन जी विजयवर्गीय को उनके किसान हितैषी कार्यक्रमों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार के प्रयासों और किसान बिजनेस कोर में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मास्टर्स की पदवी से सम्मानित किया गया। मास्टर की उपाधि प्रदान करते हुए डॉक्टर जी आर चौधरी ने बताया कि विजयवर्गीय का उल्लेखनीय योगदान, लंबे समय तक उनकी सक्रिय भूमिका, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार लाने में सहायक सिद्ध हो रही है उनके द्वारा विस्तारित कार्यक्रम निश्चित ही एक नई चेतना और ऊर्जा का संचार करेंगे . कार्यक्रम में विनोद नूनिया और संजीव जिंदल ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में राजस्थान भर से पर्यावरण कार्यकर्ता सहित रिंपल पूनिया, जानवी, रमेश नूनिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित थे।

## दिनेश प्रजापत को संगठन ने सौंपी नई अहम ज़िम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। सांगानेर निवासी और संवाददाता दिनेश प्रजापत को अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ (दिल्ली-मुंबई) की ओर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने उन्हें ज्वेलरी प्रकोष्ठ एसोसिएशन राजस्थान का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की घोषणा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष कैलाश प्रजापति, राष्ट्रीय महासचिव दयाल प्रजापति, राजस्थान प्रभारी राजेंद्र प्रजापति और प्रदेशाध्यक्ष धन्नालाल प्रजापति उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने दिनेश प्रजापत को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएँ देते हुए भरोसा जताया कि वे संगठन की गतिविधियों को और मजबूती से आगे बढ़ाएँगे।

# कांग्रेस ने जनआक्रोश वाहन रैली निकाल कर भाजपा सरकार पर बोला हमला

### सरकार की विफलताओं को लेकर साधा निशाना

### जवाई बांध की 418 बीघा जमीन बेचने की तैयारी, पर्यटन हब बनाकर दिलाएं रोजगार- मेवाड़ा

### हरिशंकर मेवाड़ा की अगुवाई में बिजली-पानी-सड़क की बदहाल व्यवस्था को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की







जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)**। क्षेत्र में बदहाल हो रही मूलभूत सुविधाओं को लेकर आमजन का आक्रोश सोमवार को सड़कों पर नजर आया। कांग्रेस की अगुवाई में निकाली गई जनआक्रोश वाहन रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। बाइक, कार व अन्य वाहनों के काफिले के साथ शहरभर में रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कांग्रेस के सुमेरपुर विधानसभा प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने किया। रैली उपखंड कार्यालय पहुंचकर आमसभा में बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथ लिया गया। अंत में उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार को ज्ञापन सौंप समस्याओं के समाधान की मांग की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा, नगर उपाध्यक्ष शैतान कुमार, नासिर खान, कैलाश गोयल, लखन मीणा, मानसिंह रामनगर, कमलेश चौहान, शंकर देवासी, मुकेश बारोलिया, अमृत परिहार, जेपाराम देवासी, अल्केश परिहार, सुरेन्द्र परमार, अन्नराज मेवाड़ा तखतगढ़, पाली देहात ब्लॉक अध्यक्ष गणेशराम, आनंद सिंह देवड़ा, मूलसिंह बलाना, मनोहर खिवांदी, प्रमोद बारोलिया,ललित मीणा,अर्जुन देवासी गोगरा, तेजसिंह रामनगर आदि का सहयोग रहा।

**सुबह नीलकंठ मंदिर से रवाना हुई रैली, शहरभर में किया प्रदर्शन**

सुबह करीब साढ़े 11 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर से वाहन रैली का आगाज हुआ। जैन बोर्डिंग, राजगुरु सर्कल, जवाई बांध रोड, मंडी परिसर, आर्य समाज सर्कल, भैरू चौक, गांधी मूर्ति सर्कल होते हुए पुराना पाली बस स्टैंड और तहसील रोड से रैली उपखंड कार्यालय पहुंची। मार्ग में रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। कई व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने भी रैली में समर्थन जताया। वहीं सबसे खस्ताहाल जवाई बांध मार्ग पर गड्ढों में कमल का निशान लगी तख्तियां लगाकर अनोखा प्रदर्शन करते हुए कमल गिरा गड्ढें में के मार्फत सड़कों की दयनीय स्थिति को दर्शाया गया।

**मंत्री के घर के पास तक की सड़कें टूटी**

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद प्रत्याशी संगीता बेनीवाल ने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि कैबिनेट मंत्री के घर के पास की सड़कों पर भी चलना मुश्किल है। आए दिन हादसे हो रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

**हरिशंकर मेवाड़ा का निशाना, मंत्री बनकर भी पार्षद जितना असर नहीं**

विधानसभा प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने कहा कि थोड़ी सी बारिश में विधानसभा के कई गांव नोवी, सोनपुरा, कोरटा, खिंदारा आदि का संपर्क कट जाता है। नोवी गांव तो पूरी तरह टापू बन जाता है। उन्होंने मंत्री जोराम कुमावत पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल माला पहनने और साफा लेने तक सीमित हैं, जनता की समस्याओं से उनका कोई वास्ता नहीं है। मैं चुनाव जरूर हारा, लेकिन जब सुना कि कुमावत मंत्री बने हैं तो सोचा कि अब कुछ विकास होगा, लेकिन मंत्री होते हुए भी उनके पास पार्षद जितनी भी ताकत नहीं है। मेवाड़ा ने आरोप लगाया कि बिजली की हालत इतनी खराब है कि आए दिन बार-बार अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। साल-साल भर डिमांड भरने के बाद भी कनेक्शन नहीं हो रहें हैं।

**जवाई पर कांग्रेस ने हमेशा सकारात्मक राजनीति की, सुरंग छोड़ी करने 100 करोड़ दिए**

मेवाड़ा ने जवाई बांध को लेकर कहा कि यह अब राजनीति का केंद्र बन गया है। केवल कांग्रेस ही बांध को लेकर सकारात्मक राजनीति कर रहीं हैं जबकि 2013 की सभा में खुद पीएम मोदी ने इसे भरवाने का वादा किया था, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि तब के विधायक मदन राठौड़ ने माला व साफा नहीं पहनने की कसम खाई थी जब तक जवाई नहीं भरता, लेकिन अब सब वादे हवा हो गए।

## खेल छात्र जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान । 69वीं 17एवं 19वर्षीय जिला स्तरीय छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता का पी एम श्री महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ा हैदरशाह में उद्घघटान हुआ। जिसमें मुख्य उप जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक खेल कूद बिजेंद्रसिंह कोली धौलपुर, अध्यक्षता प्रधानाचार्य नरेश जैन , विशिष्ठ अतिथि उप प्रधानाचार्य कविता मीणा, मुख्य निर्णायक विजय उदेनिया रहे। प्रारंभ में सरस्वती पूजन किया गया वही सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य एवं सहसंयोजक नरेश जैन, अनीता द्विवेदी संगीता पराशर के द्वारा फूल माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। वही भामाशाहों को पगड़ी बांधकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक खेल कूद बिजेंद्रसिंह कोली ने कहा कि खेल से छात्र का मानसिक एवं शारीरिक संतुलन बनता है और खेल का जीवन में विशेष महत्व है अगर खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर मैडल लाते हैं तो उनको राजकीय सेवा जाने का सरल मार्ग मिलता है। वहीं प्रधानाचार्य व संयोजक नरेश जैन ने खेल का महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है लेकिन अगर खिलाड़ी अनुशासन बनाए रखते हैं तो एक दिन जीत जरूर हासिल होती है। उप प्रधानाचार्य कविता मीणा ने सभी निर्णायकों से अपील की बिना पक्षपात के खिलना चाहिए जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

## मारोठ में 69 वी जिला स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया अपना प्रदर्शन

### कबड्डी व हैंडबॉल प्रतियोगिता से गांव में मेले सा माहौल,



जयपुर टाइम्स

**नांवासिटी(निसं.)** । मारोठ कस्बे में श्री भेरवानाथ मंदिर मैदान में 69 वी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन लेकर दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन दिखाया । केदारमल शर्मा ने बताया की 4 दिवसीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 17 वर्ष में 33 टीम व 19 वर्ष में 18 टीमें सम्मिलित हुई। जिनमें 570 छात्राएं हिस्सा ले रही है जिनमें जिले की डीडवाना ,कुचामन ,नावां ,परबतसर,लाडनूं , मकराना की टीमें आई है इसी के साथ परफेक्ट एकेडमी मारोठ स्कूल में हैंडबॉल खेलकूद प्रतियोगिता चल रही है। भागीरथ राम सियाक व जी एल डारा ने जानकारी देते हुए बताया कि हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छात्र वर्ग 16 टीम और छात्रा वर्ग 16 टीमों ने भाग लिया जिनमें 380 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया है। जिला स्तरीय टूर्नामेंट में सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ की भोजन व्यवस्था मारोठ भैरव नाथ सेवा समिति द्वारा की जा रही है जो एक सराहनीय है शंकर लाल मीणा ने बताया कि 69वीं जिला स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में महात्मा गांधी स्कूल, मारोठ की बालिका टीम ने आयु वर्ग 17 एवं 19 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया है। यह जीत सिर्फ एक खेल की जीत नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और जज़्बे की जीत है। इसी के साथ जिले की अन्य 10 टीमों ने भी अपने-अपने विपक्षी को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी बेटियाँ और खिलाड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और संघर्ष की राह पर चलते हुए किसी भी मंज़िल को हासिल कर सकती हैं। खेल हमें सिर्फ जीतना नहीं सिखाता, बल्कि हार के बाद उठकर दोबारा लड़ने का साहस भी देता है। कब्बड्डी जैसे खेल हमारे भीतर टीम भावना, अनुशासन और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का विकास करते हैं।

## सेवा पखवाड़े से आएगा सामाजिक समरसता का भाव - धीरसिंहजादौन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान । सेवा पखवाड़े के तहत टहरी मंडल की कार्यशाला कोलारी में आयोजित की गई कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं विधानसभा धौलपुर संयोजक सेवा पखवाड़ा धीर सिंह जादौन रहे। विशिष्ट अतिथि टहरी मंडल प्रभारी आनंद शर्मा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता टहरी मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह लोधा ने की कार्यशाला को संबोधित करते हुए जादौन ने कहा है कि 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में जिला स्तर पर सामान्य चिकित्सालय में महा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा एवं स्वच्छता अभियान चलेगा 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर लगेंगे प्रबुद्ध जन संवाद होगा प्रधानमंत्री पर आधारित पुस्तकों का वितरण, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन , एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण , प्रदेश सरकार एवं स्थानीय नगर निकायों द्वारा आत्मनिर्भर भारत वोकल फोर लोकल का प्रचार एवं स्थानीय मेल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा दिव्यांगों को उपकरण वितरण , मोदी को शुभकामनाएं धन्यवाद प्रोग्राम होंगे विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी

## प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

### बहरावण्डा खुर्द में हिंदी दिवस का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर,(निसं.)** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत केंद्र एवं जिला युवा बोर्ड के निर्देशानुसार माय भारत स्वयंसेवक अनुभव सेन द्वारा खंडार पंचायत समिति के बहरावण्डा खुर्द में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षाविद श्याम सिंह मेरोठा द्वार मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। यह कार्यक्रम हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने और युवाओं को रचनात्मक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका और 'विकसित भारत' की कल्पना जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन एवं नारा लेखन की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। नारा लेखन में युवाओं ने हिंदी के सम्मान और भारत के विकास से संबंधित आकर्षक और प्रेरणादायक नारे लिखे। निबंध प्रतियोगिता में भी युवाओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किये। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कीर्ति शर्मा द्वितीया स्थान संगीता मीना तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से नरेंद्र बेरवा तथा रामकेश ने प्राप्त किया। विजेताओं को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान दिया गया। इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को माय भारत की टोपी भी वितरित की गई।

## ज्ञापन में क्षेत्रवासियों की दो प्रमुख माँगें उप-जिला चिकित्सालय एवं नर्सिंग कॉलेज भवन का शीघ्र निर्माण तथा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण को प्रमुखता से उठाया गया

जयपुर टाईम्स



**नावांसिटी (निसं.)** नावां सिटी की वर्षों पुरानी समस्याओं और मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर फ्रेंड्स क्लब के नेतृत्व में रविवार को ग्राम मारोठ में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री विजय चौधरी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में क्षेत्रवासियों की दो प्रमुख माँगें उप-जिला चिकित्सालय एवं नर्सिंग कॉलेज भवन का शीघ्र निर्माण तथा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि नावां सिटी एक विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र को सेवाएं देने वाला नगर है, लेकिन आज भी यहां स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा की भारी कमी है। वर्षों से लंबित उप-जिला चिकित्सालय एवं नर्सिंग कॉलेज भवन की परियोजना अब केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं रही, बल्कि यह आमजन की जीवन-रेखा बन चुकी है। इस परियोजना के पूरे होने से क्षेत्र को मिलेंगे अनेक बहुआयामी लाभ गंभीर रोगियों, बुजुर्गों व महिलाओं को अब दूसरे शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। स्थानीय युवाओं को यहीं पर नर्सिंग व पैरामेडिकल शिक्षा प्राप्त होगी।

आपदा, महामारी और सड़क दुर्घटनाओं जैसी स्थितियों में त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल। नावां सिटी को आत्मनिर्भर स्वास्थ्य एवं शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वर्तमान में नावां सिटी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी जर्जर स्थिति में है। बढ़ती जनसंख्या और यात्रियों की आवश्यकताओं को देखते हुए, अब नए रूटों पर नई बसों के संचालन की तत्काल जरूरत है।विशेष रूप से यह माँग उठाई गई कि बाईपास से गुजरने वाली समस्त बसों को मुख्य बस स्टैंड से होकर संचालित किया जाए, जिससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी, सुरक्षा और सुविधा प्राप्त हो सके। इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन होगा।ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि आगामी तीन माह के भीतर इन माँगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो क्षेत्रवासी जनहित में आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होंगे, जानकारी के अनुसार क्षेत्र वासियों द्वारा लगभग एक महीने पूर्व उपखंड अधिकारी नावा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर पुरजोर इस बात की मांग की थी व 3 महीने का समय देते हुए चेतावनी दी थी ।

# ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर 17 सितम्बर से होंगे आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा शहरी व ग्रामीण नागरिकों को प्रदत्त सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविरों व ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। शिविरों के सफल संचालन हेतु जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ कलक्टर सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि शहरी सेवा शिविर व ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित करने का उद्देश्य नागरिकों को समस्त सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा उनसे सम्बन्धित प्रकरणों का निस्तारण कर नागरिकों को राहत प्रदान करना है। उन्होने बताया कि शहरी सेवा शिविर का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन जिले की नगर निगम हेरिटेज/ग्रेटर, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के प्रत्येक वार्ड में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों का समय प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक रहेगा। जिला कलक्टर शिविर की तिथियों व वार्डो के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने व सभी सम्बन्धित जन प्रतिनिधियों को 17 तारीख से लगने वाले शिविरों की सम्पूर्ण तैयारी कर इसकी जानकारी सम्बन्धित जन प्रतिनिधियों को देने के निर्देश नगर निगम ग्रेटर/हेरिटेज जिला परिषद व नगर पालिकाओं के आयुक्तो व सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारियों को दिए है। उन्होने शिविरों की जानकारी प्रत्येक वार्ड के नागरिको को प्रदान करने के लिए घर-घर कचरा संग्रहण करने वाले टीप्परों पर जिंगल्स बनवाकर बजवाया जाए। उन्होने बताया कि शिविरों के दौरान शहरी क्षेत्र को स्वच्छ सुन्दर सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत साफ-सफाई स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु विवाह पंजियन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन से संबंधित आदि कार्य किये जाएंगे। उन्होने सूचना और प्रौद्योगिक विभाग के संयुक्त निदेशक को सभी ई-मित्र संचालको की वीसी लेकर शिविर के दौरान पूर्ण सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए है। उन्होने शिविर में चिन्हित समस्याओं, लम्बित प्रकरणों, राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन एवं सेवा पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों, प्रार्थना-पत्रों, सुझावों का तत्परता से समाधान व निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए है। उन्होने आमजन की सुविधा व जानकारी हेतु शिविरों में हेल्प डेस्क लगाने के निर्देश भी दिए हैं। इसी प्रकार ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन 17 सितम्बर से ही प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक किया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रथम सप्ताह में बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा आगामी सप्ताह में केवल गुरुवार शुक्रवार व शनिवार को प्रत्येक दिवस 02 ग्राम पंचायतों में पंचायत मुख्यालय पर स्थित पंचायत भवन, स्कूल भवन या उपलब्ध अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। एक शिविर हेतु शिविर की पंचायतों का निर्धारण इस प्रकार से किया जाएगा कि एक पंचायत समिति क्षेत्र की दोनों पंचायतें नजदीक स्थित हो ताकि पर्यवेक्षण में सुविधा रहे। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री, किसानों को 'किसान गिरदावरी ऐप' डाउनलोड करवाकर, किसान गिरदावरी के लिए प्रेरित, उपखण्ड एवं सहायक कलेक्टर न्यायालयों के लम्बित नोटिसों की तामीली, लम्बित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, आपसी सहमति से विभाजन, नामान्तरकरण, जाति प्रमाणपत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र बनाना एवं वितरण करने सहित 16 विभागों की 48 गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, नगर निगम हेरिटेज की आयुक्त डॉ. निधि पटेल, ग्रामीण सेवा शिविर के नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन, शहरी सेवा शिविर के नोडल अधिकारी मुकेश कुमार मूंड सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र बिश्नोई 19 सितम्बर को मानटाउन थाने में करेंगे परिवादियों की जनसुनवाई

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र बिश्नोई की अध्यक्षता में 19 सितम्बर को अपरान्ह 3 बजे से सांय 5 बजे तक वृत क्षेत्र सवाई माधोपुर के थानों के परिवादियों की जनसुनवाई पुलिस थाना मानटाउन सवाई माधोपुर में आयोजित की जाएगी। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर एवं वृत सवाई माधोपुर के सभी थानाधिकारियों को जनसुनवाई में सम्पूर्ण तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

## विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम देगा युवाओं को प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** भारत के भविष्य को आकार देने के लिए जिले के युवाओं को एक शानदार अवसर मिला है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा माय भारत पोर्टल पर "विकसित भारत युवा नेता संवाद-2026" लाइव हो गया है। यह संवाद युवाओं को सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचारों को प्रस्तुत करने का मौका दे रहा है। इस पहल के तहत, एक विशेष प्रश्नोत्तरी (क्विज़) का आयोजन किया गया है, जिसमें भाग लेकर युवा अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन कर सकते हैं। यह क्विज़ न केवल ज्ञान का परीक्षण करेगा, बल्कि देश के प्रति उनकी सोच और दृष्टिकोण को भी सामने लाएगा। क्विज़ में भाग लेने वाले शीर्ष 10 हजार विजेताओं को माय भारत के विशेष उपहार दिए जाएंगे। यह युवाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जोड़ने का एक प्रयास है। क्विज में भाग लेने के लिए युवा mybharat.gov.in/quiz पर जाकर पंजीकरण कर सकते है। अन्य किसी भी जानकारी के लिए युवा जिला माय भारत केंद्र अथवा टोल फ्री नंबर 14472 या 18002122729 पर संपर्क कर सकते है।

## खुले में घूम रहे गोवंश पानवा गौशाला भेजे जा रहे

### सड़क पर आवारा पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर होगी सख्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** कस्बे में खुले में घूम रहे गोवंश को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने के लिए जयपुर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार स्थानीय नगर पालिका मंडल फुलेरा ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गोवंश को पकड़कर पानवा गौशाला भेजा जा रहा है, ताकि उनकी समुचित देखभाल हो सके। अभियान की निगरानी पालिका एएसआई राकेश कुमार व जमादार सचिन तम्बोली कर रहे हैं। वहीं दिनेश गुर्जर, तुलसीराम, दिनेश, निखिल व विशाल की टीम गोवंश को पकड़कर गौशाला पहुंचाने का कार्य कर रही है। पालिका प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि पशुओं को सड़क पर छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ जुर्माना लगाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे जहां सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी, वहीं गोवंश को भी सुरक्षित ठिकाना मिलेगा।

**पालिका असिस्टेंट अकाउंटेंट कृष्ण कुमार यादव**

## विश्वकर्मा पूजा पर विशाल रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** विश्वकर्मा ग्रुप झुंझुनूं एवं सर्व समाज के सहयोग से आज 17 सितम्बर, बुधवार को विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला मुख्यालय स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर, कारूंड़िया रोड पर प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा। आयोजन समिति ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। इस बार भी अधिकाधिक संख्या में रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। समिति ने सभी समाजबंधुओं से आग्रह किया है कि इस पुनीत कार्य में सहयोग कर आयोजन को सफल बनाएं। शिविर के संयोजक विनोद सिद्धड़ ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और यह ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने समाजबंधुओं को स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। समिति ने बताया कि रक्तदान से न केवल मरीजों को जीवनरक्षक सहायता मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी सुदृढ़ होती है। शिविर स्थल पर उपस्थित होकर रक्तवीरों का मनोबल बढ़ाने की भी अपील की गई है। इस अवसर पर भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना विद्वान पंडितों के सानिध्य में संपन्न होगी और विश्व मंगल की कामना की जाएगी। आयोजन समिति ने विश्वास जताया कि सामूहिक सहभागिता से यह शिविर मानव सेवा की मिसाल बनेगा।



## जिला कलक्टर ने दीपावली से पूर्व क्षतिग्रस्त सड़कों, राजकीय भवनों की मरम्मत करवाने के दिए निर्देश

### आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** बजट घोषणा, सम्पर्क पोर्टल, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता बी.एस. मीना को निर्देशित करते हुए कहा कि जस्टाना, शेषा और बहरावण्ड़ा खुर्द, गलता रोड़ अंसारी मोहल्ले में जलापूर्ति की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने पंचायतराज विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर नकारा एवं खराब हैण्डपंपों का चिन्हिकरण कर सूची उपलब्ध करवाने, खराब हैण्डपंपों को तुरन्त प्रभाव से सही करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दीपावली के त्यौहार से पूर्व बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का चिन्हिकरण कर तुरन्त प्रभाव से पेचवर्क करवाने, सड़कों पर संबंधित एजेन्सी जैसे रिडकोर, एन.एच. और आरएसआरडीसी के बोर्ड स्थापित करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले के जर्जर विद्यालय एवं आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा करते हुए शीघ्र की मरम्मत एवं पुनरूद्धार कार्य प्रारम्भ कर भवनों को दुरूस्त करने के निर्देश एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश गुप्ता एवं उप निदेशक आईसीडीएम प्रियंका शर्मा को दिए।

## हर 2-4 दिन में टूट रही बीसलपुर की लाइन, प्यासे रह रहे कस्बेवासी जनप्रतिनिधि उदासीन

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निसं.)।** कस्बे में पेयजल आपूर्ति करने वाली बीसलपुर लाइन हर 2-4 दिन में टूटकर सप्लाई बाधित कर रही है। पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग से लेकर जनप्रतिनिधि तक सब उदासीन नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो विभाग के अधिकारी कोई स्थायी समाधान कर पा रहे हैं और न ही चुने हुए जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। नतीजा यह है कि कस्बेवासियों को कई-कई दिन पानी से तरसना पड़ता है और मजबूरी में महंगे दामों पर टैंकर मंगवाने पड़ते हैं।नागरिकों ने रोष प्रकट करते हुए कहा "नेता सिर्फ भाषणों में विकास करते हैं, हकीकत में जनता को पानी तक नहीं दिला पा रहे। अगर इतनी बड़ी समस्या पर भी चुप्पी साधी जाएगी तो जनता कब तक चुप बैठेगी?" लोगों का आरोप है कि चुनावी मौसम में वोट मांगने वाले नेता अब समस्या के समय मौन साधे हुए हैं। लगातार टूट रही बीसलपुर लाइन से जनता परेशान है, लेकिन समस्या पर न तो कोई ठोस कार्य योजना बनाई जा रही है और न ही नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। आक्रोशित नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। साथ ही अब जनता यह कहते हुए तीसरे विकल्प की तलाश करने लगी है कि "दोनों ही बड़ी पार्टियाँ समाधान देने में नाकाम रही हैं।

## *जोन-10 में ग्राम मालपुरा डूंगर में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से संचालित विला पैलाडियो रिसोर्ट को किया सील*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ग्राम मालपुरा डूंगर में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से संचालित विला पैलाडियो रिसोर्ट की सीलिंग की कार्यवाही कर उसके द्वारा ही जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण एवं कानोता बांध के भराव क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मालपुरा डूंगर, कानोता में जेडीए के बिना नक्शा अनुमोदन के विला पैलाडियो रिसोर्ट का अवैध रूप से संचालन करने पर जेडीए एक्ट के तहत नोटिस दिये गये। नोटिस के खिलाफ संचालक द्वारा जेडीए अपीलीय अधिकरण में वाद दायर किया गया। जिसमे जेडीए द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये अपीलीय अधिकरण में मजबूती से अपना पक्ष रखा गया तथा उसका वाद खारिज करवाकर न्यायालय के निर्णय के अनुसार संचालक को अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया। निर्धारित समय अवधि समाप्त होने के पश्चात् अतिक्रमण नहीं हटाने पर उक्त रिसोर्ट को उपमहानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 15.09.2025 को जोन-10 के तहसीलदार की निषादेही पर अवैध रूप से संचालित रिसोर्ट के प्रवेष द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से गेटों पर ताला व सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। इसी रिसोर्ट से लगती हुई जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि के खसरा नं. 09 पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से पत्थर के ब्लॉक बिछाकर विला पैलाडियो रिसोर्ट में आने-जाने हेतु रास्ते का निर्माण कर घोडो का अस्तबल, प्रवेष द्वार गुमटी, बनाकर अतिक्रमण करने पर उक्त अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से पूर्ण ध्वस्तीकरण किया गया। इसी रिसोर्ट के द्वारा कानोता बांध के भराव क्षेत्र की करीब 01 बीघा भूमि पर अतिक्रमण कर मिट्टी डालकर भूमि को समतल कर किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 11, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## एक शाम गौ माता के नाम विशाल जागरण का आयोजन, जागरण की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव कल्याणपुरा बिदावतान की श्री नंदिनी गौशाला में एक शाम गौ माता के नाम विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरण की तैयारियों को लेकर अलग-अलग टीमें गठित कर निमंत्रण देकर जागरण में अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है। एक शाम गौ माता के नाम जागरण में कलाकार डॉ ओम मुंडेल व देवेंद्र लांबिया द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जागरण के आयोजन को लेकर क्षेत्र में गो भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं गौ माता के लिए समर्पित भाव से सेवार्थ लगने वाले जागरण में हजारों की संख्या में लोगों की पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## *एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालय करेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र के रूप में कार्य*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग हेतु संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित/पंजीकृत समस्त परिवारों हेतु दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जयपुर ग्रामीण की संयुक्त निदेशक मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि उक्त योजना में आठ प्रकार की दुर्घटनाओं यथा रेल/वायु/सडक दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढहने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टी मशीन, आरा मशीन, ग्लाईन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिडकाव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु/क्षति होने पर अधिकतम दस लाख रूपये प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु एमएडीबीवाई पोर्टल पर दावेदार स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से दावा आसानी से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है, किन्तु ध्यान में आया है कि योजना की पर्याप्त जानकारी के अभाव में पीडित परिवार द्वारा सीधे दावा प्रस्तुत ना कर अन्य मध्यस्थ व्यक्तियों के माध्यम से दावा प्रस्तुत करवाता है एवं उसकी एवज में मध्यस्थों द्वारा कई बार पीडित परिवार से खाली चैक/राशि भी प्राप्त किया जाना संभावित है, जिसकी पृथक् से जांच करवाई जा रही है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत पेड श्रेणी की पॉलिसी के लाभार्थी यथा समय अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण करवाए, सीमान्त कृषक श्रेणी एवं कोविड श्रेणी के लाभार्थी प्रतिवर्ष अपनी पॉलिसी डॉउनलोड कर लेवे, लाभार्थी परिवार के प्रत्येक सदस्य का पंजीयन जनाधार में करवाए तथा लाभार्थी परिवार बिना किसी मध्यस्थ के, स्वयं के स्तर पर आसानी से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में दावा प्रस्तुत कर सकता है। किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई आने पर एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालय जयपुर ग्रामीण के डेडीकेटेड सहायता केन्द्र /डीस्ट्रीक हेल्प लाइन नम्बर 9587505193 पर अथवा सैन्ट्रल हेल्प लाइन नम्बर 18001806268 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

## जलाए जायेंगे 11000 दीपक 19 सितम्बर शुक्रवार को, पितरों का तर्पण पितृ दीपावली का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्री कल्याण धाम सीकर पितृ पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर 19 सितम्बर शुक्रवार को धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में पितृ दीपावली का आयोजन दोपहर 2.15 बजे अपने अपने पितरों के निमित सामूहिक तर्पण 05 बजे कल्याण धणी की महाआरती कर शालिग्राम भगवान की तुलसी दल से पूजन कर श्री कल्याण धाम से माधव सागर तक भव्य शोभायात्रा माधव सागर पर 11000 दीपकों से भव्य सजावट कर पितरों के निमित दीप दान साथ ही विष्णु पद के साथ की जाएगी पूजा, मान्यता कि शास्त्रों में ऐसा वर्णन कि पितृ पक्ष के दौरान पितृ धरती पर आते उनके निमित सभी पूजा अर्चना करते । मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने इस विषय पर बताया कि शास्त्रों मुख्य रूप से तीन दीपावली मनाई जाती जिसमे मनुष्य लोक की दीपावली हम कार्तिक की अमावस्या को आती और देव लोक की दीपावली कार्तिक की पूर्णिमा पर हम लोग मानते इसी प्रकार पितृ लोक की दीपावली आश्विन कृष्ण त्रयोदशी को मनाई जाती। मान्यता है कि इस दिन पितरों के निमित विष्णु मंदिर में यदि दीप दान किया जाता तो पितरों का मार्ग रोशनीमय होता और वे अपने लोक को खुश होकर लोटते है मानव जिस प्रकार अपने घर दीपावली मनाता है उस तरह इसे भाव से मनाना चाहिये गया जी में विष्णु पद पर यह उत्सव लाखो वर्षो से बड़े ही धूम धाम के साथ मनाते । उत्सव इस बार श्री कल्याण धाम में 19 सितम्बर को सायं काल 05 बजे मनाया जाएगा जिसमे श्री कल्याण मंदिर भव्य बैंड वादन के साथ श्री कल्याण जी महाराज रथ में विराजमान होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए माधव सागर जाकर पितरों के निमित दीप दान किया जायेगा।

## पांच दिवसीय महिला कृषक भ्रमण दल रवाना

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू (निसं.)**आत्मा योजनान्तर्गत सोमवार को 45 महिला कृषकों का भ्रमण दल नवलगढ़ से रवाना हुआ। नवलगढ़ के सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) कार्यालय से उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) शीशराम जाखड़, सहायक निदेषक कृषि (विस्तार) नवलगढ रोहिताश ढाका व कृषि अधिकारी नवलगढ मोनिका जाट ने अंतराराज्य पांच दिवसीय कृषक भ्रमण को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृषि विभाग के उप निदेशक शीशराम जाखड़ ने बताया कि पांच दिवसीय महिला कृषक कृषि विज्ञान केन्द्र, चोमू (जयपुर), कृषि उपज मण्डी समिति (फल एवं सब्जी) अजमेर, राष्ट्रीय बीजीय मषाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी फार्म, कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर, कृषि विज्ञान केन्द्र राजसमन्द, कृषि विज्ञान केन्द्र मडगांव व एमपीयूटी उदयपुर, के.वी.के. व राजहंस नर्सरी चितोड़गढ का भ्रमण करेगें तथा इस 5 दिवस के दौरान जैविक खेती, हाईटेक उद्यानिकी, पषुपालन, नर्सरी प्रबंधन तकनीकी, मषाला खेती, वर्षा जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, विभिन्न रबी फसलों की किस्मे कीट प्रबन्धन सहित नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रषिक्षण प्राप्त करेगें। भ्रमण के प्रभारी कृषि अधिकारी नवलगढ सुभाषचन्द्र सीगड़, कृषि पर्यवेक्षक डूमरा मन्जू व कृषि पर्यक्षक कृष्णा कटेवा होगी । इस अवसर पर कृषि अधिकारी नवलगढ जगदीष प्रसाद सैनी, जय श्री बीज भण्डार के प्रोपराइटर रणवीर सिंह, हनुमान बीज भण्डार खिरोड़ के प्रोपराइटर नरोतम व 45 महिला कृषक उपस्थित थे।

## ओवरलोड, बिना परमिट, बिना टैक्स के संचालित वाहनों पर की कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं (निसं.)**परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार ओवरलोड, बिना परमिट, बिना टैक्स के संचालित वाहनों इत्यादि के खिलाफ निरन्तर कार्यवाही के तहत 13 से 15 सितम्बर तक परिवहन निरीक्षक रमेश कुमार यादव एवं रोहिताश कुमार भगासरा द्वारा कुल 98 वाहनों का चालाना कर कुल 8 लाख का राजस्व प्राप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीना ने बताया कि 03 ऑवरलोड डम्फर, 01 लोडर, 01 केन तथा एक स्लीपर बस सहित कुल 8 वाहनों के खिलाफ जप्ती की कार्यवाही अमल में लाई गई है।


प्रारूप - 10
नियम 6 (7) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका, दूदू, जिला जयपुर**

क्रमांक :-251 दिनांक :- 11.09.2025

**लोक सूचना**

श्री रामदयाल पुत्र श्री नानूराम, 76 वर्ष, जाति बलाई, निवासी बलाईयो का मोहल्ला भोजपुरी गैजी, पडासोली, तहसील दूदू जिला जयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि के अनुसार भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भुमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| ग्राम, जिले, तहसील का नाम | खसरे व क्षेत्रफल | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|
| ग्राम भोजपुर, तहसील दूदू, जिला जयपुर | खसरा न. 195 रकबा 1.1600 हैक्टेयर में से 1.0000 हैक्टेयर कुल खसरे 01 कुल ओवादित रकबा 1.0000 हैक्टेयर अर्थात 10000 वर्गमीटर भूमि | औद्योगिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके, द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तारकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को कोई आपेक्ष नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 11.09.2025 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका दूदू

# वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान शुरू

**गोविंद सिंह डोटासरा ने सीकर में टीकाराम जूली ने अलवर में जयपुर में रोहित बोहराने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत, गांव गांव और ढाणी ढाणी में लोगों से हस्ताक्षर करवा रही कांग्रेस, शहरों में भी हर वार्ड में प्रत्येक घर तक पहुंचेगी कांग्रेस**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के तहत राजस्थान कांग्रेस ने सोमवार को पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करती है राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस अभियान की शुरुआत जहां सीकर से की है तो प्रत्यक्ष के नेता टीकाराम जूली ने अलवर से इस अभियान की शुरुआत की है राजधानी जयपुर में जयपुर शहर जिला कांग्रेस के प्रभारी और राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष और रोहित बोहरा ने इस अभियान की शुरुआत की इस मौके पर जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष आर आर तिवारी और जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े नेता शामिल रहे बोहराने राजस्थान कांग्रेस कार्यालय से इस अभियान की शुरुआत की है पत्रकारों से बातचीत के दौरान बोहरा ने कहा कि उन्हें नहीं लगता की प्रदेश की भजन लाल सरकार अपने इस वर्तमान काल में नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाएगी क्योंकि भाजपा को एहसास हो गया है कि इन चुनाव में उन्हें सफलता नहीं मिलेगी इसलिए जानबूझकर चुनाव नहीं करवाए जा रहे अगर चुनाव करवाने के लिए भाजपा की सरकार इतनी ही गंभीर थी तो फिर भरतपुर में जिला प्रमुख का चुनाव पिछले 2 साल से क्यों नहीं करवाए जा रहे उन्होंने कहा कि प्रदेश के यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा पहले दिसंबर 2025 में चुनाव करवाने की बात कहते थे और अब जनवरी 2026 में चुनाव करवाने की बात कह रहे हैं इसलिए साफ जाहिर है कि सरकार चुनाव करवाना ही नहीं जाती बोहरा ने यह भी कहा कि जब तक ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक चुनाव हो भी नहीं सकते जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को आयोजित बैठक में संगठन से जुड़े कई नेताओं और बड़े नेताओं के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने कहा कि है कि जो लोग अनुपस्थित रहे हैं वह अब तय करेंगे कि उन्हें चुनाव लड़ना है या नहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजस्थान कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रोहित वोहरा ने कहा कि वोट कर गद्दी छोड़ का नारा राहुल गांधी ने दिया और राहुल गांधी ने वोट चोरी का खुलासा किया लेकिन अब कांग्रेस पार्टी पूरे देश में इस नारे को जन-जन तक लेकर जाएगी इसी क्रम में राजस्थान में राजस्थान कांग्रेस की ओर से सोमवार से हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया है जो 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और संगठन से जुड़े नेता तो हस्ताक्षर करेंगे ही इसके अलावा आमजन से भी हस्ताक्षर करवाए जाएंगे और आमजन को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर यह बताएंगे कि भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में किस तरह से वोट की चोरी की है वोहरा ने कहा कि राजस्थान कांग्रेस हर गांव और ढाणी में हस्ताक्षर अभियान को लेकर जाएगी और लोगों से हस्ताक्षर करवाएगी इसके अलावा शहरों में भी हर वार्ड में हर घर में जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे उन्होंने कहा कि राजस्थान में मतदाता सूची गहन पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम से पहले इस हस्ताक्षर अभियान को संपादित किया जाएगा जानकारी के अनुसार राजस्थान कांग्रेस की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में इस अभियान की शुरुआत सोमवार को हो गई है इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के प्रदेश, जिला, मंडल, ब्लॉक स्तर तक के पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है इस अभियान में पार्टी के छोटे बड़े सभी जनप्रतिनिधियों को भी सहभागिता निभाने को कहा गया है । जानकार लोगों का कहना है कि इस अभियान को लेकर कांग्रेस पार्टी के छोटे बड़े सभी नेता पूरी तरह से एक मत नजर आ रहे हैं क्योंकि यह नारा राहुल गांधी ने दिया हुआ है इसलिए इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कांग्रेस पार्टी के छोटे बड़े सभी नेता तमाम तरह के मतभेद बुलाकर एक मंच पर आकर इस अभियान को सफल बनाने में जुट गए हैं ।

## प्राचार्यों का पदस्थापन करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्राचार्य काउंसलिंग संघर्ष समिति द्वारा उपखंड अधिकारी के मार्फत प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपकर यथास्थान कार्यरत प्राचार्यों का शीघ्र पदस्थापन करवाने की मांग की गई है। प्राचार्य काउंसलिंग संघर्ष समिति के प्रदेश सहसंयोजक धर्मसिंह मीणा ने बताया की ज्ञापन के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री महोदय से 3885 प्राचार्यों की जल्द काउंसलिंग करवाकर पदस्थापन करवाने की मांग मांग को बुलंद किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 4700 विद्यालयों में प्राचार्य के पद रिक्त हैं और 3800 प्राचार्य 30 मई 2025 से पदस्थापन के इंतजार में है। पदस्थापन नहीं होने के कारण किसी विद्यालय में तो दो- दो प्राचार्य है और किसी में एक भी प्राचार्य नहीं है, जिसके कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसलिए ज्ञापन द्वारा जल्द काउंसलिंग शेड्युल जारी कर पदस्थापन और समसा द्वारा जारी विज्ञप्ति में भाग लेने की अनुमति की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते वक्त प्रदेश संयोजक धर्म सिंह मीना, हेमलता प्रजापत, अनिता सुरेका, आशा राठौड़, सुरेश टाक, ऋषिकेश, गोवर्धन आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शन कर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** उपखंड कार्यालय पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में सरदारशहर के चर्चित पूनम हत्याकांड के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया है कि हत्याकांड में केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसलिए सभी आरोपियों को अरेस्ट कर उन्हें कठोर सजा दी जावे। पार्षद दीनदयाल पारीक ने बताया कि इस प्रकार के नृशंस हत्याकांड ने सबको झकझोर कर रख दिया है। अतः सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दिया जाना आवश्यक है। इस दौरान ओमप्रकाश पारीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, कमल दाधीच, रविन्द्र पांडे, एडवोकेट मनीष दाधीच, पार्षद गौरव इंदोरिया, पुरूषोतम शर्मा, रामरतन शर्मा, गोपाल पारीक, अशोक पारीक, भीमशंकर शर्मा, पार्षद मनोज पारीक, महेश जोशी, दीपक कौशिक, राजकुमार पारीक, अशोक तिवाड़ी, जुगल पारीक, प्रशांत शर्मा, राजकुमार पारीक, अनिल पारीक, सुशील सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## छात्रा और भाजपा नेता पर हमले के विरोध में सनातन सेवा न्यास ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले युवकों एवं भाजपा नेता पर हमला करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर आरोपियों की बाजार में परेड निकालने की मांग को लेकर सनातन सेवा न्यास पदाधिकारियों ने सोमवार को एसडीएम मिथिलेश कुमार को ज्ञापन दिया है। न्यास द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शहर की कक्षा 12 की छात्रा को साजिद मणियार, साहिल काजी एवं उनके साथियों द्वारा रास्ता रोककर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रताड़ना से छात्रा की मानसिक स्थिति भी बिगड़ गई और उसने आत्महत्या का भी प्रयास किया था। जब इस बात के लिए समझाइश करने गए भाजपा नेता निरंजन रूंथला व छात्रा के भाई के साथ समझाइश के लिए शमशुद्दीन मणियार की दुकान पर गए, तब आरोपियों ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। यह केवल व्यक्तिगत घटना नहीं है, बल्कि लव जिहाद, ब्लेकमेल, आर्थिक शोषण व अन्य अपराधों में युवतियों की फंसाने का प्रयास है, जिससे समाज की शांति व महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इन युवकों के चंगुल में और भी युवतियां फंसी हो सकती है और आरोपी बचने के लिए हर संभव रास्ता अपनाने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही पीड़ित छात्रा व उसके परिवार को पुलिस सुरक्षा दी जाए एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस प्रकरण में यदि 72 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई, तो रतनगढ़ बंद का आह्वान कर जनआंदोलन किया जाएगा। न्यास के नगर उपाध्यक्ष गोविंद खठौड़ के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन पर विनोद प्रजापत, दिनेश लाहोटी, शंभुदयाल लाटा, उमाशंकर शर्मा, रमेश मोयल, नवरतन बाटू, शशि नौहाल सहित कई लोगों के हस्ताक्षर है।

## खानापूर्ति करने में माहिर चूरू नगरपरिषद ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को नीचा दिखाने की कसम खाई!

**कलेक्टर कार्यालय से 100 मीटर दूर पंचायत समिति के सामने गंदे पानी की पाइप लाइन लीकेज, दुर्गंध से आमजन दुखी**

**आधी सड़क पर गन्दा पानी और आधी पर मिट्टी जमी हुई है**



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** चूरू में प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है या बेहोश हो चुका है। तभी तो लोग कह रहे हैं कि चूरू प्रशासन होश में आओ होश में आओ। मिली जानकारी के अनुसार चूरू कलेक्टर कार्यालय से 100 मीटर दूर पंचायत समिति के सामने लंबे समय से गंदे पानी की पाइप लाइन लीकेज है। इससे भारी मात्रा में गंदा पानी मुख्य सड़क पर एकत्रित हो गया है। इसकी दुर्गंध से आमजन को बहुत परेशानी हो रही है। साथ ही यहां दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। क्योंकि आधी सड़क पर गंदा पानी और आधी सड़क पर मिट्टी जमी हुई है। मजे की बात यह है कि जिला कलेक्टर, एडीएम आदि सहित दर्जनों उच्च अधिकारी इसी सड़क से आते जाते हैं। लेकिन किसी को भी इस समस्या का समाधान करवाने की फुर्सत नहीं है। उनकी गाड़ियां दिन में चार बार यहां से गुजरती हैं। लगता है यहां का प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगरपरिषद के अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही आमजन पर भारी पड़ रही है। खानापूर्ति करने में माहिर नगरपरिषद वालों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी आदि सहित उच्च अधिकारियों को नीचा दिखाने की कसम खा ली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इनको जितने निर्देश देते हैं, ये उतने ही उल्टे काम करते हैं। इन्हें कोई कहने सुनने वाला भी तो नहीं है। इसलिए इनकी नीति पूरी तरह से खराब हो गई है। कोई मरे हो मरो चाहे, इनकी तनख्वा तो पक्की है। ये अधिकारी यहां दो मिनट खड़े रहकर दिखा दें तो मान जाएं। ऐसे में यहां रहने वालों की क्या हालत हो रही होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर यहां के अधिकारी फिट्टेपन की सभी हदें पार कर चुके हैं। तभी तो कहते हैं कि चूरू प्रशासन होश में आओ होश में आओ। अब देखना यह है कि इनकी बंद आंखें कब खुलती हैं। तब तक बुराई का भांडा अफसर नंबर वन पर ही फूटता रहेगा।

## जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, संघर्ष जारी रहेगा-सांसद कस्वां

**कलेक्ट्रेट के आगे किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन, बकाया फसल बीमा क्लेम सहित 13 सूत्री मांगों को लेकर लामबंद हुए किसान, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** कलेक्ट्रेट के सामने सोमवार को बकाया फसल बीमा क्लेम सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले हुये इस प्रदर्शन में जिलेभर से हजारों किसान पहुंचे। सुजानगढ़ तहसील से कई किसान पैदल यात्रा कर धरना स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया व एडवोकेट निर्मल प्रजापत सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने धरने का समर्थन किया। सांसद राहुल कस्वां के नेतृत्व में किसानों ने खरीफ 2025 की फसलों के बकाया बीमा क्लेम सहित 13 सूत्री मांगों को लेकर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों की प्रमुख मांगों में-फसल कटाई प्रयोग में पारदर्शिता, मूंग मोठ के सड़े-गले दानों को क्रोप कटिंग रिपोर्ट में शामिल न करना, ट्यूबवेल किसानों को छह घंटे बिजली आपूर्ति, अतिवृष्टि व गोजालट से नष्ट फसलों की विशेष गिरदावरी, खरीफ 2021-2022 के लंबित बीमा क्लेम जारी करना व खरीफ 2023 के क्लेम में सैटेलाइट डेटा की बजाय क्रोप कटिंग रिपोर्ट को आधार बनाने की मुख्य मांग शामिल है। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि किसानों की समस्याओं की लंबे समय से अनदेखी हो रही है। फसल बीमा योजना किसानों के लिए राहत का माध्यम है, लेकिन बकाया क्लेम समय पर नहीं मिलना अन्याय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों की मांगों को केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। सांसद ने कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। बैंकों व बीमा कंपनियों की लापरवाही से वंचित 96 हजार किसानों को रबी 2017-18 से खरीफ 2020 तक के बकाया क्लेम दिलाने, बिजली के स्मार्ट मीटर पर रोक, हाईटेंशन लाइन के नीचे की भूमि का बाजार भाव से चार गुना मुआवजा व सालासर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। किसानों ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि जल्द ही मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन को देखते हुये भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान सभा व कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सदन में कैमरे लगाने को लेकर कांग्रेस की महिला विधायकों ने खोला मोर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में दो अतिरिक्त कैमरे लगाने को लेकर राजस्थान कांग्रेस की महिला विधायकों ने भी गहरी नाराजगी जाहिर की है महिला विधायकों ने सोमवार को राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके अपने गुस्से का इजहार किया और कहा कि जब सदन में पहले से ही कैमरे मौजूद है और सदन में मौजूद सभी कमरों का यूट्यूब से लिंक है तो फिर दो अतिरिक्त कमरे लगाने के पीछे सत्ता पक्ष और विधानसभा अध्यक्ष की इच्छा क्या है आखिर किस वजह से यह कैमरे उन्हीं के ऊपर सदन में क्यों स्थापित किए गए हैं सोमवार को कांग्रेस की विधायक शिमला नायक एवं गीता बरवड़ ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों के बैठने वाले स्थान पर जहाँ महिला विधायक बैठती हैं, के ऊपर वीडियो कैमरे लगाकर निगरानी करना ना सिर्फ विधानसभा के नियमों के विपरीत है, बल्कि विधायिका परम्पराओं का भी उल्लंघन है। विधानसभा में कैमरे और माईक विधायकों के सम्बोधन के समय आवाज और उनकी वीडियो को आम जनता के समक्ष लाइव दिखाने तथा विधानसभा के रिकॉर्ड के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, किन्तु विधानसभा परिसर में जहाँ विपक्ष कांग्रेस से जीत कर आई महिला विधायक बैठती हैं, वहाँ इस प्रकार के वीडियो कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे उस स्थान पर आपसी बातचीत को भी उन कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड किया जा सकता है और देखा जा सकता है, किन्तु इन कैमरों से सार्वजनिक प्रसारण नहीं किया जाता है। इन कैमरों का एक्सेस केवल विधानसभा अध्यक्ष के पास है तथा विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के पश्चात भी इन कैमरों के माध्यम से वहाँ मौजूद विपक्षी दल कांग्रेस की महिला विधायकों की समस्त गतिविधियों एवं उनकी बातचीत रिकॉर्ड कर सुनी जाती है जो कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अपने आराम कक्ष में रिकॉर्डिंग के माध्यम से महिला विधायकों पर नजर रखी जाती है। यह समस्त महिला विधायकों की निजता का उल्लंघन है। ऐसी समस्त रिकॉर्डिंग एवं निगरानी न सिर्फ कानूनी रूप से गलत है बल्कि जब सदन नहीं चल रहा हो तो इन कैमरों के माध्यम से ली गई समस्त जानकारी महिला विधायकों के निजता के अधिकार पर एक प्रहार है। महिला विधायकों की निजता का उल्लंघन, गरिमा और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए लगाए गए इन जासूसी कैमरों की शिकायत कांग्रेस पार्टी की समस्त महिला विधायकों ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से की थी तथा महिलाओं की निजता के अधिकार क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से नजर रखने के इस कृत्य को रोकने हेतु कार्यवाही करने की मांग की थी।

## स्मार्ट मीटर एवं बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन 29 सितम्बर को



### अंचल के गावों में सघन जनसंपर्क

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर पूरे जिले में स्मार्ट मीटर योजना की लूट के खिलाफ जन जागरण के साथ संगठन का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। गोठड़ा भूखरान सीकर में किसान सभा ग्राम इकाई का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए किसान सभा जिला कमेटी सदस्य सत्यजीत भींचर ने कहा कि आज सरकार स्मार्ट मीटर के साथ बीजली का पूर्णतया निजीकरण करने जा रही है। सरकार आम जन के पैसों से अपने कार्पोरेट मित्रों की कम्पनियों को बढ़ाने का काम कर रही है। सम्मेलन में 13 सदस्यों की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई जिसमें ओमप्रकाश को अध्यक्ष, गिरधारी सिंह को उपाध्यक्ष, अशोक को सचिव, रामकुमार को संयुक्त सचिव तथा नरेश भूकर को कोषाध्यक्ष , भंवरलाल, विनोद, सुल्तान, मूलचंद,रामेश्वर, बलदेवाराम, बेभा राम को सदस्य चुना गया।सम्मेलन का समापन करते हुए सीकर बार एसोसिएशन के महासचिव नरेश भूकर ने कहा की ग्राम गोठड़ा भूखरान संघर्षों की धरती है यहां के किसानों ने सरकारों की गलत नीतियों का हमेशा विरोध किया है। उन्होंने गोठड़ा भूखरान से 29 सितंबर को कृषि मंडी, सीकर में आहुत विशाल सभा में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने का भरोसा दिलाया। किसान सभा सीकर जिला महासचिव सागर खाचरिया ने बताया कि 29 सितम्बर को कृषि मंडी, सीकर में स्मार्ट मीटर व बिजली के निजीकरण के विरोध में होने वाले विशाल आम सभा की तैयारी हेतु किसान सभा व बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति के नेतृत्व द्वारा सभी तहसीलों के गांव - कस्बों में सघन जनसंपर्क किया जा रहा है।

## पात्रता परीक्षा के निर्णय के विरोध में शिक्षकों ने किया विरोध-प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देशानुसार राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला शाखा चूरू की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) संबंधी निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि एक सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षकों व राजस्थान के लगभग एक लाख शिक्षकों व बीस लाख परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुये हैं। ज्ञापन में बताया कि ऐसे निर्णय से शिक्षकों की सेवा, सुरक्षा और आजीविका संकट में पड़ सकती है। आपको बता दें कि इस निर्णय में सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य की गई, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 व राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अधिसूचना में लिखित श्रेणियों को अनदेखा किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारियों ने आग्रह किया कि न्यायालय का यह निर्णय केवल भविष्यलक्षी रूप से लागू करते हुए वैध नियमों के अंतर्गत 2010 से पूर्व नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जायें, इसके साथ ही लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने के लिये आवश्यक प्रयास करें। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में मंडल उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, संभाग संगठन मंत्री रामेश्वर खीचड़, निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार सैनी, जिला मंत्री गोपालराम जांगिड़, कौशल्या चौधरी, रेणु सुईवाल, चिमनलाल शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, कन्हैयालाल सैनी, जोगेंद्र सिंह, लक्ष्मण दान चारण, वीरेंद्र सिंह राठौड़, चिरंजी लाल सैनी, रश्मि जांगिड़, ज्योति वर्मा, शांति सैनी, तुलसी देवी, अमित शर्मा, राजगढ़ उप शाखा के वासुदेव शर्मा, योगेश छिम्पा, अमित छिम्पा, बीरबल शर्मा, सुजानगढ़ उप शाखा के कमल जाखड़, मनोज शर्मा, रामेष्वर लाल खीचड़, रंजन अत्री, रणजीत सिंह, रामावतार शर्मा, धनराज सिंगोदिया, अभिषेक चौधरी, अब्दुल सत्तार, तारानगर उप शाखा के जयप्रकाश शर्मा, राजेंद्र किरोड़ीवाल, अरविंद भाम्भी, नरसाराम प्रजापत, हुल्लासमल सैनी, नरेंद्र भाटी, महेंद्र कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर जताया विधायक हाकम अली खान का आभार



जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। जिले के फतेहपुर में विधायक हाकम हाकम अली के निवास स्थान पहुंचकर गांव गांगियासर निवासी कांग्रेस में युवा भूपेंद्र कुमार को अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद सोमवार को भूपेंद्र सिंह और उनके समर्थकों ने माला और मिठाई खिलाकर विधायक का आभार व्यक्त किया। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी। इस युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुरेंद्र महिचा, नगर अध्यक्ष छोटेलाल महिचा,जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह कटारिया, महावीर प्रसाद कटारिया,विशाल चावला,अनिल, निर्मल, रोहिताश, रवींद्र कुमार, इंद्रलाल, अमीलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## फैंसी ड्रेस मेला का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। हरिराम लोहिया सभागार सुभाष चौक स्थित गढ़ में अग्रवाल की अग्रवाल महिला मंडल की ओर से बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस मेला का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष मंजू लोहिया ने बताया कि महिलाओं ने इस में हिस्सा लिया छोटे-छोटे बच्चे फैंसी ड्रेस पहन कर आए मेले में बच्चों ने गेम्स और खाने की चटपटी इस तरह लगे कहीं गेम्स भी खिलाएं। कार्यक्रम की संयोजिका सुमन खेतान प्रभा अग्रवाल नेहा तोड़ी चंदा गोयनका कविता अग्रवाल स्वीटी तोड़ी रही। बच्चों को पारितोषिक दिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में अरुण पागलवा प्रीति जैन सवी अग्रवाल पिंकी मठया ने जजमेंट किया। अरुण पागलवाने सबको पारितोषिक देकर बच्चों का संवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सोनू मोदी शहर अध्यक्ष संतोष अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल मनीषा सुशील मित्तल आदित्य रही। बद्री बिहार में 19 सितम्बर को साइकिल डाडिया का कार्यक्रम 16 सितम्बर को वृक्षारोपण गौ सेवा कार्यक्रम गोपीनाथ गौशाला में होगा।

## आईटी यूनियन की बैठक मुद्दों पर की गई चर्चा



जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। राजस्थान राज्य अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ, जिला शाखा, सीकर की बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष राकेश थालोड़ द्वारा बताया गया कि बैठक में सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायकों की विभिन्न विभागीय समस्याओं जैसे जिले में सहायक प्रोग्रामर के पद कम होने, स्थानीय निकाय विभाग के कार्यालयों जैसे नगर परिषद एवं नगर पालिका में आईटी विभाग के पद सृजित करवाये जाने,राजस्व विभाग में प्रतिनियुक्ति की व्यवस्था के स्थान पर पद सृजित किये जाने, मोबाईल भत्ता एवं हार्ड ड्यूटी अलाउन्स आदि के संबंध में चर्चा की गई। संघ द्वारा आगामी माह में किये जाने वाले कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया कि संघ द्वारा माननीय मंत्री महोदय, स्थानीय निकाय विभाग राजस्थान को नगर परिषद एवं नगर पालिका में आईटी विभाग के पद सृजित करवाये जाने के लिए ज्ञापन दिया जावेगा। साथ ही राजस्व विभाग में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले कार्मिकों के स्थान पर स्थाई पद सृजित किये जाने के लिए जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया जावेगा।बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश थालोड़, उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमावत, संगठन मंत्री प्रभात तिवाड़ी, पूर्व प्रदेश महासचिव महावीर बुरड़क, नरेन्द्र कुमार, मनीष फगेड़िया, महावीर बड़केशिया, सनन्दन शर्मा, मनीष अग्रवाल, लोकेश मिश्रा, मनेश ढाका,प्रदीप कुमावत, दिनेश फगेड़िया, मनीष फगेड़िया आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया सीएचसी का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। विधायक मनोज मेघवाल ने कानूता सीएचसी का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि कुछ समय पहले ही बने लैब भवन में काफी खामियां मिली हैं। हैंड ओवर विधायक को होने से पहले ही घटिया निर्माण के कारण सीलन सहित अनेक समस्याएं देखने को मिली हैं। विधायक ने अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों से बात की और चिकित्सक से अस्पताल में उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उसके बाद विधायक ने एमआरएस की बैठक में भाग लिया, जिसमें अनेक समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।

# पराक्रम, शौर्य व बलिदान का अनुकरणीय उदाहरण मेजर दलपत सिंह शेखावतः मुख्यमंत्री शर्मा

### मुख्यमंत्री ने किया बलिदान दिवस पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। मेजर दलपतसिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं वीरांगना सम्मान समारोह तथा सामाजिक जागृति सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा किया गया। रावणा राजपूत समाज व आयोजन समिति के संयोजक एडवोकेट हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि समारोह सम्मान समारोह 23 सितम्बर को सीकर के राणी शक्ति रोड स्थित प्रधानजी का जाव में आयोजित किया जायेगा। रविवार को सीकर जिले के प्रतिनिधियों के आग्रह पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा मेजर दलपतसिंह शेखावत ने अपनी शहादत देते हुये इजराइल के हाइफा शहर को अपने अदम्य साहस व शौर्य के बल पर तुर्की सेना के कब्जे से तोप और बंदूकों के सामने तलवार और भालो के बल पर आजाद करवाया था। मेजर दलपत सिंह शेखावत का शौर्य और पराक्रम भरा बलिदान न केवल भारतीय बल्कि विश्व पटल पर अनुकरणीय उदाहरण है जो भारतीय शूरवीर योद्धाओं के साहस और शौर्य की अनुपम मिसाल दर्शाता है। मेजर साहब की शहादत आज भी भारत के युवाओं को प्रेरणा व देशभक्ति का संदेश देती है। मुख्यमंत्री के नाते में कार्यक्रम की सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं और मेजर साब को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि देता हुआ आपको कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं देता हूँ। पोस्टर विमोचन के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दधीच, रावणा राजपूत प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला,भाजपा नेता डॉ. बलवन्त सिंह चिराना,अधिवक्ता हनुमान सिंह पालवास, विजेंद्र सिंह रावणा,शंकर सिंह उगरावत,उत्तम सिंह शक्तावत,भटोठ सरपंच अजयपाल सिंह,पूर्व पार्षद सम्पत सिंह, गोपाल सिंह पार्षद ,ओम सिंह दुजोद,झाड़ली सरपंच रामवतार सिंह,नरेन्द्र सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह निर्वाण,राजेश सिंह ,विक्रम सिंह नेतड़वास,सज्जन सिंह निर्वाण, उमराव सिंह धोद,एडवोकेट दशरथ सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान हेतु चयन समिति का गठन

जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। सामाजिक संस्था माइनारिटी अफेयर्स एसोसिएशन सीकर की ओर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सातवें मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह हेतु प्रतिभाओं के चयन के लिए संस्था ने चयन समिति का गठन किया है। संस्था महासचिव निसार अहमद जादू ने बताया कि चयन समिति द्वारा सीकर जिले के 10 वीं/12 वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत या अधिक, नीट/ जे ई ई प्रवेश परीक्षा से सरकारी कॉलेज में एम बी बी एस /आई आई टी में प्रवेशित, सरकारी सेवा में नियुक्त, दीनी तालीम में मुफ्ती/आलिम कोर्स पूर्ण, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के प्रतिभागी और स्नातक/ स्नातकोत्तर डिग्री में 75` या अधिक अंक प्राप्त प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा।

## जिला कार्यकारणी कि मिटींग 17 सितम्बर को

सीकर(निसं.)। सूरजमल कालोनी, नवलगढ़ रोडसीकर जिला कांग्रेस सेवादल कार्यकारणी के पदाधिकारियों की मिटींग 17 सितम्बर बुधवार को दोपहर में इन्दिरा गांधी भवन, जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित की जायेगी। सेवादल जिला अध्यक्ष रविकान्त तिवाडी ने बताया कि जिला कांग्रेस सेवादल कि मिटींग को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सदस्य एवं सेवादल जोन प्रभारी राजेन्द्र अडवाना, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनिता गठाला, सेवादल संभाग प्रभारी रमेश मीना, सेवादल जिला प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, सह प्रभारी ग्यारसीलाल सैनी सम्बोधित करेगे। मिटींग मे सेवादल की नव गठित कार्यकारणी को शपथ दिलाई जायेगी ओर स्वागत किया जायेगा।


## कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :-न.प.सु. / भूमि शाखा / 2025/6262-63 दिनांक 09-09-2025

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा 69ए के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती सरोज सोनी पत्नी श्री निरंजन सोनी | सुजानगढ़ | एस.डी.एम. कोर्ट के पश्चिमी तरफ | 445.54 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़


# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रमः ज्ञान और संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डाला गया



जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निसं.)। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन शहर की हनुमान बालिका स्कूल में सोमवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रो ओमप्रकाश सांखोलिया ने गुरु की महत्ता पर बोलते हुए कहा कि गुरु वह दीपक है, जो हमारे अज्ञान के अंधकार को दूर करता है। उनसे प्राप्त ज्ञान को जीवन में उतारना प्रत्येक छात्र का कर्तव्य है। सेवानिवृत प्रो कल्याणसिंह चारण ने कहा कि संस्कार विहिन शिक्षा से देश व समाज का भला नहीं हो सकता है। दीप प्रज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने भारत विकास परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान अध्यापिका सोनू शर्मा, ललिता शर्मा व मधुलता चौधरी तथा मेधावी छात्रा तनिष्का इंदौरिया, गुंजन दाधीच व योगिता सोनी का अभिनंदन किया गया। हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोर्ड कक्षाओं में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रो चारण द्वारा नकद राशि प्रदान की गई। प्रकल्प प्रभारी राजेंद्रसिंह बीदावत ने परिषद द्वारा आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं पौधे लगाने का आह्वान करते हुए प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने का आह्वान किया। शाखा सचिव परमेश्वरलाल आत्रेय ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था प्रधान मेघा शर्मा, उपप्रधानाचार्य पवन चोटिया, शुकदेव सांखोलिया, राजेश शर्मा, जगदीश स्वामी, नंदकिशोर, रमा शर्मा सहित कई शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थी। संचालन शैलेष शर्मा ने किया।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 3085-3106 दिनांकः- 06/09/2025

### ई - निविदा सूचना संख्या- 36 / 2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में दर संविदा (Rate Contract) ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A3121

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSRC11642 |

DIPR/C/13268/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू


# व्यापार संघ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। सीकर व्यापार संघ की ओर से आज सीकर जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन। ज्ञापन में बताया की शहर में टूटी फूटी सड़कों के पैच वर्क तुरंत रिपेयर करने, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने, यातायात की समस्या का तुरंत निदान करने और आवारा पशुओं को नंदी शाला में शिफ्ट करने की मांग की गई है। सीकर व्यापार संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह शेखावत, राधेश्याम पारीक, जिला संयोजक बीएल सोनी, महामंत्री कैलाश स्वामी, काशी प्रसाद माऊका, जसबीर भूकर, मदन प्रकाश मावलिया, नारायण सिंह शेखावत सबलपुरा, नंद सिंह नरूका, दीनदयाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### टूटी सड़कें बता रही शहर का हाल, बेफ्रिक जिम्मेदार

शहर की सड़कों का हाल सबसे खराब जर्जर सड़कों पर आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। जिम्मेदार बेफ्रिक हैं। गड्ढों को भरने का प्रयास किसी स्तर पर नहीं हो रहा है। शहर के स्टेशन रोड बजाज रोड जाट बाजार कल्याण सर्किल 2 नंबर डिस्पेंसरी शीतला चौक सूरजपोल गेट घंटाघर चांदपोल सालासर स्टेंड सहित अन्य कई इलाकों में हाल काफी खराब है। इन टूटी सड़कों पर बरसात होने के बाद गड्ढों में पानी भर जाता है। बाइक चालक अक्सर गिरकर घायल हो जा रहे हैं। इन मार्गो से प्रतिदिन अधिकारी व जन प्रतिनिधि भी गुजरते हैं।

कल्याण सर्किल शहर में आने का यह प्रवेश मार्ग, जो पुरे भारत को जोड़ता गड्ढों से जाम लग जाता। बाइक व ई-रिक्शा पलट जाते हैं। मार्ग से रात में बड़ी तादाद में बस और अन्य वाहन अदर स्टेट की तरफ जाते हैं।

जाट बाजार पर सड़क के टूटने से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार चार पहिया वाहन आमने-सामने आ जाते हैं।

सूरजपोल गेट घंटाघर शहर के वन वे व्यवस्था लागू होने के कारण इस मार्ग का महत्व बढ़ गया है। सूरजपोल गेट पर लगभग 6 इंच का गड्ढे में कई लोग गिरकर घायल हो गए हैं। इसके बाद भी इसे बनवाने की कोशिश किसी स्तर पर नहीं की गई है।

घंटाघर से चांदपोल सालासर स्टैंड पर गड्ढे से चार पहिया वाहन चालकों को परेशानी होती है। डिवाइडर नही होने से वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कई बाइक सवार गिरकर घायल हो चुके हैं।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक डी-778-788 दिनांक- 04/09/2025

### ई-निविदा सूचना सं. 19/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य कुल 02 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी । ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A3107 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB11604 | 2 | PWD2526WSOB11605 |

DIPR/C/13231/2025

(विजय प्रताप कस्वा )
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि. वि. खण्ड-तारानगर


## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

जयपुर टाइम्स

सीकर(निसं.)। राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक प्रदेशभर में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेज में शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में महिलाओं की 10 तरह की जांच निशुल्क उपलब्ध होगी। जिला स्तरीय शिविर 17 सितम्बर को सुबह आठ बजे से सालासर बस स्टेण्ड स्थित जनाना अस्पताल में आयोजित होगा। इस मौके पर जिले के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व सीएचसी स्तर पर लगने वाले शिविरों में जांच में गंभीर बीमारी मिलने पर महिला को उपचार के लिए उच्च सेंटर पर रैफर किया जाएगा। वहीं ड्राप आउट व लेफ्ट आउट बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर सीएमएचओ नोडल अधिकारी व आरसीएचओ सह नोडल अधिकारी बनाया गया है। संबंधित ब्लॉक बीसीएमओ शिविर प्रभारी रहेंगे।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 1608-1621 Date: 04-09-25

### NOTICE INVITING BID

Bids for Nit no 10/2025-26 Work for Operation and Maintainance of Pipeline and Valves of RWSS Pithisar under CBP sub div. Churu and Nit no 11/2025-26 Work for Operation and Maintainance of Pipeline and Valves of RWSS Bhaleri and Nit no 12/2025-26 Work for Operation and Maintainance of Pipeline and Valves of RWSS Kohina under CBP sub div. Churu are invited form interested bidders upto 18-09-2025 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 10/2025-26 Rs. 02.35 Lacs. and 11/2025-26 Rs. 03.75 Lacs and 12/2025-26 Rs. 04.55 Lacs

| | |
|---|---|
| UBN No.PHE2526WSOB06121 | RS 02.35 Lacs |
| UBN No.PHE2526WSOB06126 | RS 03.75 Lacs |
| UBN No.PHE2526WSOB06130 | RS 04.55 Lacs |

DIPR/C/13163/2025

Executive Engineer,
PHED Division Churu


# सांस्कृतिक मण्डल द्वारा 72वीं रामलीला का मंचन 22 से

### सीकर में 10 दिन की रामलीला, 2अक्टूबर को 73वीं बार होगा दशहरा,

सीकर(निसं.)। सांस्कृतिक मण्डल द्वारा आयोजित होने वाली रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर 2025 सोमवार को होगा। इस बार रामलीला का मंचन 10 दिवसीय होगा। रामलीला का यह 72वीं मंचन होगा और 73वीं बार दशहरा मनाया जाएगा। सांस्कृतिक मण्डल के संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इंदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला का मंचन 2025 से 2027 तक अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार 10 नवरात्र होने से रामलीला का मंचन भी 10 दिन तक होगा। 22 सितंबर से होने वाली रामलीला मंचन में 2 अक्टूबर को रावण के 45 फूट ऊँचे पुतले के दहन के साथ दशहरा मनाया जाएगा। 3 अक्टूबर को लव कुश नाटक का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन में कई नवाचार भी देखने को मिलेंगे। इसकी तैयारियां कलाकार रघुनाथजी मंदिर में प्रतिदिन कर रहे हैं। संगीत के कलाकार भी अपने गायन की तैयारी कर रहे है। जानकी प्रसाद इंदोरिया ने बताया कि पहली बार दशहरा 1953 में मनाया गया था। सांस्कृतिक मंडल द्वारा रामलीला का पहली बार मंचन 1954 में मांजी साहब के कुएं पर अस्थाई रंगमंच बनाकर किया था। रामलीला के कलाकारों द्वारा बेहतर प्रस्तुतियां देने से वहां प्रति वर्ष दर्शकों की संख्या बढ़ने लगी। उन्होंने बताया कि आठ वर्षो बाद रावराजा कल्याण सिंह जी बहादुर ने रामलीला मैदान की भूमि मंडल को प्रदान की। 1962 में वहां पर स्थाई श्री कल्याण सांस्कृतिक रंगमंच बनाया गया और तभी से यहीं पर रामलीला हो रही है और इसी मैदान में दशहरा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1953 में पहली बार 12 फूट रावण के पुतले का दहन किया गया था। रावण का पुतला काले कपड़े से बिड़दीचंद वेदी ने बनाया था। अभी खंडेला के कलाकार रावण के 45 फूट ऊँचा रावण का पुतला बनाएंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मुन्दीताल, पंचायत समिति राजगढ़, (चूरू) राज

क्रमांक- ग्रा.प. / निविदा / 2025-26 / 55 दिनांक- 13.09.2025

### खुली बोली आमंत्रण सूचना 04/2025-26

इस कार्यालय के वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए घर-घर कचरा संग्रहण एवं पृथ्ककरण, गाँवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु दिनांक 15.09.2025 से दिनांक 22.09.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित शर्त एवं विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB Code:- ZCR2526A0861
UBN:- ZCR2526WSOB01465

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मुन्दीताल
पंचायत समिति राजगढ़

## नारियों को धर्म संस्कृति की रक्षार्थ आगे आने की आवश्यकताः ब्रह्मराकेशानंद



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** अग्रसेन नगर चूरू में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस की कथा मैं सती अनुसुईया का चरित्र सुनाते हुए कथावाचक ब्रह्मराकेशानंद ने बताया कि नारी सदैव पूजनीय है। यह संसार की सृजनात्मक शक्ति का स्वरूप है। इसके बिना शिव, ब्रह्मा, विष्णु भी अपूर्ण है, इसका प्रमाण भगवान शिव ने अर्धनारीश्वर के रूप दर्शन से भी प्रमाणित किया है। इसमें भी पतिव्रता नारी अतिश्रेष्ठ व वंदनीय मानी गई है जो अपने पति को यम बंध से भी मुक्त कराने की क्षमता धारण करती है। आज के युग में नारियों को धर्म संस्कृति की रक्षार्थ आगे आने की आवश्यकता है क्योंकि नारियाँ यदि वात्सल्य से परिपूर्ण है तो आवश्यकता पड़ने पर धर्म रक्षार्थ काली का स्वरूप भी धारण करना पड़ता है। आज की आरती में अग्रसेन नगर के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों के साथ मुख्य यजमान उमा सारस्वत, मनोज शर्मा, देवी सिंह राठौड़, मांगीलाल शर्मा, नीतेश सोनी, सरोज चांगल, राजेंद्र शरनोत भी उपस्थित थे।

## गोपालपुरिया को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण के लिए कार्य करने वाले सोहिल गोपालपुरिया को सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया की ओर से पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पौधा लगाने का साथ-साथ जन्मदिन एवं महत्वपूर्ण दिवसों पर रक्तदान करने एवं जिला पुलिस चूरू द्वारा हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान में आमजन को जागरूक करने का सराहनीय कार्य करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने सोहिल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## निर्माण कार्य में गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वार्ड न. 12 के पार्षद एडवोकेट सलीम खान ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर नव निर्मित अस्पताल में निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि नूर नगर में बिजली बोर्ड के सामने नए अस्पताल भवन का निर्माण हुआ है। जिसमें संवेदक द्वारा इमारत में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है। बार-बार कहने के बाद भी लापरवाही बरती गई। इसी प्रकार पट्टा शुदा भूमि का अन्य व्यक्ति को अतिर्क्रमण भी करवा दिया गया। अतः गुणवता की जांच की जावे और अतिक्रमण को हटाकर पूरे पट्टे की भूमि को हॉस्पीटल के परिसर में शामिल किए जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।

## कार्यशाला में हुआ उपनिदेशक का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**खाटू श्यामजी (निसं.)।** खाटूनगरी में विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान चिकित्सक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित नाड़ी परीक्षण एवं विद्धकर्म राष्ट्रीय कार्यशाला में सोमवार को उपस्थित हुए झुन्झूनूँ जिले के उपनिदेशक डॉ जितेन्द्र स्वामी का कार्यशाला से जुड़े डॉ रीडमल सिंह , डॉ महेश इन्द्रा व डॉ जितेन्द्र वर्मा ने मंच के माध्यम से उनका स्वागत किया।इस दौरान डॉ जितेन्द्र स्वामी ने नाडी परीक्षण विषय में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस विद्या का मेरा भी अनुभव खास रहा है पर बराबर जुड़ाव नहीं हो पाने से मुक्कमल ज्ञान नहीं ले पाया और आज मुझे यह देखकर खुशी है कि लुप्त हो रही इस विद्या को फिर से चिकित्सा क्षेत्र में जोड़ने एक सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मिल रहे विस्तृत ज्ञान की सराहना की और कहा आज के समय में इसकी महती आवश्यकता है। हो रहे शोध में इसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है।

# सरदारशहर में पूनम हत्याकांड को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश, ताल मैदान से सर्व समाज के लोगों ने रैली में लिया भाग








### लोगों ने नारेबाजी कर हत्यारों को फांसी देने की की मांग

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के चर्चित पूनम पारीक हत्याकांड में निष्पक्ष जांच व हत्याकांड में शामिल आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने ताल मैदान गणगौर घाट के आगे एकत्रित होकर हजारों की संख्या में महिलाओं सहित लोगों ने गांधी चौक तक आक्रोश रैली निकालकर हत्याकांड के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने आक्रोश रैली में भाग लेकर हाथों में तख्तियां लेकर रैली में पूनम पारीक के हत्यारे को फांसी देने की मांग की है। रैली गांधी चौक पर पहुंचने पर एक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूनम पारीक हत्याकांड का सर्व समाज में जबरदस्त आक्रोश है। प्रशासन को चाहिए कि पूनम पारीक की हत्या करने वाले सभी आरोपियों को सख्त से सख्त सजा देकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो इस तरह का संदेश प्रशासन द्वारा देना चाहिए। अगर प्रशासन द्वारा पूनम पारीक हत्याकांड मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो सर्व समाज द्वारा बड़ा आंदोलन कर पूनम पारीक को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। आम सभा के बाद सर्व समाज द्वारा एक ज्ञापन देकर मामले में निष्पक्ष जांच व मामले में लिप्त आरोपियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। आपको बता दें कि पूनम पारीक हत्याकांड में पुलिस द्वारा पूनम पारीक के देवर हितेश पारीक को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पुलिस द्वारा सभी के बयान लेकर मामले का अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने पर सर्व समाज ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। पुलिस द्वारा मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। लेकिन सर्व समाज के लोगों द्वारा पूनम पारीक को न्याय दिलाने के लिए आक्रोश रैली निकालकर प्रशासन को निष्पक्ष जांच व पूनम को न्याय देने की मांग की जा रही है। आक्रोश रैली को देखते हुए थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई द्वारा अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। गांधी चौक पर सभा में पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच को लेकर संघर्ष समिति से समय मांगा है। 7 दिनों में पुलिस द्वारा हत्याकांड का पूरा खुलासा करते हुए दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। जिस पर संघर्ष समिति के बैनर तले आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त किया गया।

## *अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के बीदासर तहसील के मांगीलाल जांगिड़ बने अध्यक्ष*

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निसं.)।** बेरी चौक स्तिथ विश्वकर्मा मंदिर में आज सोमवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष नीरज रोलीवल अध्यक्षता आयोजित की गई। चुनाव अधिकारी भंवरलाल समालोदिया ने महासभा के तहसील अध्यक्ष चुनाव संपन्न करवाई। जिसमें तहसील अध्यक्ष मांगीलाल पवार ,युवा अध्यक्ष कैलाश सुथार ,महिला अध्यक्ष दीपमाला को निर्विरोध बनाया गया। जिला अध्यक्ष रोलीवाल ने बताया कि समाज के विकास युवा उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकजुट होकर एक मत से निर्विरोध तहसील अध्यक्ष बनाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। आज इसी के अंतर्गत बीदासर तहसील के सभी समाज बंधुओ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने एकमत होकर निर्विरोध तहसील अध्यक्ष बनाया। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. बी आर राजोतिया ने नव निर्वाचित तहसील अध्यक्षों को पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर उमेद कुमार रोलीवाल, हरिकिशन मिशन, गोपाल सुथार , भागीरथ सुथार ,पर्व अध्यक्ष भैराराम बोदलिया , गिरधारी लाल ,हरी बोदलिया जगदीश माडन , तीलोकचंद जांगिड़ ,सुखराम कासलीवाल, गिरधारी मांडन, ओम चुहिल ,कालूराम् जांगिड़ , सुरेंद्र जांगिड़, हेमराज सुथार, नेम जी मांडन कमल जांगिड़ सुथार उपस्थित थे मंच का संचालन सुरेंद्र सुथार ने किया।

## कृषि महाविद्यालय प्रीतमपुरी में किसानो को बागवानी फसलों का दिया गया प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स



थोई(निसं.) कृषि महाविद्यालय प्रीतमपुरी में चल रहे नेशनल मिशन ओंन एडीबल आयल तिलहन योजना के अंतर्गत चला ब्लाक के 30 किसानों को बागवानी फसलों का प्रशिक्षण दिया गया 7 मंच की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता डॉ.एस. के. खण्डेलवाल ने किसानों को सम्बोधित किया और बताया की हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स यानी बागवानी फसलें वे पौधे हैं जो मनुष्यों के प्रत्यक्ष उपयोग के लिए उगाए जाते हैं, जैसे कि फल, सब्जियां, फूल, मसाले और सजावटी पौधे. यह कृषि की एक विशेष शाखा है जो छोटे पैमाने पर, गहन और उच्च गुणवत्ता वाली खेती पर केंद्रित होती है, जिसका उद्देश्य भोजन, औषधि, सौंदर्य या अन्य उपयोगों के लिए पौधे तैयार करना होता है इसके साथ ही उन्होंने बगीचे लगाने की विधियों और राजस्थान के लिए अनुकूल बागवानी फसलों के बारे में बताया। सहायक आचार्य डॉ. मीरा चौधरी ने बताया की राजस्थान में बागवानी फसलों में आम तौर पर एन्थ्रेक्नोज, पाउडरी फफूंद, और जीवाणुजनित अंगमारी जैसे रोग लगते हैं। नींबू वर्गीय फलों में कैंकर और गमोसिस रोग पत्ती धब्बा, अमरुद में फल विगलन रोग रोग, जामुन में एन्थ्रेक्नोज, रस्ट, और स्टेमफिलियम लीफ स्पॉट जैसे फंगल रोग आम हैं। इन रोगों के प्रबंधन के लिए उपयुक्त कीटनाशकों और कवकनाशकों का प्रयोग किया जाता है इन रोगों से बचाव के लिए बीजोपचार, प्रतिरोधी किस्मों का चुनाव और रोगग्रस्त पौधों को हटाना भी ज़रूरी होता है। सहायक आचार्य डॉ. राजू चौधरी भूमि उपयोग का प्रबंधन, कृषि उत्पादन में आर्थिक सिद्धांतों का अनुप्रयोग, कृषि वस्तुओं का विपणन और वितरण, कृषि वित्त, और कृषि-नीति का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है। इसमें मांग, पूर्ति, और उत्पादन के बारे में बताया सहायक आचार्य इंजी. मुकेश कुमार चौधरी ने नए कृषि उपकरण एंव यंत्रों के बारे में बताया जिसका लक्ष्य कृषि उत्पादन को अधिक कुशल, टिकाऊ और लाभदायक बनाना है. इस मोके पर महाविद्यालय की फार्म मेनेजर संतोष यादव, पंचायत समिति के वरिष्ठ कृषि पर्येवेक्षक (आलोक कुमावत) महाविद्यालय के कृषि पर्येवेक्षक हंसराज सिंह तथा कृषि महाविधालय के समस्त कर्मचारी-गण उपस्थित थे।

## पदम् श्री किसान वैज्ञानिक जगदीश पारीक का दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** राजस्थान की शान सीकर जिले के अजीतगढ़ कस्बे के विश्व विख्यान किसान वैज्ञानिक पदम् जगदीश पारीक का सम्मान भारत की प्रसिद्ध आयुर्वेदिक एवं जैविक कृषि आदान कंपनी के डॉक्टर नेचर वेलनेस द्वारा दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में किया गया डॉक्टर नेचर की चौथी वर्षगाँठ पर आयोजित इस भव्य, विराट कार्यक्रम में पारीक को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था विशाल जनसमूह को जब जब पदम् जगदीश पारीक की उपलब्धियों जैसे जैविक कृषि द्वारा 85 किलो का कद्दू, 25 किलो की फूल गोभी, 5 किलो का गोल बैंगन और 7-8 फीट कि तोरी, लौकी, मूली के उत्पादन के बारे में बताया गया तो सभी आश्चर्यचकित रह गए इस अवसर पर पारीक ने लोगो को जैविक खेती के महत्त्व, गौ माता की कृषि में उपादेयता एवं रसायन युक्त खेती से होने वाले नुक्सान के बारे में सरल शब्दो में गहरी एवं विस्तृत जानकारी दी ह्व इस अवसर पर डॉक्टर नेचर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर तारा प्रकाश तिवारी ने कहा कि जैविक कृषि को बढ़ावा देने में जगदीश पारीक का योगदान अप्रतिम है एवं कंपनी मरूभूमि के विलक्षण प्रतिभावान, समस्त किसान भाइयो के प्रेरणा स्त्रोत पारीक को सम्मानित कर गौरवान्वित है कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीतम दाधीच एवं नेशनल एग्री बिज़नस डेवलपमेंट मेनेजर वेदप्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम कि शोभा बढाने एवं देश के विभिन्न राज्यों से पधारे 2500 से अधिक डॉक्टर नेचर के एसोसिएट्स का मार्गदर्शन करने के लिए पारीक का आभार व्यक्त किया।

## आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन के अध्यक्ष बने पवन शर्मा, गणमान्यजनों ने दी बधाईयां



**सरदारशहर (निसं.)।।** आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुरली बोचिवाल की अनुशंसा पर सरदारशहर के तहसील अध्यक्ष पद पर पत्रकार पवन शर्मा को नियुक्त किया गया है। पवन शर्मा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर पत्रकारों ने खुशी का इजहार करते हुए शिर्ष नेतृत्व का आभार जताया और अध्यक्ष पवन शर्मा को बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आईएफडब्ल्यूजे संगठन के अध्यक्ष बनने के बाद पवन शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए पत्रकार हितों को लेकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन के द्वारा पत्रकार हितों को लेकर पूरे भारत में पत्रकारों के लिए कार्य कर रहा है। पूरे भारत में संगठन द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून सहित अनेक मुद्दों को लेकर पत्रकारों के लिए निष्पक्षता के साथ अग्रणी भूमिका में रहकर कार्य किया जा रहा हैं।

## नवलगढ़ एसडीएम का जसवंतपुरा तबादलाः कुलदीपसिंह शेखावत की नियुक्ति,

**नवलगढ़(निसं.)।** नवलगढ़ में एसडीएम सुनील कुमार झिंगोनिया और वकीलों के बीच चल रहे विवाद का समाधान तबादले से हो गया। सोमवार को छुट्टी से लौटे एसडीएम झिंगोनिया के खिलाफ वकीलों ने फिर से धरना शुरू कर दिया। इसी दौरान आरएएस की तबादला सूची जारी हुई, जिसमें झिंगोनिया का जसवंतपुरा (जालौर) तबादला कर दिया गया। उनकी जगह कुलदीपसिंह शेखावत को नवलगढ़ का नया एसडीएम बनाया गया है। यह विवाद 15 अगस्त को शुरू हुआ था। जिसमें एसडीएम सुनील कुमार पर सिनियर अभिभाषक के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया जिसमें कई दिनों तक धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन किया गया मामले में अनेक उच्च अधिकारीयों के द्वारा वार्ता की गई जिसमें वकीलों की एक ही मांग थी एसडीएम सुनील कुमार का तबादला के बाद ही हम अनशन को समाप्त करेंगे पिछले दिनों एसडीएम ने मेडिकल लीव की छुट्टियां ली और आज छुट्टी समाप्त कर वापस आएं तब वकील फिर से नाराज़गी जताते हुए अनशन चालू कर रहे थे साथ ही संबंधित विभाग द्वारा एसडीएम सुनील कुमार का तबादला होकर नयी नियुक्ति की सुची जारी की गई। वकीलों ने सूची आने के पश्चात उपखंड कार्यालय के बाहर आतिशबाजी कर व गाजे-बाजे पर खुशियां मनाई।वकीलों ने खुशियों मनाने के साथ स्थानीय विधायक विक्रम सिंह जाखल का आभार व्यक्त किया।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में लड़कों ने दिखाया दमखम, विजेता टीम का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में 69 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्र-छात्रा के दूसरे दिन छात्र वर्ग के मैच हुए। राजकीय महाविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट में चल रही प्रतियोगिता में पहला मैच जैन श्वेतांबर चूरू और अभिलाषा स्कूल साण्डवा के बीच हुआ। जिसमें अभिलाषा स्कूल विजेता रही। प्रधानाचार्य भरत गौड ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले भर से छात्र वर्ग में 27 टीमें में भाग ले रही है। मैच रेफरी माणकचंद शर्मा, सांवरमल प्रजापत, दशरथ सिंह भाटी, जयप्रकाश गोदारा, कमल सैन, योगेश खिंची, पवन बडथ्वाल, रामनिवास मोगा, आलोक सिंह, दिव्या गौड़, सुनील भोजक, आनंद मीणा, जितेंद्र स्वामी, ओम प्रकाश, संदीप आदि ने आयोजकीय भागीदारी निभाई।

## हिंदी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन, छात्राओं ने दी काव्य पाठ की प्रस्तुति



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजकीय कन्या महाविद्यालय के हिंदी के सहायक आचार्य डॉ गजेंद्र दान चारण ने बताया कि हिंदी ज्ञान का भंडार है एवं हिंदी एक पूर्ण भाषा है। जिसमें पूरी वैज्ञानिकता के साथ नियमों का समावेश किया गया है। इस अवसर पर सह आचार्य नवीन कुमार पारीक एवं महावीर सिंह भांभू ने भी विचार व्यक्त किए। छात्रा अनमोल राजपुरोहित एवं आईना राजपुरोहित ने इस अवसर पर काव्य पाठ की प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी एवं हिंदी को बढ़ावा देने के लिए इसे रोज़गापरक बनाने का आह्वान किया। इस अवसर आयुक्तालय के निर्देशानुसार नशा मुक्ति के लिए छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं से गूगल फॉर्म भी भरवाया गया।

## कुमास में क्रिकेट प्रतियोगिता जारी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** कुमार प्रीमियर लीग टूर्नामेंट सीजन 1 शेखावाटी स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्व सरपंच हरिराम कुमास ने बताया सोमवार नवे दिन थर्ड राउंड का पहला मैच लाडसर व बिसाऊ के मध्य खेला गया जिसमें लाडसर विजेता रहे जिसने आठ विकेट व 55 रनों का टारगेट दिया इस मैच में मैन ऑफ द मैच मनिस ने 30रन बनाकर अपनी टीम को अच्छा योगदान दिया इसी प्रकार सेकंड राउंड में दूसरा मैच फतेसरा व में त्यावली के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए त्यावली ने साठ रनों का टारगेट दिया जिसमें फतेसरा 5 विकेट से विजय रहा इस मैच मै मैन ऑफ द मैच रसहल रहे जिसने 5विकेट लेकर अपनी टीम को अच्छा योगदान दिया फिर चौथे राउंड में तीसरा मैच लाडसर व फ़तेसरा के मध्य खेला गया फतेहसरा विजेता रहा जिन्होंने 74 रनों का टारगेट दिया लाडसर ने 58 रन बनाने के बाद 25रनो से हार का सामना करना पड़ा इसमें मैन ऑफ द मैच रतन रहे जिसने टूर्नामेंट 4हैट्रिक व अपनी पहली हैट्रिक बनाई इसी प्रकार चौथा मैच मुकुंदगढ़ अंजुमन जूनियर क्लब व वारिसपुरा के मध्य खेला गया वारिसपुरा ने 68रनो का टारगेट दिया था जिसमें मुकुंदगढ़ 8 विकेट से विजय रहा मैन ऑफ द मैच अजय रहे इसी प्रकार आगे की मैच लगातार जारी रहेंगे उसके बाद 18 तारीख तक फाइनल सेमीफाइनल होगा सभी मैच ईमानदारी के साथ खेले जा रहे हैं व्यवस्था बनाने के लिए वीनू स्वामी विनोद पूनिया अंकित सेन समीर अजय बुडानिया व्यवस्था संभाल रखी है।

# सेवा पखवाड़े को लेकर हुई भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** भाजपा की सेवा पखवाड़े को लेकर सुजानगढ़ शहर मंडल कार्यशाला का आयोजन भजपा कार्यालय में किया गया। मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, पूर्व मंडल अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शर्मिला सोनी, पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत के साथ किया गया उसके पश्चात मंचस्थ अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने सेवा पखवाड़े में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा में भाजपा संगठन के तौर पर अनेक सेवा कार्य करेगी जिसमें सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक कार्य और प्रबुद्ध जन संगोष्ठियाँ जैसे जनहित में अनेक कार्य किए जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष जय श्री दाधीच ने सेवा पखवाड़े पर होने वाले कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की और सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शर्मिला सोनी ने आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी उत्पाद पर अपने विचार व्यक्त किए। मंडल उपाध्यक्ष विजय चौहान ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधार पर अपने विचार व्यक्त किए। बुद्धिप्रकाश सोनी, नवरत्न पुरोहित, गणेश मंडावरिया, बाबूलाल कुलदीप, तनसुख प्रजापत आदि ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को इस सेवा पखवाड़े में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जाने वाले शहर चलो कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आमजन को लाभ पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। भाजपा विधानसभा प्रत्याशी व बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर संगठन के द्वारा दिए गए सभी सेवा कार्यों के तहत सार्वजनिक स्थानों की सफाई का कार्य, स्वास्थ्य जांच शिविर आदि में बढ़ चढ़कर भाग लेना है। जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच ने अपने धन्यवाद भाषण में सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया। बैठक में डॉ. सुरेश कालानी और आयुक्त मघराज डूडी को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच काफी विवाद हुआ। जिसके बाद भाजपा नेता को आयुक्त के बारे में जिला कलक्टर को फोन करना पड़ा। कार्यक्रम में पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज पारीक, ममता ओझा, रेवतमल पंवार, नरेंद्र होदकासिया, रवींद्र पाण्डेय, पन्नालाल सोनी, मुरारीलाल खंडेलवाल, यशोदा प्रजापत, सुमन सामरिया, शोभांग कंवर, किरण पारीक, प्रकाश चंद सोनी, मदनलाल गुलेरिया, दिलीप चौधरी, रामरतन बोचीवाल, सांवरमल गुर्जर, मनीष गोठड़िया, अमरचंद सैन, मुरली सेन, नरेंद्र गुर्जर, अमित मौसूण, दीपक कौशिक, जगदीश नाथ, सुरेश कुमार शर्मा, बोदूराम खटीक, विनोद सोनी, मनीष टाक, लक्ष्मीनारायण बागडा, गोवर्धन तंवर, एडवोकेट सलीम खान, सीताराम माली, राहुल प्रजापत, गंगाधर लाखन, बलराम सोनी, मोहन धरड़, महेश माली, हिमांशु भाटी, रौनक जैन, अशोक तिवाड़ी, कन्हैयालाल जाखड़, विश्वदीपक काछवाल, राजेंद्र दानोदिया, सुरेश शर्मा, वजीर खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तोदी कॉलेज में व्याख्यान माला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़,(निसं.)** श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर "मुंशी प्रेमचंद की कहानियों में सामाजिक सरोकार" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आनंद शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। डॉ. शर्मा ने प्रेमचंद की रचनाओं को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि उनके पात्रों के माध्यम से समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और शोषण को उजागर किया गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कविताएं और कहानियों के माध्यम से भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जिससे भाषा प्रेम और साहित्यिक चेतना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय के इतिहास व्याख्याता अखिलेश त्रिपाठी और जीवविज्ञान विषय के डॉ. राशिद अली ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक पवन कुमार मीणा ने किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से उपहार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और हिंदी दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## तहसीलदार ओला को सौंपा ईओ का अतिरिक्त चार्ज

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सरिता चौधरी के एपीओ होने के बाद पालिका में ईओ का पद रिक्त चल रहा है जिससे आमजन के रोजमर्रा के कार्य भी अटके हुए हैं। आमजन की समस्या को देखते हुए स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर ने आदेश जारी कर रींगस तहसीलदार महेश ओला को पालिका ईओ का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के लिए अधिकृत किया। इससे पहले रींगस उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार को ईओ का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन रींगस एसडीएम के पास खंडेला एसडीएम का अतिरिक्त कार्यभार होने के कारण ईओ का चार्ज संभालने में असमर्थता जताई। जिस पर सोमवार को डीएलबी निदेशक द्वारा नवीन आदेश जारी कर रींगस तहसीलदार को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया।

## बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** पुलिस थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 2 के देवनगर में अज्ञात चोरों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया जिस पर बाइक मालिक द्वारा पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। पुलिस ने बताया कि झुंझुनूं जिले के बुगाला निवासी संजय पुत्र मामराज जाट ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि वह देवनगर में नानूराम गुर्जर के मकान में किराए पर रहता है और कस्बे की आरएसडब्ल्यूएम मिल में नौकरी करता है। 10 सितंबर की रात्रि करीब 11 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल को घर के अंदर खड़ी करके सो गया सुबह संभालने पर मोटरसाइकिल गायब मिली। लगातार 5 दिन तक मेरे स्तर पर तलाश करने के बाद भी सुराग नहीं लगने पर रिपोर्ट दी गई है। गौरतलब है कि इन दिनों थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है जिससे आमजन भयभीत हैं।

## हेड कांस्टेबल लालचंद की राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि, नम आंखों से अंतिम विदाई




जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** पुलिस थाने में कार्यरत हेड कांस्टेबल लालचंद का बिमारी के चलते जयपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया जिनकी पार्थिव देह रींगस पुलिस थाने पहुंचने पर थानाधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में साथी पुलिसकर्मियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। फूलों से सजे पुलिस वाहन से हेड कांस्टेबल की पार्थिव देह पैतृक गांव सीलपुर के लिए रवाना की गई जहां पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक सांवताराम गुर्जर, एएसआई सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल रामस्वरूप बराला, अमर सिंह, कांस्टेबल सोहन लाल काजला, राजेश, खेमचंद यादव, विक्की मीणा, विजय मीणा, भैरु राम, आत्मा राम, कर्मचंद, योगेश, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## रींगस में मौसमी बिमारियों का बढ़ा प्रकोप, एक हजार के पार हुई ओपीडी



जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** उपखंड क्षेत्र में इन दिनों बारिश थमने और गर्मी बढ़ने से मौसमी बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया। राजकीय उप जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या 7 सौ से बढ़कर करीब एक हजार पहुंच गई है। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण राजकीय उप जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची व दवा वितरण काउंटर पर लंबी कतारें लग रही हैं। राजकीय उपजिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस बार बारिश का प्रकोप अधिक रहा है। क्षेत्र में बारिश रूकने के बाद अचानक मौसम साफ होने से धूप व गर्मी में बढोत्तरी हुई है। अधिक धूप के चलते मौसमी बीमारियों के रोगियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। अचानक तापमान बढ़ने से वायरल बुखार, खांसी, जुकाम के अलावा गले में दर्द जैसी मौसमी बीमारियों के मरीज आ रहे है। ऐसे में तेज धूप से बचने के लिए आमजन को सुबह-शाम ही घर से निकलने व मच्छरों से बचाव की हिदायत दी गई है।

# शाहपुरा में सरपंच प्रतिनिधि की ज़िद के आगे ग्रामीण हुए बेघर



### सड़क चौड़ीकरण के लिए करीब 40 मकानों के आधे से ज्यादा हिस्से तोड़े,

### ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि पर लगाया हठधर्मिता का आरोप

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ठीकरिया के राजस्व गांव शाहपुरा में सड़क चौड़ीकरण के लिए करीब 40 मकानों के आधे से ज्यादा हिस्से तोड़े गए। कार्रवाई के दौरान मौका मजिस्ट्रेट रींगस तहसीलदार महेश ओला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 से चौमू पुरोहितान तक सड़क निर्माण व चौड़ीकरण के लिए 10 मीटर पर चिन्हित की गई थी जिसकी जद में आने वाले गैर मुमकिन आबादी के मकानों को तोड़ा गया। वहीं ग्रामीण सागर मल ऐचरा ने आरोप लगाया कि 2 साल पहले ग्राम पंचायत द्वारा 26 फीट चिन्हित करके अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी जिसके बाद विद्युत विभाग ने भी 26 फीट के हिसाब से विद्युत पोल लगा दिए थे और ग्रामीणों ने भी 26 फीट छोड़ कर नवनिर्माण कर लिये थे अब अचानक पंचायत द्वारा 36 फीट का फरमान जारी कर गांव को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा 4 सप्ताह का स्थगन आदेश जारी कर ग्राम पंचायत को ग्रामीणों की सुनवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन पंचायत द्वारा न्यायालय के आदेशों की अवमानना करते हुए ग्रामीणों का पक्ष नहीं सुना गया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश पुनिया द्वारा अपनी हठधर्मिता से प्रशासन का सहारा लेकर मकानों को तुड़वाया गया है। ग्रामीण महिला बोदी देवी ने आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा उनको अतिक्रमण हटाने संबंधी कोई सूचना नहीं दी गई परिवार के सब लोग बाहर गए हुए थे, अभी 2 साल पहले ही पंचायत द्वारा मकानों को तोड़ा गया था जिनसे अभी उबर भी नहीं पाए और पंचायत ने फिर से यह कार्रवाई कर दी। इसी के साथ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बारे में ग्राम वासियों को सूचना नहीं दी गई महज खाना पूर्ति के लिए गांव के सार्वजनिक चौक में बनी हुई टंकी पर नोटिस चस्पा किया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने सागर मल ऐचरा के घर के सामने लगे अशोक के हरे पेड़ को भी काट दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान खंडेला पुलिस उपाधीक्षक इनसार अली के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# मण्डावा में श्रीराम कथा का आयोजन पहला दिन श्रोता हुए भावविभोर

### साध्वी आचार्या मिश्रा ने कहा- राम से भी बड़ा है, राम का नाम



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** । सुभाष चौक स्थित श्री जालवाले बाला जी मन्दिर में सोमवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ । इस मौके पर कथा व्यास आचार्या राजेश्वरी मिश्रा ने कहा कि राम नाम तो अविनाशी है। दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा। इस राम नाम की महिमा कभी भी कम नहीं होगी बल्कि दिन-प्रतिदिन इसकी महिमा बढ़ते ही जाएगी। राम की महिमा अपरम्पार राम की महिमा अपरम्पार है। राम खुद कह गए राम से बड़ा राम का नाम। तो जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है। दरअसल, जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मन्त्र है। राम नाम की महिमा तो ये है की सदाशिव भोले शंकर भी राम नाम जपते रहते हैं। इसी नाम का वो हर प्रहर जाप करते रहते है। संसार चल ही राम नाम से रहा है। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। भगवान शिव व पार्वती की सुनाई कथा भगवान शिव व पार्वती का मूल स्वरूप श्रद्धा व विश्वास है। शब्द ब्रह्मा होता है और शब्द को संभाल कर बोलना चाहिए। जीवन में अभिमान की शून्यता आ जाए तो श्रद्धा अपने आप आ जाएगी। उन्होंने कहा कि जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और हर क्षण में राम नाम चलन रहता है। बच्चे के जन्म में श्री राम के नाम का सोहर होता है। विवाह आदि मांगलिक कार्यों के अवसर पर श्री राम के गीत गाए जाते हैं। यहां तक कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष किया जाता है। राम सब में बड़े हैं तथा राम में शिव और शिव में राम विद्यमान हैं। श्री राम को शिव का महामंत्र माना गया है और राम सर्वमुक्त हैं। राम सबकी चेतना का सजीव नाम है।

# विशेष योग्यजन सहायता शिविर का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(नि.सं.)** कस्बे के डॉ बी आर अंबेडकर राजकीय छात्रावास में मंगलवार को विशेष योग्यजन सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव एवं विकास अधिकारी सुनीता कुमावत ने बताया कि राज्य में विशेष योग्य जनों को और भी अधिक सुविधा एवं संबल प्रदान करने की दृष्टि से एक लाख दिव्यांगजनों को आवश्यकता एवं पात्रता अनुसार कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण चिन्हित कर बजट में सरकार ने घोषणा की थी जिस कारण इस घोषणा अनुसार राज्य में विशेष योग्य जनों के सशक्तिकरण एवं कल्याण हेतु उनकी आवश्यकता एवं पात्रता अनुसार कृत्रिम अंग/सहायता उपकरण चिन्हित कर उपलब्ध कराए जाने का विशेष अभियान चलाकर उनको लाभान्वित किए जाने के लिए 16 सितंबर को अजीतगढ़ के डॉक्टर बी आर अंबेडकर राजकीय छात्रावास में विशेष योग्यजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालय करेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र के रूप में कार्य

जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(नि.सं.)** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग हेतु संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित/पंजीकृत समस्त परिवारों के लिए दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। उक्त योजना में आठ प्रकार की दुर्घटनाओं यथा रेल/ वायु/सडक दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढहने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टि मशीन, आरा मशीन, ग्लाईन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिडकाव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु/क्षति होने पर अधिकतम दस लाख रूपये प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है। योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए एमएडीबीवाई पोर्टल पर दावेदार स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से दावा आसानी से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है, किन्तु ध्यान में आया है कि योजना की पर्याप्त जानकारी के अभाव में पीडित परिवार द्वारा सीधे दावा प्रस्तुत ना कर अन्य मध्यस्थ व्यक्तियों के माध्यम से प्रस्तुत करवाता है एवं उसकी एवज में मध्यस्थों द्वारा कई बार पीडित परिवार से खाली चैक/राशि भी प्राप्त किया जाना संभावित है, जिसकी पृथक् से जांच करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत पेड श्रेणी की पॉलिसी के लाभार्थी यथा समय अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण करवाएं, सीमान्त कृषक श्रेणी एवं कोविड श्रेणी के लाभार्थी प्रतिवर्ष अपनी पॉलिसी डॉउनलोड कर लेवे, लाभार्थी परिवार के प्रत्येक सदस्य का पंजीयन जनाधार में करवाए तथा लाभार्थी परिवार बिना किसी मध्यस्थ के, स्वयं के स्तर पर आसानी से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में दावा प्रस्तुत कर सकता है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग झुन्झुनूं की संयुक्त निदेशक योगबाला सुण्डा ने बताया कि किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई आने पर एसआईपीएफ विभाग के झुन्झुनूं जिला कार्यालय में स्थापित सहायता केन्द्र के नम्बर 9462255505 पर अथवा सेन्टर हैल्प लाईन नम्बर 18001806268 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# पलसाना में खुलेआम प्रशासन व खाद्य विभाग को चुनौती

### होटलों व मिठाइयों की दुकानों पर घरेलू सिलेंडर धड़ले से लिए जा रहे उपयोग में, प्रशासन बेखबर





जयपुर टाइम्स

**पलसाना,सीकर** । पलसाना में संचालित हो रहीं मिठाई व नाश्ते की दुकानों और ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। खास बात यह है रसोई गैस के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और खाद्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में यहां चाय वालों की थड़ियो से लेकर बड़ी मिठाई की दुकानों पर भी व्यावसायिक गैस सिलेंडर की जगह, घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। कस्बे में खुले आम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को दुकानदार और चाय नाश्ता ठेले वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे हैं। वहीं कस्बे के कई होटलों पर भी इसका उपयोग किया जा रहा है। कई ठेले वालों ने और दुकानदारों ने अपने नाम पर व्यावसायिक सिलेंडरों का रजिस्ट्रेशन तो करा रखा है लेकिन ये सिलेंडर मंहगा पड़ने की वजह से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग वे खुलेआम अपनी दुकानों पर कर रहे हैं। सब्सिडी वाला सिलेंडर सस्ता होने की वजह से कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर नामचीन होटलों व मिठाई की दुकानो पर धड़ले से मिठाई बनाने के लिए घरेलू सिलेंडर लिया जा रहा है काम मे और पलसाना की में रोड़ पर होटलों के बाहर खुलेआम प्रशासन व खाद्य विभाग को चुनौती मिल रही हैं। कई दुकानदार और ठेलेवाले और होटल संचालक तक के पास व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का कनेक्शन नहीं होने से वे घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। जबकि व्यापार के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग करना अनिवार्य है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं कई दुकानदार कार्रवाई से बचने के लिए सामने तो व्यावसायिक सिलेंडर रखते हैं लेकिन अंदर वे भी घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। खास बात यह है कि इन सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग होने के बाद भी खाद्य विभाग का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है न ही इस पर कोई कार्रवाई की जा रही है। चाट-पकौड़े के ठेले पर रखा घरेलू गैस सिलेंडर। जिसका दुकानदार कर रहे उपयोग, नहीं होती कार्रवाई। खुलेआम कर रहे है घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग इनसे हो सकता है बड़ा हादसा लेकिन विभाग नही दे रहा है ध्यान।

## सांसद अमराराम 19 सितंबर को सुनेंगे अजीतगढ़ पंचायत समिति परिसर में लोगों की जन समस्या

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** सांसद अमराराम 19 सितंबर को सुबह 11बजे से लेकर 1 बजे तक अजीतगढ़ पंचायत समिति परिसर में लोगों की जन समस्या सुनेंगे। माकपा के जिला सचिव पेमाराम एवं श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के माकपा नेता ओमप्रकाश यादव ने बताया कि सांसद अमराराम 11 बजे अजीतगढ़ कस्बे में पहुंच जाएंगे उसके बाद वे अजीतगढ़ पंचायत समिति परिसर में श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जन समस्या सुनेंगे। दोनों नेताओं ने बताया कि अमराराम 12 सितंबर को लक्ष्मणगढ़, 17 सितंबर को नीमकाथाना, 19 सितंबर को अजीतगढ़, 23 सितंबर को दातारामगढ़, 24 सितंबर को घोद, 24 सितंबर को ही दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सांसद कार्यालय सीकर एवं 26 सितंबर को खंडेला में जनसुनवाई करेंगे। सांसद लक्ष्मणगढ़, नीमकाथाना, अजीतगढ़, दातारामगढ़, घोद, खंडेला मे पंचायत समिति परीसर एवं सीकर में सांसद कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे साथ ही इन स्थानों पर 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक एवं सीकर में 1 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक जनसुनवाई करेंगे।

## शेखसर में सड़क शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित




**मण्डावा(निसं.)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय शेखसर में गत रविवार शाम को पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार खिचड व जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी का 51 किलो की माला पहनाकर ग्रामीणों ने नागरिक अभिनंदन किया । इस दौरान पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार व जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी ने 25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली डबल लेन डामर सडक का शिलान्यास किया । कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास, शेखसर सरपंच शर्मिला पुनिया,हेतमसर सरपंच प्रतिनिधि अभिमन्यु कस्वा,दिलोई सरपंच सतीश, चुडैला के पुर्व सरपंच सुरेश सिहाग, डॉ सुरेन्द्र पुनिया, पूर्व सरपंच सुमित्रा डुडी, आदि जनप्रतिनिधि मंचासीन अतिथि थे । इस दौरान ग्रामीणजन व युवा मौजुद थे । संचालन विजय हिंद जालिमपुरा ने किया।

## देव दर्शन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने किए भगवान महादेव के दर्शन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर मंडावा में सोमवार को कक्षा अरुण उदय से तृतीया तक के भैया-बहनों को स्थानीय ब्रह्म बगीची शिव मंदिर ले जाया गया। वहाँ सभी ने श्रद्धापूर्वक भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ विद्या मंदिर की आचार्याएँ ममता , निरमा , पूनम , सोनू और सपना उपस्थित रहीं। भगवान के दर्शन कराने का उद्देश्य बच्चों के मन में आस्था, श्रद्धा और संस्कारों का बीज बोना है। ऐसे देवदर्शन से बच्चों में धार्मिक भावना, आत्मिक शांति और नैतिक मूल्यों की समझ विकसित होती है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है ।

## विद्युत निगम की सवेदनहीनता व लापरवाही की वजह से हादसे की आंशका



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** जिला मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर दूर सिरियासर कलां गांव के सरकारी स्कूल परिसर मुख्य द्वार पर खड़ें पिपल के पेड़ के बीचोबीच गुजर रही हाईटेंशन लाइन ग्यारह हजार अभी भी झुंझुनूं ग्रामीण बिजली विभाग के द्वारा शिफ्ट होने के इंतजार में है या तो विभाग द्वारा अनदेखी होने पर कोई अनहोनी के इंतजार में है। सामाजिक कार्यकर्ता कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान सिरियासर कलां ने बताया कि पिछले कुछ महिनों से गांव के सरकारी स्कूल से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के लिए स्कूल प्रशासन व बिजली विभाग की लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकतीं है। इसके लिए पूर्व में उपखंड अधिकारी मण्डाव को भी अवगत कराया जा चुका है। अतः मिडिया के माध्यम से पुनःमाननीय जिला प्रशासन से निवेदन है कि इस ओर ध्यान दे। ग्रामीण विधालय जानें वालेंअपने बच्चों को लेकर काफी भय उत्पन्न है।पिपल के पेड़ के नजदीक तारबंदी भी बरसात में यहां करंट आ सकता हैं। सामाजिक कार्यकर्ता समसाद खान व सुबेदार राम अवतार लोयल , पूर्व पंच राकेश कुमार चावरिया ,छोटू सहित आज सोमवार को बिजली विभाग के अधिकारियों से पुनःनिवेदन किया लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला जिससें ग्रामीण परेशान व आक्रोशित है ।

# पर्याप्त बरसात, फिर भी गहराया जल संकट महिलाओं ने किया जलदाय विभाग में प्रदर्शन

### नल सूखे, महिलाओं का गुस्सा फूटा

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के वार्ड नंबर 18 में पिछले कई दो महीनो से भीषण पानी की किल्लत को सोमवार को दर्जनों महिलाओं एवं लोग सोमवार की दोपहर अजीतगढ़ के जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया एवं उपस्थित अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई, उसके बाद जलदाय विभाग के अधिकारियों ने जल्दी ही पानी की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया तो महिलाओं ने प्रदर्शन समाप्त कर चेतावनी दी गई की अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जलदाय विभाग कार्यालय में आकार बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विभाग के अधिकारियों की होगी। जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नंबर 18 में पिछले दो महीना से नलो में पानी नहीं आने के कारण सोमवार दोपहर को वार्ड नंबर 18 के बहादुर सिंह, झाबर मल, दिनेश शर्मा,



विनोद कुमार, मीरा देवी सुमन देवी, संतोष देवी समेत दर्जनों महिलाएं एवं लोग जलदाय विभाग कार्यालय में पहुंचे एवं उपस्थित सहायक अभियंता गीता कुमारी, कनिष्ठ अभियंता आशीष खेरवा, मीनू गर्ग का घेराव कर उनको खरी खोटी सुनाई, लोगों की मांग थी कि उनके 40 से 50 नलों मे इसलिए 2 महीने से पानी की एक बूंद भी नहीं आ रही है जिस कारण वे भारी परेशान हो रहे हैं एवं एक-एक पानी के लोटे के लिए तरस रहे हैं उन्होंने आरोप लगाया कि उनको मजबूरी में 450 रुपए देकर पानी का टैंकर मंगा कर प्यास बुझानी पड़ रही है जिस कारण विभाग के अधिकारियों को कई बार इस संबंध में अवगत भी कर दिया गया लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि पूरे अजीतगढ़ में जल जीवन मिशन योजना के तहत नई पाइपलाइन डाल दी लेकिन उनके वार्ड में 70 साल से 2 इंच के सीमेंट की पाइपलाइन ही चल रही है जिस कारण उनकी मांग थी कि उनके वार्ड में जल जीवन मिशन योजना के तहत नई पाइपलाइन डाली जाए एवं पानी की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए जिस कारण जब तक पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं होगा वे दिन-रात यही बेठ कर धरना देगी एवं समस्या का समाधान होने के बाद ही यहां से जाएंगे इस दौरान महिलाओं ने जमकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई उसके बाद सहायक अभियंता गीता कुमारी, कनिष्ठ अभियंता आशीष खेरवा ने उनको बार-बार आश्वासन दिया कि उनके पानी की समस्या का समाधान एक या दो दिन में कर दिया जाएगा साथ ही नई पाइपलाइन डालने के लिए प्रपोजल भेज दिया जाएगा लेकिन उसके बाद भी महिलाए एवं लोग नहीं माने एवं कहा कि पानी की समस्या का समाधान आज ही करना है उसके बाद अधिकारियों ने उनको दोबारा आश्वासन दिया कि एक या दो दिन में उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा एवं उनके नलो में पानी आना शुरू हो जाएगा उसके बाद महिलाएं एवं लोग माने एवं जाते-जाते चेतावनी दे डाली कि अगर एक या दो दिन में समस्या का समाधान नहीं होगा तो वह बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी जलदाय विभाग की होगी। इस संबंध में जलदाय विभाग की सहायक अभियंता गीता कुमारी का कहना है कि इस क्षेत्र के बोरिंग की मोटर खराब होने के कारण यह समस्या हो रही है जिस कारण मोटर की मरम्मत मिस्त्री से कराई जा रही है एक या दो दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## शिक्षा में तारानगर पूरे राजस्थान में सिरमौर, 12 मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रदेश में प्रथम स्थान

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** शिक्षा के क्षेत्र में तारानगर ब्लॉक ने पूरे राजस्थान में इतिहास रचते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में घोषित राज्य स्तरीय रैंकिंग में तारानगर ने 12 महत्वपूर्ण मानकों पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की है यह उपलब्धि शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, दानदाताओं भामाशाहो, एसएमसी एसडीएमसी सदस्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के संयुक्त प्रयासो का परिणाम है। सीबीईओ शर्मा ने कहा कि तारानगर की यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि ने पूरे राजस्थान में ब्लॉक का नाम गौरवान्वित किया है। तारानगर राजस्थान में प्रथम आने आने पर शिक्षा विभाग के स्टाफ ने सीबीईओ बबलेश शर्मा का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मोके पर एसीबीईओ भागचंद सोलंकी, रामनिवास धेतरवाल, विश्वनाथ भाटी,मंजु गोठवाल, राजबाला चौधरी, ,शिवकुमार सहारण, विनिता शर्मा, कैलाश कुमार शर्मा, रमेश, योगेश, भागुराम, श्रवण चारण, राकेश खीचड़, पवन कुमार, समुन्द्र सिंह, गुलाब सिंह, कमल, नरेश, सुल्तानसिँह, शालिनी, रविन्द्र प्रताप, तुलसीराम सहित शिक्षा विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस पर हुई काव्यगोष्ठी में साहित्यकारों ने जमाया रंग




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** स्थानीय नगर श्री सभागार में हिन्दी दिवस पर हिंदी साहित्य संसद चूरू की ओर से साहित्यकार सम्मान समारोह एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय व बाहरी कवियों ने देर रात तक खूब रंग जमाया। शिक्षाविद् बाबूलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार अजय थे। इस अवसर पर साहित्यकार जय कुमार रुसवा कोलकाता को रामादेवी-भागीरथ प्रसाद मरदा स्मृति कोष 2025 से व राजेन्द्र स्वर्णकार बीकानेर को जनकवि प्रदीप शर्मा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप कवियों को श्रीफल, शॉल, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, पदक व 11000 रुपए प्रदान किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में हुई काव्यगोष्ठी में कवि सुनील खेड़ीवाल, ओम भगताणी, इमरान अहमद, अनिल रजनी कुमार, मंगल भारती, महेश सैनी, विजय कान्त, अब्दुल मन्नान, इदरीस खत्री राज, बिसाऊ के प्रमोद सिंगाठिया शरबत, सीकर के गणेश शर्मा, पवन कुमार उत्साही, महावीर प्रसाद शर्मा, शौकीन, रामचंद्र शर्मा, ओमप्रकाश खींखी दिल सीकरी आदि ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। वहीं मुख्य अतिथि कुमार अजय, बनवारी लाल खामोश व सम्मानित हुए कवि जयकुमार रुसवा व राजेन्द्र स्वर्णकार ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में बाबूलाल शर्मा ने सम्मानित साहित्यकारों और आयोजकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई देते हुये सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनंत राम सोनी, मदन लाल चोटिया, मंगतूराम चोटिया, पुरूषोत्तम नरड़िया, परमेष्वर जालुका, सुल्तान सिंह कस्वां, विजय कुमार नवहाल, हरीश झकनाडिया, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, रवीन्द्र माटोलिया, बालकिशन तिवाड़ी, प्रदीप सरोठिया, राजकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमल सिंह कोठारी ने किया।

## ईलाज के दौरान महिला की मौत

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गोपालपुरा रोड़ पर सड़क हादसे मे घायल महिला की जयपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। रविवार दिन मे गोपालपुरा रोड पर हुए सड़क हादसे मे गंभीर घायल महिला पाना देवी पत्नी भागीरथ जाट उम्र 45 वर्ष निवासी सुजानगढ़ की रविवार रात को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में मृत्यु हो गयी। परिजनों की रिपोर्ट पर सोमवार दिन मे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम क़र शव परिजनों को सौंप दिया।

## लाहोरा प्रदेशाध्यक्ष बने




**मण्डावा(निसं.)।** अखिल भरतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन - 7262 राजस्थान प्रदेश शाखा के अध्यक्ष पद पर मण्डावा निवासी कैलाश किशन लाहोरा को चुना गया है । महाराष्ट्र के पूना में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजस्थान सहित पांच राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष पद पर लाहोरा के नाम पर मुहर लगी है । लाहोरा के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्दभाई परमार का आभार व्यक्त किया है तथा लाहोरा को बधाई प्रेषित की है । इसके अलावा उदयपुर सिटी के मदनलाल खोखर, चितौड़गढ़ के विजय चौहाण, आरडी चनाल- भीलवाड़ा, सुरेश घुसर शाहपुर, रमेश ढेण्डवाल पिलानी, गोपाल मनन चावरिया - जयपुर , अनिल लाहोरा भरतपुर, सहित प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने लाहोरा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष परमार के प्रति आभार जताया है ।

## एयू बैंक के सौजन्य से बनो चैंपियन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** लुमास स्टेडियम के ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और बच्चों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लुमास के स्टेडियम में 20 एवं 21 सितम्बर को खेल कूद का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ये आयोजन पूरी तरह से निशुल्क रहेगा।जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे और आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त करेंगे। आसपास के सभी ग्रामवासी अपने बच्चों को अधिक से अधिक सख्या में खेलकूद के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भेजे। खेल कोच प्रभारी कुलदीप सिंह भोजासर एवं समस्त ग्रामीणों ने बताया कि इस गेम्स में बचौकी भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्र की नई ऊर्जा प्रतिभा सामने आएगी।

## मंगलचंद ने दिया ईमानदारी का परिचय

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** यातायात पुलिस में कार्यरत कांस्टेबल मंगलचंद को खत्री होटल के पास पर्स मिला, जिसमें 24 सौ रूपए नगद, आधार कार्ड, लाईसेंस व अन्य दस्तावेज थे। मंगलचंद ने बताया कि इस पर पर्स के मालिक नवाब अली, जो पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास रहने वाले हैं, से सम्पर्क करके उनको बुलाया गया। यातायात पुलिस में कार्यरत मुकेश कुमार, मंगलचंद, जयचंद आदि ने नवाब अली को उसका पर्स वापस रूपयों और दस्तावेजों के साथ सुरक्षित लौटा दिया। मंगलचंद के कार्य की नवाब अली ने सराहना की।

## पर्यावरण बचेगा तो ही मानव बचेगा -व्यास




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** पर्यावरण संरक्षण करने के लिए शहर के सामाजिक कार्यकर्ता और समस्या समाधान केंद्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास की पहल धीरे-धीरे रंग ला रही है, व्यास जी ने चूरू के अनेकों स्थान पर वृक्षारोपण कर युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है।इसी क्रम में चूरू के गढ़ परिसर स्थित सैटेलाइट अस्पताल में व्यास वाटिका का भव्य उद्घाटन हुआ .प्रमोद शर्मा ने बताया कि व्यास जी ने अपने निजी खर्च से 20 से अधिक बहुत ही अच्छी किस्म के फुलवारी पौधे लगाए। पौधे लगाते समय उपस्थित स्थानीय लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली गई. इस अवसर पर डॉ ओमप्रकाश धानिया ने कहा कि वृक्षारोपण करना हम सब का नैतिक दायित्व है, ओजोन परत का लगातार नुकसान हो रहा है जिसके कारण धरातल का तापमान प्रतिवर्ष 2 डिग्री सेल्सियस दर से बढ़ रहा है. अगर इसी दर से तापमान बढ़ता रहा तो ग्लेशियर पिघल कर महासागरों का जल स्तर बढ़ेगा और स्थल का विनाश होगा. इस अवसर पर प्रेमचंद बगडिया, कमल चोटिया, डॉ मूमल चौधरी, डॉ गौरव सिंह, डॉ मनाली, डॉ मनोज, नर्सिंग अधिकारी सदाम हुसैन, योगिता चौधरी, सुनीता, बालकिशन, मुकेश आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन चूरू एकता मंच के विनोद राठी ने किया।

## आठ दिवसीय ओपन रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर से

### प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आयोजित की गई मीटिंग

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** भामाशाह स्वर्गीय मंगलचंद मीणा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर कस्बे के खेल मैदान पर आठ दिवसीय ओपन रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर से शुरू होगा जिस कारण सोमवार को पार्षद मनीष मीणा की अध्यक्षता में प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को 200000 एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता को 100000 एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। अजीतगढ़ प्रीमियर लीग 2025 के अध्यक्ष पार्षद मनीष मीणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दिल्ली, मुंबई, जयपुर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत राज्य के कई जिलों की 32 टीमे भाग लेंगे साथ ही यह प्रतियोगिता रात्रि कालीन है जिस कारण दूधिया प्रकाश में इस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मीणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 सितंबर की शाम 6 बजे किया जाएगा, प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सोमवार को कार्यकर्ताओं की एक अहम मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें इस प्रतियोगिता के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी की दी गई एवं मीटिंग में कहा गया कि जिन कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी के अनुसार ही कार्यकर्ता अपना काम करेंगे। मीणा ने बताया कि खेल मैदान की सफाई का कार्य मंगलवार से शुरू कराया जाएगा साथ ही ग्राउंड में दूधिया प्रकाश के लिए लाइटों का इंतजाम भी करना शुरू कर दिया है। पार्षद मनीष मीणा ने बताया कि ओपन रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रिम एंट्री फीस जमा करानी होगी साथ ही अंपायर बाहर से बुलाए जाएंगे उनका फैसला ही सर्वमान्य होगा। मीणा ने बताया कि एक खिलाड़ी एक ही टीम में खेल सकेगा साथ ही सारे मैच 8, 8 ओवरों के होंगे एवं टेनिस बॉल उपयोग में ली जाएगी। मीणा ने बताया कि एक ओवर में 6छक्के लगाने वाले खिलाड़ी, हैट्रिक वाले खिलाड़ी एवं शतक लगाने वाले खिलाड़ी को अलग-अलग 1100,1100 नगद पुरस्कार दिया जाएगा व मैन ऑफ द सीरीज को 11000 व ट्रॉफी, बेस्ट खिलाड़ी व बोलर को 5100,5100 रूपयो का पुरस्कार दिया जाएगा साथ ही प्रतियोगिता की विजेता टीम को200000 एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 100000 एवं ट्रॉफी वितरित की जाएगी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम की एंट्री की अंतिम तीथी 16 सितंबर है।